हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 02.07.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 338 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये


# Sarala Birla University

SARALA BIRLA UNIVERSITY




Supported By

B K BIRLA GROUP OF COMPANIES

ADITYA BIRLA GROUP

## APPLY NOW

Admissions Open 25 - 26

University of Minnesota | University of Vermont | Berkeley University of California | & 20+ National MoUs

## CREATING GLOBAL LEADERS

*For Social & Economic Change...!*

## Programs Offered

- **ENGINEERING & COMPUTER SCIENCE**
  Diploma • B.Tech • M.Tech
  Specialization - CSE • ME • CE • EEE • ECE • Electronics & Computer Engineering
  BCA • MCA
- **BUSINESS MANAGEMENT**
  BBA • BBA in Stock broking & Portfolio Management
  MBA
- **HUMANITIES AND LINGUISTICS**
  BA • MA
  Specialization - English • Sanskrit
- **COMMERCE**
  B.com
  Specialization- Accounts • E- Commerce • Taxation
  M.com
- **LEGAL STUDIES**
  BA LLB • BBA LLB • B.Com LLB • LLB • LLM
- **JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION**
  BA • MA
- **YOGIC SCIENCE AND NATUROPATHY**
  Diploma • B.Sc • M. Sc
- **APPLIED SCIENCES**
  B.Sc Mathematics • M. Sc Data Science
- **SOCIAL SCIENCES**
  BA • MA
  Specialization - Economics
- **ART, CULTURE & SPORTS**
  BA • MA
  Specialization - Music • Dance • Drama • Fine Arts
- **PHARMACY**
  D.Pharma • B.Pharma
- **NURSING, CLINICAL TECHNOLOGY & PUBLIC HEALTH** ANM • GNM • B.Sc. Nursing

## Admission Helpline

**1800 890 6077**

5000+ Students | 65+ Programs | In Campus Hostel For Boys & Girls | Upto 50% Scholarship Under Merit/Sports Quota

60 Acres World Class Infrastructure | 100% Placement Support | 50+ Skill Enhancement Certificates | 100+ Companies visited for Placement

SARALA BIRLA UNIVERSITY

Birla Knowledge City, PO. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand, India - 835103

1800 890 6077 / +91 95251 10001

admissions@sbu.ac.in

https://sbu.ac.in

Scan Here to Register

# जनता दरबार का हुआ आयोजन, एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने लगाया गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर लगभग एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में पेंशन, आवास, विद्युत समस्या, दाखिल खारिज, अवैध भूमि कब्जा, भूमि विवाद, ऑन लाईन रसीद, भमि अतिक्रमण, रास्त पर जलजमाव जैसी शिकायतें शामिल रहीं। पदमा



प्रखण्ड के सुरजपुरा टोंगरी मुहल्ला वासियों ने क्षेत्र के ट्रांस्फरमर जल जाने से आमजनों को हो रही विद्युत की समस्या से उपायुक्त को अवगत कराते हुए उसके समाधान की मांग की। उपायुक्त ने विद्युत विभाग के आवेदन प्रेषित करते हुए इसके त्वरित समाधान का निर्देश दिया। वहीं कटकमसांडी हेदलाग के ईश्वर रविदास ने पेंशन राशि नहीं मिलने से हो रही समस्या से अवगत कराते हुए राशि निर्गत करने की गुहार लगाई। उपायुक्त ने तत्काल जांचोपरात उचित कार्रवाई करने का निर्देश सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा को दिया। इस क्रम में कोर्रा निवासी मेबल मसीह खलखो ने जमीन पर अवैध कब्जा तथा भवन निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने जांचोपरांत उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही बरही हरिला निवासी बदरी मिर्घा ने दूसरे पक्ष जबरन उनकी भूमि पर कब्जा करने एवं मना करने पर मार पीट तथा गाली गलौच करने की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई। उपायुक्त ने त्वरित रूप से जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारी का दिया। वहीं चौपारण रामपुर के ग्रामीणों में क्षेत्र की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी दी। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। कोर्रा के चितरंजन प्रसाद गुप्ता ने रास्त काटे जाने पर जल जमाव की स्थिति होने से राहगीरों को हो रही परेशानियों के बताया जानकारी देते हुए समाधान के मांग की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को प्रेषित करते हुए समस्या के समाधान का निर्देश दिया। मलवीय मार्ग निवासी दीनानाथ सहाय ने दूसरे पक्ष द्वारा खास महल की जमीन पर जबरन अवैध कब्जा करने की जानकारी देते हुए उचित कार्रवाई का मांग की। जिस पर उपायुक्त ने जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### हजारीबाग में पांच जुलाई तक चलेगा शराब की दुकानों का भौतिक सत्यापन

**हजारीबाग :** हजारीबाग में खुदरा शराब की दुकानों के हस्तांतरण का काम पांच दिनों में पूरा किया जायेगा। हस्तांतरण का काम एक जुलाई से पांच जुलाई तक चलेगा। इस अवधि में उन खुदरा दुकानों से शराब की बिक्री नहीं होगी, जिसमें हस्तांतरण की प्रक्रिया चल रही होगी। हालांकि उन दुकानों से शराब की बिक्री होगी, जिन दुकानों में हस्तांतरण की प्रक्रिया नहीं शुरू हुई हो। इससे संबंधित जानकारी उत्पाद विभाग ने दी। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की ओर से कहा गया है कि खुदरा उत्पाद दुकानों के हैंडओवर टेकओवर के प्रारम्भ होने के पश्चात तथा हैंडओवर टेकओवर पूर्ण होने तक उन दुकानों से मदिरा की बिक्री बन्द रहेगी । विभाग ने अपने आदेश में निम्न बिंदुओं का जिक्र किया है। दिनांक-01.07.2025 से प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों का जेएसबीसीएल को हैंडओवर टेकओवर प्राप्त करने के क्रम मे भौतिक सत्यापन एवं बिक्री बनाम जमाकी राशि का सत्यापन किया जाना है ।

### बैहरी में कलश शोभायात्रा निकाली गई, उमड़ी भीड़

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर प्रखंड स्थित बैहरी गांव के बैहरी हेठ टोला में शिव मंदिर में कलश बैठाया जा रहा है उसके लिए सबसे पहले आचार्य रोशन पांडे के द्वारा गुल्ली हूली शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें कलश शोभायात्रा शिव मंदिर से डमर चौक , लालपुर चौक , बैहरी सखिया शिवांगना शिव मंदिर मेला परिसर बैहरी चानो होते हुवे कलश शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ सभी श्रद्धालु गण झूमते हुए पुनः शिव मंदिर में आई और चारों धाम में पूजा अर्चना हुई और कलश शिव मंदिर में स्थापना की गई नवरंग सेवा संघ के द्वारा शरबत का वितरण किया गया इस कलश शोभायात्रा में मुख्य रूप से नव रंग सेवा संघ एवं समस्त ग्रामीण पुरुष महिलाएं शामिल हुए । मौके पर पूरन महतो, पोखन महतो, चंद्रिका महतो डब्लू राणा, भारतीय एकता सेवा संघ के अध्यक्ष सिटी गोप, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार राणा एवं काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण श्रद्धालु गण शामिल हुए।

### डॉक्टर्स डे पर रोटरी क्लब जागृति ने लगाया रक्तदान शिविर

हजारीबाग : मंगलवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब जागृति ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से मासीपीढ़ी स्थित रोहिणी देवी नेत्रालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया । शिविर का उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन ,रोटरी क्लब की प्रेसिडेंट सुरेश प्रसाद, कर्नल विनय कुमार ,सरोज कुमार ,मंदिरा गुप्ता,संगीता प्रसाद, रीता लाल, दिलीप कुमार गुप्ता ,दिनेश चंद्र अग्रवाल ,प्रमोद कुमार सिंह और सुबोध कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर का शुभारंभ मनजीत कुमार ठाकुर ने रक्तदान करके किया तत्पश्चात राहुल कुमार- अर्चना कुमारी, सोनू कुमार, चंदन कुमार, अमन कुमार और सुभाष कुमार कुशवाहा आदि अनेक रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया।

## केनरा बैंक ने मनाया 120वीं में स्थापना दिवस, दर्जनों नए खाताधारी बने



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव केनरा बैंक शाखा ने 120 में स्थापना दिवस मनाया । बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे ने संस्थापक एम्मेबल सुब्बाराव पई की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान केंनरा विद्या ज्योति के अंतर्गत स्कॉलरशिप के लिए एसटी,एससी गरीब मेधावी छात्राओं का खाता खोला गया तथा इन्हें जलपान कराया गया । बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे ने बताया कि केनरा बैंक की स्थापना 1 जुलाई 1906 ईस्वी में हुवा था। पूरे देश में 9800 से अधिक शाखाएं संचालित हैं, यह बैंक राष्ट्रीयकृत अग्रणी बैंकों में शामिल है, 12 करोड़ खाताधारी हैं। मौके पर अधिकारी समीर कुमार चौधरी, मृत्युंजय कुमार, मकान मालिक राजकिशोर प्रसाद, कमलेश श्रीवास्तव, सहेस कुमार, सदाब्रिज कुजूर, मनोज कुमार राणा, मोहम्मद सद्दाम नीलेश्वर गंझु, सुरेंद्र भुईंया, मोहन कुमार, राजू राम के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## चौपारण में एसीबी ने डॉक्टर को घुस लेते किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** डॉक्टर डे के दिन चिकित्सक को जाना पड़ा जेल। प्रखंड के दादपुर गांव निवासी उज्जवल कुमार सिन्हा ने डॉक्टर सतीश कुमार सिंह के खिलाफ एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। उज्जवल कुमार सिन्हा एक ममता वाहन के मालिक हैं, उनके द्वारा दी गयी शिकायत के मुताबिक, उज्जवल कुमार का ममता वाहन से संबंधित 7 महीनों के बिल का भुगतान बकाया था। जिसकी राशि करीब 25,000 रुपये थी, इन बिलों पर सिग्नेचर करने के लिए डॉक्टर सतीश कुमार सिंह ने 5000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इस बात की जानकारी उज्जवल ने सीधे एंटी करप्शन ब्यूरो को दी। इस शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डॉ. सतीश कुमार सिंह को 3000 रुपया घूस लेते हुए रंगेहाथों धर दबोचा। चिकित्सक की गिरफ्तारी के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया है और उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डॉ. सतीश की गिरफ्तारी की पुष्टि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक आरिफ इकराम ने की है। इस मामले में अब आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद चौपारण सीएचसी समेत पूरे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। विभागीय कर्मचारियों के बीच एसीबी की सक्रियता को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।



## मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन सांसद प्रतिनिधि उमेश दांगी ने किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों ने शांतिपूर्ण भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की अपील किए। समाजसेवियों ने पुलिस - प्रशासन से महुदी विवाद को सुलझाने की बात कहा। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने त्योहार मनाने का गाइडलाइन बताते हुए कहा कि साउंड लिमिट सीमा में ही बजाए अन्यथा कार्रवाई होगी। आगे उन्होंने कहा कि आपका जो लाइसेंस रूट चार्ट है उसी का अनुसरण करें, कोई नया रूट चार्ट ना अपनाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले लोगों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इसलिए लोग सोशल मीडिया का दुरुपयोग ना करें। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि आपसी समरसता के साथ महुदी विवाद को सुलझाएं व एक दूसरे के पर्व- त्यौहार में सहयोग करें और शांति दूत बनने का काम करें। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, राकेश ख्वास, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया मो तकरीमुल्लाह, दीपक दास, बासदेव यादव, राजदेव महतो, बीगल चौधरी, पसंस उपेंद्र कु प्रसाद, रंजीत चौबे, कोशिला कुमारी, हाजी तबस्सुम, मो मोकेतुल्लाह, मो साबीर, मो अलाउद्दीन अंसारी, सोनू इराकी, मजहर मालिक के अलावा दर्जन वालों की उपस्थित थे।

## बड़कागांव में जंगली हाथी रोज मचा रहे है तबाही, ग्रामीण भयभीत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के कई गांव में 25 की संख्या झुंड हाथियों ने जोराकाठ गाली बलोदर ,राउतपारा गांव में जमकर तबाही मचाई है पिछले 6 से 7 दिनों के अंदर तकरीबन 55 लोगों की मकान को हाथियों ने काफी नुकसान पहुंचाया है। इतना ही नहीं हाथी अब तक लगभग 125 किसानों के खेतों में लगी फसलों को भी बुरी तरह से बर्बाद कर दिया है। बीती रात सोमवार को हाथियों का झुंड नापो बरबनिया गांव में भी फसलों को बर्बाद किया है। यहां के बाद हाथी दो गुट में बट गए आधे हाथी इसको धमनदाहा और आधे हाथी लुरूँगा के जंगलों में पहुंच गए, 7 -8 घंटा बिछड़ने के बाद दोनों गुट हाथी पुनःएक साथ हो लिए और रावतपारा जंगल में भ्रमण कर रहे हैं। ज्ञात हो की हाथी के दो नवजात बच्चे है तेजी से चल पाने में असमर्थ है जिसके



कारण हाथी भोजन के लिए आसपास के गांव में पहुंच जा रहे हैं और घरों को निशाना बना रहे हैं। हाथी वैसे घरों को अधिक निशाना बना रहे हैं जिनके घरों में महुआ, खुले में अनाज हो या महुआ की शराब बनता हो। हाथियों के प्रखंड के जंगलों में भ्रमणशील होने के कारण ग्रामीण काफी भयभीत हैं रतजगा कर अपने घरों को बचाने के लिए प्रयासरत हैं। हालांकि हाथी को बड़कागांव वन क्षेत्र से बाहर भेजने के लिए वन विभाग के कर्मियों के द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है ,परंतु हाथी भगाने का नाम नहीं ले रहा है।

## अभाविप का सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग जिला इकाई की ओर से मंगलवार को जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में प्रदेश सह मंत्री रोहित पांडे उपस्थित रहे । प्रदेश सह मंत्री ने कहा कि यह संगठन का सबसे बड़ा पर्व है जिसमें सभी कार्यकर्ता बढ़ चढ़ का शामिल होगें। विभाग संयोजक बाबूलाल मेहता ने कहा कि इस बार पूरे जिले के सभी प्रखंडों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा । सदस्यता अभियान के माध्यम से अपने सदस्यों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया



जायेगा। विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौर की उपस्थिति में पूरे जिले की सदस्यता अभियान की रूपरेखा तैयार की गयी। जिसे संयोजक रूद्र राज ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की आगामी 15 जुलाई से 30 अगस्त तक जिले में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें 20000 हजार से अधिक विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद से जोड़ा जाएगा। सदस्यता अभियान के निमित्त कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप गई है। जो इस प्रकार है जिला सदस्यता प्रभारी रूद्र राज सह प्रभारी शुभम कुमार, यशवंत कुमार नगर सदस्यता प्रभारी साहिल सिंह सह प्रभारी साक्षी सिन्हा विभिन्न कॉलेजों के प्रभारी भी नियुक्त किए जिसमें मार्खम कॉलेज के विवेक यादव, संत कोलंबा के पवन कुमार और निशु कुमारी, आनंदा कॉलेज के कृष कुमार और राहुल कुमार, के बी महिला कॉलेज साक्षी कुमारी, मानसी प्रिया विनोबा विश्वविद्यालय के केशव राज और संतोष कुमार लॉ कॉलेज के मोंटी मंडल एवं अनीश कुमार। प्रखंडों के भी प्रभारी बनाए गए कटकमदाग के प्रभात कुमार, दारू के पीयूष कुमार और अन्य प्रभारी बनाए गाएं। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ता प्रदेश मंत्री रोहित पांडे, विभाग संयोजक बाबूलाल मेहता, सह संयोजक उज्जवल साहू, विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौर, जिला संयोजक रूद्र राज प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साक्षी सिन्हा, निशांत अग्रवाल, नगर मंत्री यशवंत कुमार सह मंत्री साहिल सिंह, राजकुमार, प्रभात कुमार, पीयूष कुमार, केशव राज,संतोष सिंह, मोंटी मंडल, कुणाल सिंह राजपूत, पवन कुमार, सुजीत कुमार अनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आजाद जागृति छात्र संघ ने धार्मिक स्थानों पर चलाया सफाई अभियान



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत झारखंड सरकार से निबंधित संस्था - एजेसीएस ने पारंपरिक त्योहार आषाढी पूजा से पूर्व शिवाडीह गांव में स्वच्छता अभियान के तहत धार्मिक स्थान देवी मंडप प्रांगण, महावीर मंदिर प्रांगण ,शिव मंदिर प्रांगण ,सहित गांव के कुछ अन्य स्थानों को साफ सफाई किया। सफाई के दौरान दो ट्रैक्टर कचरा निकाल कर साफ किया गया ताकि लोगों को सांप बिच्छू मच्छर बीमारी इत्यादि से नुकसान ना हो तथा वातावरण साफ एवं सुंदर बना रहे। संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों द्वारा आम लोगों से अपील किया गया कि अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखते हुए स्वच्छता बनाए रखें, ताकि वातावरण साफ एवं सुंदर रहे लोग बीमार न पड़े। सफाई अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजाद जागृति छात्र संघ के अध्यक्ष भादेश्वर प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष श्रवण सोनी,सचिव विनोद प्रसाद, उपसचिव शिबू सोनी, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, सदस्य भुगेश्वर प्रसाद दांगी, कुंज बिहारी कुमार, दीनानाथ प्रसाद, अनुज कुमार, अभिषेक कुमार, संजीवन कुमार, रिझेश्वर प्रसाद, संजय राणा, उदेश्वर प्रसाद, जितेंद्र कुमार, नंदलाल प्रसाद, एवं गंगाधर प्रसाद, ग्रामीण- गुलाबी प्रसाद दांगी, दिलीप कुमार, विनोद महतो अरविंद राणा यादि लोगों ने श्रमदान कर सफाई अभियान को योगदान दिया। मौके पर उपस्थित ग्राम अध्यक्ष खिरोधर कुमार के द्वारा सफाई निरीक्षण किया गया।

### झामुमो नेता संजीव बेदिया ने डीएफओ के हाथों 35 लोगों को टॉर्च दिलवाया



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र गोंदलपुरा पंचायत में हाथियों के द्वारा भारी उत्पाद मचाई जा रही है। जिसके कारण हाथियों के द्वारा लोगों के घरों को क्षतिग्रस्त, फसलों को नुकसान हो रहा है। हमेशा जान माल की आशंका की खतरा भी ग्रामीणों को भयभीत कर रहा है। जिसे लेकर हजारीबाग जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदीया के नेतृत्व में गोंदलपुरा पंचायत के 35 ग्रामीणों को हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश के हाथों द्वारा बड़ी लेजर टॉर्च का वितरण किया गया। ताकि ग्रामीणों को रात में दूर से ही सब कुछ नजर आ सके। इस दौरान संजीव बेदीया ने वन विभाग से पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग की। मौके पर पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजीव बेदीया, बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह, गिरजा भुइयाँ, गुड़िया देवी, बनेश्वर गंझू, अजीत राम, सुतीर गंझु पूनम देवी, सुमन देवी , मो गुजरी, सरोदे देवी ,बसंती देवी, किरण देवी, रेशमा देवी,संध्या देवी, बचाने देवी, सोनी देवी, दीपक भुईयां कुंती देवी, मीना देवी अन्य उपस्थित थे।

### शिवाडीह शमशान घाट शेड धंसकर नदी में बह गया

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत अंतर्गत बहुचर्चित शिवाडीह कुशवाहा खेल मैदान के समीप शमशान घाट का निर्माण किया गया था।शमशान घाट शेड आखिरकार पूरी तरह धंस कर नदी की तेज धारा में बहकर समा गया। मामले को लेकर विक्की प्रसाद मेहता ने बताया कि विधायक मद से 2024 में 2 लाख प्रकल्लित राशि की लागत से समाज के लोगों के द्वारा चयनित स्थान पर शमशान घाट शेड का निर्माण करवाया गया था। वहीं जनता जागृति विकास केंद्र शिवाडीह के अध्यक्ष अजय नारायण प्रसाद ने कहा कि शिवाडीह कुशवाहा फुटबॉल ग्राउंड का अस्तित्व खतरे में है। प्रखंड का यही एक मात्र सबसे बहु चर्चित फुटबॉल मैदान है,जहां प्रखंड स्तरीय खेल का आयोजन किया जाता है। इसी खेल मैदान में पूर्व में नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का भी आयोजन हुआ था। इस ग्राउंड में डे नाइट खेल आयोजन के लेकर के बड़े-बड़े गगन चुंबी लाईट भी लगाई गई है।नदी के पानी की तेज बहाव के कारण फुटबॉल ग्राउंड की जमीन की मिट्टी तेजी से कटाव हो रहा है। लगभग 150 से 200 फीट चौड़ी मिट्टी नदी की पानी का तेज बहाव के कारण कटकर नदी में समा गया।

### सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान और श्रीराम मंदिर के किए दर्शन



**हजारीबाग :** लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संचालित सांसद तीर्थ दर्शन के प्रथम चरण की तीर्थयात्रा अपने दूसरे दिन अयोध्या नगरी में भावविभोर कर देने वाले अनुभवों के साथ आगे बढ़ी। कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत खपरियावां एवं नवादा पंचायत के खपरियावां, नवादा और बनहा गांव से शामिल 180 श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी के निर्मल जल में आस्था की डुबकी लगाई और उसके पश्चात भव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन कर आत्मिक आनंद की अनुभूति की। यह पल श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावुक, अलौकिक और जीवन का अविस्मरणीय अध्याय बन गया श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करते हुए उनके श्रीचरणों में मत्था टेका और अपने साथ-साथ सांसद मनीष जायसवाल के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और सतत जनसेवा के लिए प्रार्थना की। वहीं दूसरी ओर सांसद मनीष जायसवाल ने वीडियो कॉल के माध्यम से तीर्थयात्रियों से संवाद किया। सभी श्रद्धालु अत्यंत भावुक हो उठे और एक स्वर में उनका आभार प्रकट करते हुए कहा की सांसद जी, आपने हमें रामलला के दर्शन का जो सौभाग्य दिया है, वह जीवनभर नहीं भूल सकते। हम सबने प्रभु श्रीराम से आपके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन की कामना की है। सांसद ने तीर्थयात्रियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कहा की तीर्थयात्रियों की संतुष्टि, आनंद और उनके द्वारा प्राप्त आशीर्वाद मेरे लिए सबसे बड़ा पूंजी है। यह यात्रा केवल तीर्थ नहीं, आत्मा से परमात्मा तक का संगम है। यात्रा के अगले चरण में बुधवार को श्रद्धालु प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाएंगे, जहाँ गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम आस्था का प्रतीक है। इसके उपरांत गुरुवार को विंध्याचल शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना कर सभी श्रद्धालु हजारीबाग की पावन धरती के लिए प्रस्थान करेंगे।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 02.07.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 338 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## कैबिनेट : केंद्र ने दी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी, दो साल में 3.5 करोड़ रोजगार सृजन का लक्ष्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने रोजगार सृजन, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना' को मंजूरी दी है। योजना का विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसके अंतर्गत नियोक्ताओं और पहली बार नौकरी करने वालों को वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी पत्रकार वार्ता में दी।

योजना का लक्ष्य अगले दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इसके लिए 99,446 करोड़ का प्रावधान किया गया है। योजना से जुड़ा लाभ 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर मिलेगा। पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को एक महीने के ईपीएफ वेतन के बराबर अधिकतम 15,000 रुपये दो किस्तों में प्रोत्साहन के तौर पर दिए जाएंगे। पहली किस्त छह महीने की सेवा के बाद और दूसरी किस्त बारह महीने की सेवा के बाद दी जाएगी। योजना से लगभग 1.92 करोड़ पहली बार नौकरी करने वाले लाभान्वित होंगे।

वहीं नियोक्ताओं को उन कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन मिलेगा जिनकी मासिक वेतन 1 लाख रुपये तक है। प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए (कम से कम छह महीने तक कार्यरत) दो वर्षों तक प्रति माह 3 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। विनिर्माण क्षेत्र में यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी जारी रहेगा।

### राष्ट्रीय खेल नीति-2025 को मंजूरी, भारत को खेल महाशक्ति बनाना लक्ष्य

केंद्र सरकार नई राष्ट्रीय खेल नीति 2025 (एनएसपी-2025) लाई है जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाना है। एनएसपी-2025 वर्ष 2001 की राष्ट्रीय खेल नीति का स्थान लेगी। इसका लक्ष्य नागरिकों को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना और भारत को 2036 ओलंपिक सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन और आयोजन के लिए तैयार करना है। सरकार का कहना है कि नीति व्यापक परामर्श के बाद तैयार की गई है, जिसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, नीति आयोग, खेल संघ, खिलाड़ी और विशेषज्ञ शामिल रहे। नीति पांच



प्रमुख स्तंभों पर आधारित है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल नीति-2025 के सफल क्रियान्वयन के लिए एक ठोस रणनीतिक ढांचा तैयार किया गया है। इसमें सशक्त खेल प्रशासन के तहत खेलों के लिए मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा विकसित करने की योजना है। निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए पीपीपी मॉडल और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से वित्तीय सहयोग और समर्थन प्राप्त किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि तकनीकी नवाचार जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और अनुसंधान के जरिए खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन और योजनाओं की निगरानी की जाएगी। नीति में एक राष्ट्रीय निगरानी ढांचा भी प्रस्तावित है, जिसमें स्पष्ट प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई), लक्ष्य और समयबद्ध योजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इस नीति के अनुरूप अपनी राज्य स्तरीय खेल नीतियां बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। खेलों के समग्र विकास के लिए एक समेकित सरकारी दृष्टिकोण अपनाया जाएगा, जिसमें सभी मंत्रालयों और विभागों की योजनाओं में खेलों का एकीकृत समावेश सुनिश्चित किया जाएगा।

राष्ट्रीय खेल नीति 2025 पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित है- वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता, आर्थिक विकास, सामाजिक समावेशन, जनभागीदारी और शिक्षा से एकीकरण। इसका उद्देश्य ग्रामीण से शहरी स्तर तक खेलों का विकास, खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, खेलों को उद्योग से जोड़ना, पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और फिटनेस अभियान से जनआंदोलन खड़ा करना है। नीति में स्कूल शिक्षा में खेल समावेश, शिक्षकों का प्रशिक्षण और दोहरी करियर योजनाएं शामिल हैं। सफल क्रियान्वयन के लिए सशक्त प्रशासन, निजी भागीदारी, तकनीकी नवाचार, निगरानी तंत्र, राज्यों के लिए मॉडल नीति और सभी विभागों में खेलों का समावेश सुनिश्चित किया गया है।

### एनएच-87 के परमकुड़ी-रामनाथपुरम तक का खंड बनेगा चार लेन, मिली मंजूरी

तमिलनाडु में एनएच-87 के परमकुड़ी से रामनाथपुरम तक के खंड को चार लेन का किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने इसे मंजूरी प्रदान कर दी है। इस परियोजना से क्षेत्रीय संपर्क, पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। निर्माण क्षेत्र की कुल लंबाई 46.7 किलोमीटर है और अनुमानित लागत 1,853 करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने इस संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। परियोजना का उद्देश्य दक्षिणी तमिलनाडु के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक केंद्रों के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत दो प्रमुख रेलवे स्टेशन (मदुरै और रामेश्वरम), एक हवाई अड्डा (मदुरै) और दो छोटे बंदरगाह (पंबन और रामेश्वरम) को सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। इससे यात्रियों और माल की तेज आवाजाही संभव हो सकेगी।

वैष्णव ने कहा कि परियोजना क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति देगी और प्रमुख धार्मिक एवं आर्थिक केंद्रों के बीच संपर्क को सुदृढ़ बनाएगी।

---

**एक नजर**

### जीएसटी में एतिहासिक सुधार, भारत के आर्थिक परिदृश्य को दिया नया आकार : मोदी

**नयी दिल्ली :** वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) की आठवीं सालगिरह पर प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अप्रत्यक्ष कर शासन एक एतिहासिक सुधार के रूप में खड़ा है, जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को फिर से आकार दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, अनुपालन बोझ को कम करके इसने विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए व्यापार करने में आसानी में बहुत सुधार किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, जीएसटी को लागू हुए आठ साल हो गए हैं। यह एक ऐतिहासिक सुधार के रूप में सामने आया है, जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। अनुपालन बोझ को कम करके, इसने विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए व्यापार करने में आसानी में बहुत सुधार किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी ने आर्थिक विकास के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में भी काम किया है। इसके साथ ही भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सच्चे सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

---

## हिमाचल में भारी बारिश से तबाही, चार की मौत, 16 लापता, छह जिलों में बाढ़ का अलर्ट

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर कहर बरपाया है। बीते 24 घंटों में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं ने राज्य के कई क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, शिमला, सिरमौर और सोलन जिलों में अगले 24 घंटे के लिए बाढ़ का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने चेताया है कि आगामी 7 जुलाई तक भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका है। इसके मद्देनजर आरेंज व येलो अलर्ट भी जारी किए गए हैं। साथ ही, पूरे प्रदेश में राहत व बचाव कार्य तेजी से जारी है।

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान मानसून की सबसे भीषण बारिश दर्ज की गई है। मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, जहां विभिन्न स्थानों पर बादल फटने और बाढ़ की घटनाओं में 4 लोगों की मौत हुई है जबकि 16 लापता हैं। मंडी के थुनाग, करसोग, ओल्ड बाजार और रिक्की जैसे क्षेत्रों में बादल फटे हैं। करसोग में एक व्यक्ति की मौत और 4 लापता हैं। रिक्की से 7 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। मंडी जिला के ही गोहर क्षेत्र में हालात सबसे ज्यादा गंभीर हैं। यहां सियांज गांव में दो घर बह गए और



9 लापता हैं। बाडा गांव में बादल फटने से 2 की मौत और 4 घायल हुए। तलवारा गांव में एक परिवार के तीन सदस्य लापता हैं और एक बच्ची को सुरक्षित बचाया गया है।

मंडी में सबसे ज्यादा 233 लोगों को सुरक्षित निकाला गया, हमीरपुर में 51 और चंबा में 3 का रेस्क्यू किया गया। हमीरपुर की सुजानपुर तहसील के ब्लाह गांव में ब्यास नदी में आई बाढ़ से कई लोग फंस गए थे, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित निकाला। पंडोह डैम से पानी छोड़े जाने के कारण ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे पंडोह बाजार क्षेत्र खतरे में आ गया। यहां से 100 से 150 लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

मंडी के धर्मपुर, गोहर और कोटली क्षेत्रों में कई घर, पशुशालाएं और एक पुल पूरी तरह बह गए हैं। बाली चौकी क्षेत्र में भी बाढ़ के कारण पुल बह गया है। मंडी के डाइट परिसर में फंसीं 29 युवतियों को गुरुद्वारे में शिफ्ट कर राहत शिविर में रखा गया है।

किन्नौर जिले के रकच्छम में बादल फटने की घटना सामने आई है। हालांकि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मंडी में 10 से ज्यादा जगहों पर बादल फटे हैं, जिससे लोगों के घर, जमीन और पालतू मवेशियों को भारी नुकसान पहुंचा है। मंडी जिले में कुल 10 घर, 12 पशुशालाएं और एक पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 26 मवेशी भी मारे गए हैं। बीते 24 घंटों में मंडी जिले के संधोल और मंडी शहर में सबसे अधिक 220 मिमी बारिश दर्ज की गई। पंडोह में 210 मिमी, बिजाही में 200 मिमी और करसोग में 160 मिमी वर्षा हुई। कांगड़ा के पालमपुर और शिमला के चौपाल में 140 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार यह इस मानसून सीजन की अब तक की सबसे भारी बारिश रही है।

मौसम विभाग ने 2 से 7 जुलाई तक पूरे प्रदेश में भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। 2 जुलाई को कांगड़ा, सोलन और सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, वहीं उना, बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी और शिमला में येलो अलर्ट जारी किया है। 3 व 4 जुलाई को राज्य के कुछ भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट। वहीं 5 से 7 जुलाई तक पूरे राज्य में भारी से बहुत भारी वर्षा व आकाशीय बिजली गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### झारखंड में अब तक सामान्य से 88 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज

**रांची :** झारखंड में हो रही भारी बारिश से प्रदेश का जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इससे राज्य के कई जिलों में पुल-पुलिया टूट गए हैं। नदी-नाले उफान पर हैं और राजधानी सहित विभिन्न जिलों के कई मोहल्ले पानी में डूबे हुए हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में एक से 30 जून तक सामान्य से 88 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान राजधानी रांची में सबसे अधिक सामान्य से 213 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। मॉनसून के दौरान अब तक राज्य के 24 में से पांच जिलों को छोड़कर शेष 19 जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में छह जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के अनुसार दो और तीन जुलाई को उत्तरी-पश्चिमी और उत्तरी-मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।जबकि चार जुलाई को उत्तरी-मध्य और उत्तरी-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है, जबकि कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने पांच और छह जुलाई को राज्य के उत्तरी-पश्चिमी जिले पलामू, गढवा, चतरा, लातेहार, कोडरमा और लोहरदगा में और उत्तरी-मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। साथ ही इन क्षेत्रों में कहीं-कहीं आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

---

## भोगनाडीह उपद्रव मामले में हथियार के साथ दो गिरफ्तार, चम्पाई पर आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज के भोगनाडीह में हुए उपद्रव के मामले में गोड्डा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दावा किया है कि ये दोनों आरोपी उपद्रव के मास्टरमाइंड हैं। गिरफ्तारी गोड्डा नगर क्षेत्र से हुई है, जहां से इनके पास से तीन हथियार और गोली भी बरामद किए गए हैं। गोड्डा एसपी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले का खुलासा किया। ऐसा कहा जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति राजनीतिक रूप से प्रभावशाली हैं और पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता चम्पाई सोरेन के करीबी माने जाते हैं। यही नहीं, दोनों उनके सोशल मीडिया अकाउंट को भी संभालते थे।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लोग बरहेट, बोरियो, साहिबगंज में 20 जून से एक्टिव थे। ये जमशेदपुर में रहते हैं और इस एरिया में घूम रहे थे तो कहीं ना कहीं इनकी मंशा थी कि हूल दिवस के दिन कुछ गलत किया जा सके। गिरफ्तार लोगों में एक का नाम सुधीर कुमार है और दूसरे का नाम गणेश मंडल है।

### रातू रोड फ्लाईओवर का उद्घाटन कल, नितिन गडकरी करेंगे लोकार्पण

**रांची :** राजधानीवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत देने वाला रातू रोड फ्लाईओवर अब जनता को समर्पित होने जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को इस बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही रांची क्षेत्र की अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय से जारी पत्र में दी गई है। क्षेत्रीय पदाधिकारी मुकुंद टी. अत्तारडे द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि यह कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी ग्राउंड में आयोजित होगा। इसमें केंद्रीय मंत्री गडकरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। पत्र के अनुसार, झारखंड राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ी कई विकास योजनाएं चल रही हैं।

---

## समंदर में भारत से उलझना पड़ेगा महंगा नेवी को मिला ब्लू वॉटर का सूरमा 'उदयगिरि'

**जहाज का नाम आंध्र प्रदेश राज्य में एक पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया**

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रोजेक्ट 17ए के तहत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में बनाए जा रहे सात स्टील्थ फ्रिगेट में से दूसरा जहाज 'उदयगिरि' मंगलवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। ये बहु-मिशन फ्रिगेट भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और अपारंपरिक दोनों तरह के खतरों से निपटते हुए 'ब्लू वॉटर' वातावरण में संचालन करने में सक्षम हैं। उदयगिरि का नाम आंध्र प्रदेश राज्य में एक पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है। बैटल क्रूजर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियारों और सेंसर एवं प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है।

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के अनुसार उदयगिरि को लॉन्चिंग की



तारीख से 37 महीने के रिकॉर्ड समय में भारतीय नौसेना को सौंपा गया है। पी-17ए जहाजों में स्टेल्थ की विशेषताएं बढ़ाई गई हैं और इनमें अत्याधुनिक हथियार और सेंसर लगे हैं, जो पी17 श्रेणी से काफी बेहतर हैं। ये जहाज भारतीय नौसेना की युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो में इन-हाउस डिजाइन क्षमताओं में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करते हैं। उदयगिरि अपने पूर्ववर्ती आईएनएस उदयगिरि का आधुनिक अवतार है। यह परियोजना सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) फ्रिगेट का अनुवर्ती है। उदयगिरि एमडीएल, मुंबई और जीआरएसई, कोलकाता में निर्माणाधीन सात पी17ए फ्रिगेट्स में से दूसरा है। प्रोजेक्ट 7ए जहाजों का पतवार प्रोजेक्ट 17 की तुलना में 4.54 फीसदी अधिक भू-सममितीय है। इन जहाजों में प्रोजेक्ट 17 वर्ग की तुलना में उन्नत चिकना और विशेषताओं के साथ एक उन्नत हथियार और सेंसर सूट लगाया गया है। जहाजों को संयुक्त डीजल या गैस मुख्य प्रणोदन संयंत्रों के साथ कॉनफि गर किया गया है, जिसमें एक डीजल इंजन और गैस टरबाइन शामिल है।

हथियार सूट में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी रैपिड-फायर क्लोज-इन हथियार प्रणालियों को लगाया गया है। भारतीय राज्य आंध्र प्रदेश में एक पर्वत श्रृंखला के नाम पर जहाज का नामकरण आईएनएस उदयगिरि के नाम पर किया गया है। लिएंडर श्रेणी का यह फ्रिगेट 1976 और 2007 के बीच भारतीय नौसेना के साथ सेवा में था। जहाज की नींव 28 दिसंबर 2017 को रखी गई थी और इसे 17 मई, 2022 को लॉन्च किया गया था। यह जहाज प्रोजेक्ट-17 अल्फा फ्रिगेट्स (पी-17ए) का हिस्सा है, जो गाइडेड-मिसाइल फ्रिगेट्स का एक वर्ग है, जिसका निर्माण वर्तमान में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (एमडीएल) और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में नौसेना के लिए किया जा रहा है।

---

पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की मुख्यमंत्री ने ली जानकारी

## स्वास्थ्य मंत्री को चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करवाते हुए सूचित करने का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को निदेश दिया कि इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री विमल लकड़ा को हर जरूरी चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करवाते हुए हुए उन्हें सूचित करें। मुख्यमंत्री ने एक्स में माध्यम से कहा कि झारखण्ड सरकार विमल लकड़ा के साथ पूरी तरह खड़ी है। उनके परिवार को भरोसा दिलाया कि इलाज में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



मुख्यमंत्री ने मंत्री सुदिव्य कुमार को निदेश दिया था कि वे अस्पताल जाकर इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात करें। मंत्री सुदिव्य कुमार ने एक्स के माध्यम से बतलाया कि अस्पताल जाकर इलाजरत विमल लकड़ा एवं उनकी पत्नी से मुलाकात की। उन्होंने डॉ. संजय से विमल लकड़ा के स्वास्थ्य एवं इलाज की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

मालूम हो कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लकड़ा सोमवार को खेत मे बेहोश पाए गए. उन्हें इलाज के लिए रांची के क्यूरेसेटा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष और सिमडेगा हॉकी के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने बताया कि वे गांव में अपने खेत गए हुए थे जहां वह बेहोश हो गए थे। 45 साल के बिमल लकड़ा को प्राथमिक चिकित्सा के लिए कुरड़ेग ले जाया गया, जहां से उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# कीम्स अध्यक्ष पूर्णिमा नीरज सिंह ने राजेंद्र सिंह से मुलाकात कर जाना हालचाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बीते कुछ दिनों से क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री राजेंद्र सिंह का स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। इसकी सूचना मिलते ही पार्टी अध्यक्ष पूर्णिमा नीरज सिंह ने तुरंत बोकारो पहुंचकर राजेंद्र सिंह से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान राजेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह का स्वागत किया। इसके बाद पूर्णिमा सिंह ने उपस्थित सभी कार्यकताओं से भी मुलाकात की। बैठक में उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा




की। पूर्णिमा सिंह ने कहा कि प्लांट में भ्रष्ट प्रबंधन मजदूरों का शोषण कर रहा है और प्लांट के मॉडलाइजेशन के कार्य में भी प्रबंधन आनाकानी कर रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चाहे राज्य स्तर या केंद्र स्तर पर बात करनी पड़े, वे हर संभव प्रयास करेंगी कि बोकारो प्लांट में सौंदर्यीकरण और क्षमता बढ़ाने के कार्य जल्द पूरे हों। राजेंद्र सिंह ने भी मजदूरों की सुरक्षा और इलाज को लेकर प्रबंधन की जिम्मेदारी तय करने की बात कही थी, और मजदूरों के हक की लड़ाई जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर सुभाष चंद्र कुंभकार,शम्भु प्रसाद, शशिभूषण,विपिन कुमार सिंह, अम्बेडकर, मनोज ठाकुर, संतोष कुमार, राकेश कुमार के साथ युनियन के सैकड़ो पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपलब्ध थे।

## बालीडीह में भोगनाडीह की घटना के विरोध में भाजपा ने फूंका मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी वालीडीह मंडल कमेटी द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया गया, यह पुतला दहन कार्यक्रम बालीडीह के गोविन मार्केट में मंडल अध्यक्ष अविनाश सिह जी के अध्यक्षता में तथा कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला मंत्री जयनारायण मरांडी ने किया। यह पुतला दहन कार्यक्रम साहेबगंज जिले के भोगनाडीह में सिद्धू-कान्हू के वंशजों एवं गांववासियों'पर प्रशासन द्वारा लाठीचार्ज किये जाने के विरोध में किया गया। मौके पर उपस्थित बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए हेमंत सरकार से इस्तीफे देने की मांग करते हुए कहा कि ये सरकार आदिवासियों के विरोधी सरकार है, सिद्धू-कान्हू,चांद भैरव जैसे वीरो ने अपना बलिदान दिया, हेमंत सरकार की दमनकारी सरकार ने उन्हीं के वंशजों को सम्मानित करने की बजाय उन पर लाठियां चलाईं और उन्हें अपमानित किया गया,यह घटना बहुत ही निंदनीय है। बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री के रहते आदिवासियों पर सरकार के लोगों द्वारा अत्याचार बढ़ा है। पूर्व जिला अध्यक्ष रोहितलाल सिंह ने झारखंड के निकम्मी सरकार पर हमला बोलते हुये कहा है, ये सरकार में भ्रष्टाचार हावी है, हेमन्त सरकार अविलंब इस्तीफा दो। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, उमेश प्रसाद,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ऋतुराज द्वारा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर नजरी नक्शा के सत्यापन की प्रक्रिया का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्राथमिक विद्यालय चाराडीह स्थित मतदान केंद्र संख्या 195 तथा पीएम राजकीय मध्य विद्यालय बरवाडीह स्थित मतदान केंद्र संख्या 144, 145 एवं 146 का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों से संबंधित नजरी नक्शा तैयार कर रहे बीएलओ से कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा नक्शा निर्माण की प्रक्रिया को निकट से देखा। साथ ही उन्होंने सभी बीएलओ को समयबद्ध एवं सटीक नजरी नक्शा तैयार करने के



लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त महोदय ने प्राथमिक विद्यालय चाराडीह एवं पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय बरवाडीह में शिक्षा व्यवस्था की भी जानकारी प्राप्त की और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, अंचलाधिकारी कोडरमा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## हरला थाना में शांति समिति की हुई बैठक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मुहर्रम पर्व को देखते हुए जिले के विभिन्न थानों में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। मुहर्रम का त्योहार 6 जुलाई को होना है ऐसे में बोकारो के सेक्टर 9 स्थित हरला थाना परिसर में शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शांति समिति के सभी सदस्यों के साथ शहर में विधि व्यवस्था को कायम रखने पर चर्चा की गई ताकि पर्व त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाया जा सके। इस दौरान हरला थाना के पुलिस और निरीक्षक संजय कुमार राय ने कहा की शहर में लोग शांति पूर्वक त्योहार मनाए इसलिए ऐसे बैठक का आयोजन किया गया है जिसमे सभी धर्मो के शांति समिति के सदस्यों ने हिस्सा लेकर शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर अस्वस्थ किए है साथ ही पुलिस की भी हुडदंग करनेवालो और सोसल मीडिया पर भी नजर रहेगी। उन्होंने कहा की 107 के तहत कई असामाजिक तत्वों पर करवाई की जा चुकी है साथ ही डीजे पर भी रोक लगाया गया है। पर्व त्यौहार को कम साउंड वाले बाजा के साथ लोग मनाए ऐसा हिदायत दिया गया है साथ ही साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वालो पर भी पुलिस की विशेष नजर है। राम सिंहासन शर्मा, मनीरूद्दीन अंसारी, भागीरथ यादव, रामायण शर्मा, प्रदीप सिंह, पारस शर्मा, नूरुद्दीन अंसारी जमाल अंसारी सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ब्लड डोनेशन मानवता की सच्ची सेवा है : संतोष सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** रोटरी क्लब कोडरमा के सत्र 25-26 का आगाज मानवता की सर्वोच्च सेवा ब्लड डोनेशन शिविर के साथ प्रारंभ हुआ आज रोटरी सभागार में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें रोटरी क्लब इनर व्हील क्लब ने संयुक्त रूप से भागीदारी की लगभग 40 लोगों ने अपना अमूल्य ब्लड डोनेट किया कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगान गीत के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संगीता प्रसाद रोटरी आई हॉस्पिटल एवं रेड क्रॉस के अध्यक्ष अजीत बरनवाल को रोटरी अध्यक्ष संतोष सिन्हा ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया इनर व्हील की अध्यक्ष ज्योति झा आईपीपी अध्यक्ष अमित कुमार को सचिव संदीप सिन्हा ने पुष्प गुच्छभेंट किया रेड क्रॉस के अध्यक्ष अजीत बरनवाल इनरवेल की



अध्यक्ष ज्योति झा कार्यक्रम के परियोजना निदेशकसुभाष मोदी ने ब्लड डोनेशन के महत्व पर प्रकाश डाला रोटरी अध्यक्ष संतोष सिन्हा ने स्वागत भाषण देते हुए मुख्य अतिथि सिविल सर्जन अनिल कुमार रेड क्रॉस अध्यक्ष अजीत बरनवाल इनर व्हील क्लब के प्रति अपना आभार प्रकट किया और कहा कि ब्लड डोनेशन मानवता की सेवा का सबसे अच्छा कार्य है समय-समय पर हमें ब्लड डोनेट अवश्य करना चाहिए सच्चा कार्य है कार्यक्रम का मंच संचालन आशीष खेतान एवं मनीष गंगवाल ने किया मुख्य अतिथि सिविल सर्जन अनिल कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए।

## भोगनाडीह की घटना भाजपा की चाल : शिक्षा मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शिक्षा मंत्री का बयान कहा कल भोगनाडीह में हुई घटना भाजपा की चाल थी। जिसे कामयाब नही होने दिया गया। बताते चले की 30 जून को हूल दिवस के मौके पर भोगनाडीह में हुई घटना को लेकर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने आज बोकारो सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा की ये भाजपा की चाल थी जहां आदिवासियों को भड़काकर ये काम किया गया था लेकिन ये चाक उनकी नही चली। उन्होंने कहा की भोगनाडीह में सिद्धू-कान्हू से जुड़े कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री को शरीक होना था जहां गुरुजी का तवियत ठीक नहीं होने के चलते मुझे शरीक होने के लिए कहा गया। मैं वहां शरीक हुआ। उन्होंने भाजपा पर जमकर बरसते हुए कहा की भाजपा के द्वारा आदिवासियों के कुछ नेता को मुख्यमंत्री का सपना दिखाकर अपनी पार्टी में शामिल कराया गया है वैसे नेताओ को कांट्रक्ट देकर आदिवासी समाज को लड़ना



चाहता है वो होने नही दिया जाएगा। उन्होंने कहा की जहां घटना हुई वो सरकारी पार्क था लेकिन भाजपा के नेताओ ने ताला लगा दिया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के मंसूबे को हमलोग ने नाकाम कर दिया है। उन्होंने सरकारी स्कूलों के व्यवस्था के सवाल पर कहा कि बरसात के समय जो भी सरकारी स्कूलों में समस्या उत्पन्न हो रही है उसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूल की तारीफ करते हुए कहा कि अभी 80 की संख्या में ऐसे स्कूल हैं जहां अंग्रेजी मीडियम के स्कूलों को भी टक्कर देने का काम किया जा रहा है और यहां से बच्चे अब इंजीनियरिंग और मेडिकल की सेवा में जा रहे हैं ऐसे में लोगों का विश्वास को देखते हुए आने वाले समय में इनकी संख्या को बढ़ाई जाएगी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सरकार आने वाले समय में ऐसी व्यवस्था को लेकर के भी सोच विचार कर रही है ताकि रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराया जा सके। शिक्षा मंत्री बोकारो के सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए उक्त बातें कही इस दौरान उनके समर्थकों के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

## एक नजर

### तिलैया थाना में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**झुमरी तिलैया :** मुहर्रम पर्व को लेकर तिलैया थाना में सोमवार को प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों समुदाय के कई गणमान्य लोग,मुहर्रम कमेटी के सदर व सदस्य मौजूद थे। बैठक में पर्व को शांति व भाईचारगी से मनाने की अपील की गई । साथ हीं निर्धारित रुट चार्ट से हीं जुलूस निकालने, असामाजिक तत्वों पर नजर पैनी रखने व पुलिस को तत्काल इसकी सूचना देने, जुलूस के दौरान तेज रफ्तार से बाइक नहीं चलाने व प्रशासन को सहयोग करने समेत कई निर्देश दिये गये। वहीं लोगों को पर्व के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, लाईट व जहां-तहां झुकी बिजली तार को दुरुस्त करने की मांग की। बैठक में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, एसआई सुबोध कुमार सिंह, नरेश रजक, विनय कुमार बेलू, नीरज कर्ण, बालगोविंद मोदी, शमीम आलम उर्फ लड्डू, अरशद खान, झामुमो जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय, इनामूल हक, गालिब अंसारी, मो. शाहीद, अमिन सिद्दकी सदर भादोडीह, सेक्रेटरी गुलाम सरबर, अहमद रजा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### धरती के भगवानों को सलाम डॉक्टर्स डे पर बोकारो में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन



**बोकारो:** 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे के मौके पर मिशन हॉस्पिटल दुर्गापुर की ओर से बोकारो में दो प्रमुख अस्पतालों—बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) और वेलमार्क अस्पताल—में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टरों के समाज में योगदान को याद करते हुए उन्हें धरती का भगवान बताया गया। कार्यक्रम का संचालन मिशन हॉस्पिटल दुर्गापुर के प्रतिनिधि राजीव कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर जीवन के प्रत्येक मोड़ पर मरीजों की रक्षा करते हैं, चाहे दिन हो या रात। ऐसे समर्पित योद्धाओं को सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। वेलमार्क अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सतीश कुमार, डॉ. राहुल कुमार और डॉ. बी. एन. कर्मकार जैसे वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। इन सभी को सम्मान-पत्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### जय झारखंड मजदूर समाज ने त्रिपुरारी भाष्कर को किया सम्मानित

**बोकारो :** फेरो स्क्रेप निगम के बोकारो युनिट प्रमुख त्रिपुरारी भाष्कर जी का स्थानांतरण इस्को बर्नपुर युनिट मे होने के उपरांत आज बोकारो युनिट मे जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी के नेतृत्व मे प्रतिनिधिमंडल ने उनको फूलों का गुलदस्ता एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उनके कार्यकाल मे बोकारो युनिट का संचालन सफलतापूर्वक किये जाने एवं कार्यरत बिभागीय कर्मचारी और ठेकाकर्मीयों के प्रति स्नेह को याद किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से युनियन के संयुक्त महामंत्री एन के सिंह, एस के सिंह, आई अहमद, सुरेश प्रसाद, मो कमालउद्दीन खान ,राजू लहरी,एम के मिश्रा,सी बी प्रसाद,एस सी दलई, राजेश सिंह इत्याद उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लायंस क्लब में वृद्ध आश्रम में किया खाद्य सामग्री वितरण



**कोडरमा :** अड़ी बंगला स्थित वृद्धाश्रम में आज 1 जुलाई को लायंस क्लब का झुमरी तलैया के द्वारा खाद्य सामग्री का वितरण वहां रहने वाले वृद्ध लोगों के बीच किया गया बताते चलें कि आज लायन ईयर 2025 26 प्रारंभ हो रहा है वर्तमान में निर्वाचित अध्यक्ष गजेंद्र राम ने कहा कि गरीबों की सेवा हमारे क्लब का प्रमुख उद्देश्य है इसलिए आज लायन ईयर के प्रारंभ में वृद्ध जनों के बीच खाद्य सामग्री यथा बिस्किट चुरा गुड फल एवं मुढ़ी इत्यादि का वितरण किया गया वहां रहने वाले वृद्ध लोगों ने बताया कि उन्हें विभिन्न प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है अतः उनका अनुरोध था कि एक दिन मेडिकल कैंप भी लगे जिसे अध्यक्ष गजेंद्र राम ने आश्वासन देते हुए बताया कि यह स्वस्थ शिवर जल्द ही आयोजित किया जाएगा आज के इस कार्यक्रम में लायन क्लब के एडमिनिस्ट्रेटर सूजीत अम्बष्ठ के अतिरिक्त दिनेश कुमार एवं पूर्व अध्यक्ष जय मोदानंद झा भी मौजूद थे।

### मुहर्रम को लेकर थाना मे शांति समिति की हुई बैठक



**मरकच्चो :** मरकच्चो व नवलशाही थाना परिसर मे मंगलवार को मुहर्रम को लेकर शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर डोमचाँच इंस्पेक्टर विनोद पासवान की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक का संचालन रवि शंकर सिंह रिंकू ने किया । प्रखण्ड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने त्योहार को शांति एवं भाईचारे माहौल में मनाने की अपील की। दोनों समुदाय के लोग कंधे से कंधे मिलाकर चलें। बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें। नवलशाही थाना प्रभारी व मरकच्चो थाना प्रभारी ने कहा की आपसी सद्भाव के साथ संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। विवाद उत्तपन्न नहीं करें। विवाद उत्तपन्न करने वाले बक्से नहीं जाएंगे।सोशल मीडिया पर कोई आपत्ति जनक पोस्ट नही करेंगे।अगर किये तो बक्से नही जाएंगे। मुहर्रम को लेकर चिन्हित जगहों पर गश्ती की जाएगी। मौके पर एसआई मदन मिश्रा, एएस आई राजीव सिंग, देवीपुर मुखिया बेदू साव, कलीम उद्दीन अंसारी, असरफ अंसारी, लाटो खान, मुस्लिम खान करीम मियाँ,मकबूल आलम,महेश ,तोकीर अहमद,साकिर अहमद,सुभाष चंद्र यादव,अशोक दास,जाकीर हुसैन,पंसस उपेंद्र यादव,पंसस दीपक राम,पंसस सहदेव यादव महेश यादव,इनामूल अंसारी,एरकान अहमद,खुर्शीद अंसारी,अफजल मियाँ,समीम अंसारी,बसारत अंसारी,मो रिजवन,सिकंदर अंसारी,बबलू आलम,मो सज्जाद,तजलीम खान,आशिक अंसारी,सहदेव यादव,मो मुस्लिम,मंसूर आलम,हाजी वली अहमद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, हूल दिवस पर सिद्धो-कान्हू के वंशजों पर गोली चलाने के विरोध में भाजपा का पुतला दहन



**कोडरमा :** हूल दिवस के अवसर पर झारखंड में एक बड़ी राजनीतिक हलचल देखने को मिली, जब कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया झण्डा चौक पर भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सरकार के आदेश पर स्वतंत्रता संग्राम के नायक सिद्धू-कान्हू के वंशजों पर गोली चलाई गई, जो निंदनीय है और आदिवासी अस्मिता पर सीधा हमला है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। नारों की गूंज से शहर का माहौल गर्म हो गया। हेमंत सरकार होश में आओ‚ सिद्धू-कान्हू का अपमान नहीं सहेगा झारखंड जैसे नारों से फिजा गूंज उठी। भाजपा के जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा, जो सरकार अपने स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों का सम्मान नहीं कर सकती, वह जनविरोधी है। यह गोली नहीं, झारखंड की आत्मा पर हमला है। हम चुप नहीं बैठेंगे।ज़िला अध्यक्ष ने सरकार से मांग की सरकार इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराए, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे और पीड़ितों से माफी मांगें ।कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम,दिनेश्वर प्रसाद,युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष राजेश सिंह,चंद्रशेखर जोशी,नरेंद्र पाल,संजय शर्मा ,विजय राम,विनोद सिन्हा,अजय झा ,महादेव राम,कृष्णा ब्रह्मपुरिया,भारत लाल पांडेय,इंद्रदेव वर्णवाल,अजीत चन्द्रवंशी,निरंजन कसेरा,कुंजबिहारी डिवेडी,पप्पू भदानी,अजय महतो आदि शामिल हुए।

### अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन की सख्ती, एक ट्रैक्टर जब्त



**बोकारो:** उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार मंगलवार, 1 जुलाई 2025 को जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध बालू खनन के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बालीडीह थाना क्षेत्र के ठल्-32 मुख्य पथ पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर को टीम ने पकड़ा। ट्रैक्टर को विधिवत जब्त कर बालीडीह थाना को सुपुर्द कर दिया गया और संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस कार्रवाई में खान निरीक्षक सीताराम टुडू के नेतृत्व में पुलिस बल की भी मौजूदगी रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा लगातार चलाए जा रहे ऐसे अभियानों का उद्देश्य अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाना है।

# मुहर्रम पर्व पर सोशल मीडिया पर नजर, ड्रोन से होगी निगरानी : डीसी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय में मोहर्रम को लेकर मंगलवार को केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न मोहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा और शांति समिति के प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से मोहर्रम के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी। बैठक में साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस जारी करने पर सुझाव देते हुए प्रतिनिधियों ने सांप्रदायिक सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की बात कही।

**बेहतर व्यवस्था देने का होगा प्रयास**

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि साफ-सफाई, सुरक्षा, जुलूस निकाले जाने के समय, रुट, लाइटिंग, एंबुलेंस, अखाड़ों के लाइसेंस निर्गत करने पर सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि और विभिन्न अखाड़ा समितियों की ओर से जो सुझाव दिये गये हैं, उस पर ध्यान देते हुए प्रशासन की ओर से बेहतर से बेहतर व्यवस्था प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा।

**सोशल मीडिया पर रहेगी नजर**

उपायुक्त ने कहा कि मुहर्रम के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने शांति समिति के साथ सभी लोगों से आग्रह किया कि अफवाह फैलने की स्थिति में समय पर जानकारी दें ताकि त्वरित नियंत्रण किया जा सके।

**छोटी बात को बड़ा न बनने दें : एसएसपी**

बैठक में डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि छोटी बात को बड़ा नहीं बनने दें। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सबसे पहले जानकारी अपने खलीफा दें। अगर मामला नहीं सुलझता है तो थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी और फिर बड़े अधिकारियों को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातें ही बड़ी बन जाती हैं, प्रयास करें कि मामले को तुरंत सुलझा लिया जाये। उन्होंने कहा कि जुलूस समय पर निकले और समय पर वापस आ जाये इसका ध्यान रखें। एसएसपी ने कहा कि पर्व के दौरान ड्रोन से निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर विशेष सतर्कता बरते जाने की बात कही ताकि असामाजिक तत्व अपने मंसूबे में कामयाब न हो। बैठक में डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण प्रवीण पुष्कर और शहर अजित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी, राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक यातायात रांची, संबंधित पुलिस पदाधिकारी, सेन्ट्रल मोहर्रम कमिटि, विभिन्न अखाड़ा सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### बिजली बिल में पांच फीसदी सरचार्ज लगाना छलावा : अजय राय



**रांची :** सामाजिक कार्यकर्ता अजय राय ने नगर विकास विभाग की ओर से शहरी क्षेत्रों में बिजली बिल पर पांच फीसदी अतिरिक्त सरचार्ज लगाने के प्रस्ताव को लोगों के लिए छलावा करार दिया है। उन्होंने इस फैसले को आम जनता पर आर्थिक बोझ बताते हुए कड़ा विरोध जताया। अजय राय ने कहा कि पहले ही शहरी नागरिक होल्डिंग टैक्स की बढ़ोतरी और ट्रैफिक चालान जैसे भार झेल रहे हैं, अब बिजली बिल पर सरचार्ज के नाम पर हर माह 15-20 करोड़ की उगाही की तैयारी जनता की कमर तोड़ने और झारखंडवासियों के साथ छलावा है। उन्होंने इसे सरकार की आमजन विरोधी मंशा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन बताया। राय ने उदाहरण देकर कहा कि 2000 मासिक बिल वाले उपभोक्ता को अब साल में 1200 अतिरिक्त देना होगा, जो लाखों परिवारों पर अतिरिक्त बोझ डालेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे नगर विकास विभाग की वेबसाइट पर जाकर इस प्रस्ताव के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा विभाग इसे जनता की मौन स्वीकृति मानकर स्थायी रूप से लागू कर देगा।

### रांची रेल मंडल की चार ट्रेनें दो महीने के लिए रद

रांची : रांची रेल मंडल के अंतर्गत विभिन्न रेलखंडों में चल रहे विकास और मरम्मत कार्यों के चलते जुलाई और अगस्त महीने में कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। इस दौरान कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द रहेगा, जबकि कुछ गाड़ियों की शुरूआत या समाप्ति छोटे स्टेशनों से की जाएगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इन परिवर्तनों की अस्थायी रूप से घोषणा की है, ताकि विकास कार्यों को सुचारु रूप से पूरा किया जा सके और भविष्य में रेल सेवाएं और अधिक बेहतर हो सकें।

### रक्तदान शिविर में 81 यूनिट ब्लड संग्रह

**रांची :** रोटरी क्लब ऑफ रांची, एनएसएस यूनिट और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डीएसपीएमयू कैंटीन परिसर, मोरहाबादी में आयोजित इस शिविर में कुल 81 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का उद्घाटन क्लब के वरिष्ठत पूर्व अध्यक्ष भंडारी लाल एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में शिक्षकों के लिए विशेष हेल्थ चेकअप कैम्प भी लगाया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर जांच और डॉक्टरों की सलाह दी गई। शिविर में छात्रों और शिक्षकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। शिविर की सफलता में क्लब के नए अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिव डॉ भावना तनेजा सहित कई सदस्यों और एनएसएस छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: एसटी-सीओएन-आरओयू-टीएटीआई-केएनआरएन-एएलटी2, दिनांक 30.06.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण/मुख्यालय/गार्डन रीच द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल में हटिया (एचटीई) - ओरगा (ओआरजीए) शाखा में कनरोआं-टाटी-परबाटोनिया के बीच दोहरीकरण के संबंध में यार्ड रिमॉडलिंग कार्यों सहित कनरोआं (केएनआरएन), टाटी (टीएटीआई) और परबाटोनिया (पीबीबी) स्टेशनों पर वर्तमान इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में परिवर्तन और इनडोर एवं आउटडोर दोनों एस एंड टी कार्यों की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, निष्पादन, परीक्षण और आरंभ करना। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 7,24,49,060.94, **बयाना राशि:** रु. 5,12,300/- **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0, **निविदा की किस्म:** खुली। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 23.07.2025, 15.00 बजे। उक्त निविदा सूचना का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (PR-336)

## राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर दिव्यांग निराश्रितों का हुआ स्वास्थ्य की जांच



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम दिव्यांग आश्रम सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों का शहर के जाने-माने न्यूरो सर्जन डॉक्टर एच.पी.नारायण ने सबों को स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच की। एवं आवश्यकतानुसार सबों को अपनी ओर से निःशुल्क दवाइयां दी। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल द्वारा डॉ एचपी नारायण को पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डॉ० नारायण ने कहा कि कि 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। यह दिन महान चिकित्सक और भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि दोनों के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वे पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी थे और चिकित्सा जगत में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे हैं महान कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि डॉक्टर्स डे का यह अवसर हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि चिकित्सा सिर्फ एक पेशा नहीं बल्कि एक सेवा है एक तपस्या है हमें चाहिए कि हम डॉक्टर को केवल रोग के समय याद ना करें बल्कि समाज में उनके निरंतर योगदान को भी समझे और उन्हें उचित सम्मान दें।

## प्रधानमंत्री मोदी ने रांची को दी 558 करोड़ की सौगात : संजय सेठ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण एक सपना के पूरा होने जैसा है। रातू रोड सहित रांचीवासियों का यह सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरा कर दिया है। अब यह रांचीवासियों की जिम्मेदारी है कि इस कॉरिडोर को स्वच्छ और सुंदर बना कर रखें। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को ओटीसी ग्राउंड पर इसका लोकार्पण समारोह होगा। सेठ मंगलवार को अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकताओं और नागरिकों से अनुरोध किया कि 558 करोड़ की लागत वाली इस सौगात के लोकार्पण के अवसर पर नितिन गडकरी का ऐतिहासिक अभिनंदन करें। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को ओटीसी ग्राउंड में 11 बजे आयोजित लोकार्पण समारोह और जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। उन्होंने कहा कि झारखंड में नगर निकायों में बिजली पर पांच फीसदी सरचार्ज का प्रस्ताव तैयार करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड में तो ऐसा लग रहा है जैसे सरकार नगर निकायों से सिर्फ वसूली की मुहिम चला रही है। एक तरफ नगर निगम ने 39 करोड़ रूपया होल्डिंग टैक्स हासिल कर लिया है और दूसरी तरफ फिर से पांच फीसदी सरचार्ज लेने की तैयारी है। सेठ ने कहा कि यह समझ से परे है कि आखिर सरकार जनता से सिर्फ वसूली क्यों करना चाहती है? प्रशासनिक अधिकारी कभी इन मुद्दों पर क्यों नहीं सोचते? बरसात की पहली बारिश में ही रांची की जो स्थिति हुई वह पूरे राज्य ने देखा। आज भी रांची के कई मोहल्ले में पानी जमा है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। सड़क सुरंगनुमा हो चुकी है। हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## यूनिसेफ कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनाएं : मुख्य सचिव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के सतत विकास लक्ष्य की उपलब्धि को लेकर मंगलवार को यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में की गई। मुख्य सचिव ने यूनिसेफ को सभी संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय पर बल देते हुए निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनाएं। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ झारखंड के सतत विकास को लेकर जो कार्य कर रहा है, वैसे ही कार्य व्यापक पैमाने पर राज्य सरकार भी कर रही है। इस स्थिति में एक दूसरे के डाटा राज्य के सतत विकास में काफी उपयोगी हो सकते हैं। इसके लिए विभागों के साथ पाक्षिक बैठक करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि इन बैठकों में यूनिसेफ फील्ड के अपने कार्यों, अनुभव और सुझावों को साझा करे और यह देखे कि बच्चों को लेकर सरकार की योजनाओं के साथ कैसे बेहतर तालमेल के साथ काम किया जा सकता है। योजनाओं की निगरानी और उसके फलाफल पर फोकस पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने यूनिसेफ से कहा कि वे सामाजिक प्रक्षेत्र में अन्य राज्यों में जो बेहतर कार्य हो रहे हैं, उनका अध्ययन, विश्लेषण करें और उसका क्रियान्वयन झारखंड में कैसे किया जा सकता है, इसका ब्लू प्रिंट बनायें। उन्होंने योजना विभाग के साथ एक पोर्टल पर डाटा साझा करने का निर्देश दिया, ताकि डाटा मिस मैच नहीं हो। मुख्य सचिव ने पोषण से जुड़ी समस्याओं पर फोकस करने के साथ हाशिए पर खड़े लोगों के सतत विकास पर फोकस करने को कहा। मुख्य सचिव ने हाथ की सफाई को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए यूनिसेफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि के क्षेत्र में भी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर लोगों को जागरूक और सक्षम बनायें।

## मुख्य सचिव से मिला मारवाड़ी युवा मंच का प्रतिनिधिमंडल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी से झारखंड प्रवास के दौरान मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की। बताया गया कि मुलाकात का उद्देश्य मंच की ओर से दिल्ली में निर्माणाधीन युवा भवन की प्रगति की जानकारी देना। तथा संगठन की जनहितकारी गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर संवाद स्थापित करना था। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम जैन ने बताया की पारसनाथ प्रवास के दौरान झारखंड प्रांतीय की अगुवाई में मुलाकात कर राज्यहित में बातों को रखा गया है। अध्यक्ष ने बताया कि मुख्य सचिव को मंच की राष्ट्रव्यापी सामाजिक, रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी और युवाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा भवन के निर्माण से जुड़ी योजनाओं और प्रांतीय स्तर की भावी पहलों को साझा किया। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मंच की सामाजिक सेवा में सक्रियता की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। राज्य हित में मंच की भूमिका को उपयोगी बताते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## झारखंड में भारी बारिश से जन जीवन प्रभावित अब तक सामान्य से 88 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में हो रही भारी बारिश से प्रदेश का जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इससे राज्य के कई जिलों में पुल-पुलिया टूट गए हैं। नदी-नाले उफान पर हैं और राजधानी सहित विभिन्न जिलों के कई मोहल्ले पानी में डूबे हुए हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में एक से 30 जून तक सामान्य से 88 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान राजधानी रांची में सबसे अधिक सामान्य से 213 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। मॉनसून के दौरान अब तक राज्य के 24 में से पांच जिलों को छोड़कर शेष 19 जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में छह जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के अनुसार दो और तीन जुलाई को उत्तरी-पश्चिमी और उत्तरी-मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। जबकि चार जुलाई को उत्तरी-मध्य और उत्तरी-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है, जबकि कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने पांच और छह जुलाई को राज्य के उत्तरी-पश्चिमी जिले पलामू, गढवा, चतरा, लातेहार, कोडरमा और लोहरदगा में और उत्तरी-मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। साथ ही इन क्षेत्रों में कहीं-कहीं आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मॉनसून के दौरान राज्य की राजधानी रांची में सबसे अधिक सामान्य से 213 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। यहां 205 मिमी के मुकाबले 642.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भारी बारिश के चलते रांची के नदी-नाले, डैम और कई जल प्रपात उफान पर हैं वहीं रांची के कई निचले इलाके पानी मे डूब गए हैं। इनमें पंडरा का का पंचशील नगर, अपर बाजार, अपर बाजार स्थित सेवा सदन अस्पतताल, मोरहाबादी के कई इलाके, अरगोडा का अशोकपुरम शामिल है। भारी बारिश से आम लोगों को दैनिक कार्यों में परेशानी उठानी पड़ रही है। बच्चों को स्कूल जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सावन माह की शुरूआत 11 जुलाई से



**रांची :** भगवान भोलेनाथ के प्रिय माह सावन की शुरूआत 11 जुलाई से हो रही है। 10 जुलाई आषाढ़ पूर्णिमा और 11 जुलाई से श्रावण कृष्ण प्रतिपदा माह में गुरु आदित्य योग के शुभ संयोग में शिव आराधना की शुरूआत होगी। इस बार सावन में चार सोमवार का संयोग बन रहा है। 9 अगस्त को स्नानदान की पूर्णिमा और रक्षाबंधन के साथ इस पावन माह का समापन आयुष्मान और सौभाग्य योग के साथ होगा। इस संबंध में मंगलवार को पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस बार सावन में 4 सोमवारी पड़ रही है। प्रथम सावन सोमवार व्रत 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई और चौथा सावन सोमवार व्रत 4 अगस्त को है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सावन माह में दुर्लभ संयोग बन रहा है। सावन माह के दौरान सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, शिव योग जैसे शुभ योगों का संयोग बन रहे हैं। इस साल कुल 4 सावन सोमवार पड़ रहे हैं। सावन के महीने में हर दिन विशेष रूप से सावन सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा-उपासना करने से जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस माह में कुछ खास व्रत भी किया जाता है। इसमें हरियाली अमावस्या, हरियाली तीज, नाग पंचमी, कामिका एकादशी, सावन पुत्रदा एकादशी, रक्षाबंधन, श्रावण पूर्णिमा है। उन्होंने बताया कि श्रावण के महीने में भगवान शंकर की विशेष रूप से पूजा की जाती है। इस दौरान पूजन की शुरूआत महादेव के अभिषेक के साथ की जाती है। अभिषेक में महादेव को जल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगाजल, गन्ना रस से स्नान कराया जाता है। अभिषेक के बाद बेलपत्र, समीपत्र, दूब, कुशा, कमल, नीलकमल, ऑक मदार, जंवाफूल कनेर, राई फूल से शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। इसके साथ ही भोग के रूप में धतूरा, भांग और श्रीफल महादेव को चढ़ाया जाता है।

### पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**रांची :** पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा की स्वास्थ्य स्थिति गंभीर बनी हुई है। उनके सिर में गहरी चोट आयी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा से रांची रेफर किया गया है। फिलहाल रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में बताया गया कि विमल लकड़ा बीते कुछ दिनों से सिमडेगा स्थित अपने पैतृक गांव में ही थे। जहां खेत में वे अचानक गिरकर बेहोश हो गये। सिमडेगा सदर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रेफर कर दिया। बताया गया है कि उनके सिर में खून के थक्के जम गये हैं। फिलहाल रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल के आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है।

### आरडीसीआईएस सेल ने प्रतिष्ठित एनएबीएल मान्यता प्राप्त की



**रांची :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के आयरन एंड स्टील के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र (आरडीसीआईएस) को 30 जून 2025 को रांची में अपनी परीक्षण सुविधाओं के लिए एनएबीएल मान्यता प्रदान की गई। परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) ने आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुसार यह मान्यता प्रदान की, जो परीक्षण और कैलीब्रेशन प्रयोगशालाओं की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताओं को रेखांकित करता है। विशेष रूप से, आरडीसीआईएस ने बिना किसी बाहरी सलाहकार को शामिल किए, पूरी तरह से आंतरिक प्रयासों के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की। यह आरडीसीआईएस के लिए अपनी स्थापना के बाद से पहली एनएबीएल मान्यता है, जो गुणवत्ता आश्वासन और तकनीकी क्षमता में एक महत्वपूर्ण छलांग को रेखांकित करता है। इस उपलब्धि के लिए, एनएबीएल द्वारा नियुक्त मूल्यांकनकताओं ने फरवरी 2025 में एक पूर्व-मूल्यांकन किया, जिसके बाद मई 2025 में मुख्य मूल्यांकन किया गया। इस पहल का नेतृत्व आरडीसीआईएस के कार्यकारी निदेशक श्री संदीप कुमार कर ने किया, जिन्होंने पिछले साल इस विचार की कल्पना की थी और इसकी प्रगति की बारीकी से निगरानी की थी। 29 जून 2029 तक वैध यह मान्यता न केवल धातुकर्म परीक्षण और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए आरडीसीआईएस की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, बल्कि इसके शोध प्रयासों की विश्वसनीयता और उद्योग-व्यापी स्वीकृति को भी आगे बढ़ाएगी। इस मान्यता से राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर लौह क्षेत्र में आरडीसीआईएस के योगदान के प्रभाव में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

### 160वां श्री सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 160 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। नासे रोग हरे सब पीड़ा जपत निरंतर हनुमत बीरा के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मनोज अग्रवाल सुनीता अग्रवाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। मनोज अग्रवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया मनोज अग्रवाल सुनीता अग्रवाल मयंक अग्रवाल राहुल अग्रवाल उपमंत्री अनिल नारनौली हर्ष कुमार कृष्णा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार बुधवार 2 जुलाई को किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि अमावस्या महास्नान के बाद से बाबा श्याम भक्तों को श्यामल रूप में दर्शन दे रहे थे।

## दहकती धरती बनी विश्व के लिए चुनौती

जलवायु परिवर्तन से बढ़ता तापमान एक वैश्विक संकट है, जिसके प्रभाव पर्यावरण, समाज, और अर्थव्यवस्था पर गहरे और दीर्घकालिक हैं। इसके समाधान के लिए सरकारों, उद्योगों, वैज्ञानिकों, और व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।भारत, जो दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जलवायु परिवर्तन के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है। इसके तटीय एवं हिमालयी क्षेत्र, और कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था इसे जोखिम में डालते हैं। इस खतरे से निपटने के लिए भारत ने राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना, इंटरनेशनल सोलर अलायंस और स्मार्ट सिटी जैसी कई पहल शुरू की हैं। पेरिस समझौते के तहत वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का वादा किया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार 1850-1900 की तुलना में वैश्विक औसत तापमान में लगभग 1.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। यह बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरण, बल्कि मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, और जैव विविधता पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। जलवायु परिवर्तन मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों (जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, और नाइट्रस ऑक्साइड) के उत्सर्जन के कारण होता है, जो वातावरण में गर्मी को रोककर पृथ्वी के तापमान को बढ़ाते हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद से, मानवीय गतिविधियों ने इन गैसों के उत्सर्जन को तेजी से बढ़ाया है। नतीजतन, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, और मौसम की चरम घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में, जहां कृषि और जल संसाधनों पर निर्भरता अधिक है, यह समस्या और भी गंभीर है। बढ़ते तापमान के कारण गर्मी की लहरें (हीटवेव) अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं। भारत में, विशेष रूप से उत्तर और मध्य भारत में, गर्मी की लहरों से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हीटस्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी गर्मी से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं। हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने से नदियों में पानी की उपलब्धता अनिश्चित हो रही है। उदाहरण के लिए, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियां, जो भारत और दक्षिण एशिया की जीवनरेखा हैं, प्रभावित हो रही हैं। अनियमित मानसून और सूखे ने जल संकट को और गहरा दिया है, जिससे पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की कमी हो रही है। तापमान में वृद्धि और अनियमित वर्षा से फसलों की पैदावार भी प्रभावित हो रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार, गेहूं और चावल जैसी प्रमुख फसलों की उत्पादकता में कमी देखी जा रही है।कीटों और रोगों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे खाद्य सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है।तापमान वृद्धि के कारण चक्रवात, बाढ़, सूखा, और जंगल की आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत में, केरल (2018, 2019) और उत्तराखंड (2021) की बाढ़ इसका उदाहरण हैं। प्राकृतिक आपदाओं से बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हो रहा है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से विकासशील देशों को सालाना अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है।कृषि और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में उत्पादकता की कमी से आर्थिक स्थिरता पर असर पड़ रहा है। इस खतरे को कम करने के लिए भारत सरकार सौर, पवन, और जलविद्युत जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा दे रही है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ऊर्जा-कुशल उपकरणों, इमारतों, और परिवहन प्रणालियों को प्राथमिकता दी जा रही है। देश में परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना इस कवायद का हिस्सा है। वहीं भारत ने अपनी राष्ट्रीय वन नीति के तहत 33 प्रतिशत भूमि को वन क्षेत्र बनाने का लक्ष्य रखा है। कार्बन उत्सर्जन में कमी करने के साथ उद्योगों में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाकर भी चुनौती से निपटा जा सकता है।

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

**ललित गर्ग**



दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरूआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी। हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा ह्यएकता में अनेकताह्न के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

# बड़ी चुनौती है फैक्ट्री के धमाकों को रोकना

**अशोक मधुप**

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पासमैलारम फेज एक इलाके में सोमवार को एक केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट में 34 कर्मचारियों की मौत हो गई । तीन दिन पहले उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना फेस वन क्षेत्र स्थित डी-93 सेक्टर-दो स्थित शाम पेंट इंडस्ट्रीज केमिकल की कंपनी में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि लपटें आसमान तक छूती नजर आई। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड टीम ने इस आग की घटना में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान न होने की बात कही है। इसी 16 जून को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद के रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी से करीब दो किलोमीटर दूर यह फैक्ट्री चार महिलाओं की मौत हो चुकी थी। नौ घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि फैक्ट्री संचालक ने पटाखे बनाने के लिए आसपास की रहने वाली महिलाओं को कम मजदूरी पर रखा था। उन्हें केवल 300 रुपये दिहाड़ी दी जाती थी। मजदूरों को न कभी ट्रेनिंग दिलाई और नही आपातस्थित से निपटने का कोई प्रशिक्षण दिया गया। फैक्ट्री में दुर्घटनाएं होने पर कुछ दिन शोर मचता है। मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा होने के बाद सब शांत हो जाता है।दुर्घटनाएं रोकने की कोई योजना नही बनती।नही फैक्ट्री के श्रमिकों को दुर्घटना होने के समय की चुनौती बताई जाती हैं। दुर्घटना होने के समय की चुनौती के समय के लिए प्रशिक्षित भी नही किया जाता।दुर्घटना होने पर क्या किया जाए इसका भी प्रशिक्षण नही दिया जाता। फैक्ट्री लगती है किंतु उनका तकनीकि निरीक्षण नही होता। निरीक्षण करने वाली अधिकारी पैसे के बल पर अपने आफिस में ही बैठकर रिपोर्ट बना देते है। सही मायने में फैक्ट्रियों में होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौत का जिम्मेदार वह अमला भी है जो समय -समय पर इनके सुरक्षा तंत्र का निरीक्षण करता है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय के महानिदेशालय फैक्ट्री सलाह सेवा और श्रम संस्थान द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पंजीकृत फैक्ट्रियों में दुर्घटनाओं के कारण हर दिन औसतन तीन मजदूरों की मौत हुई है और 11 घायल होते हैं। नवंबर 2022 में आरटीआई जवाब के अनुसार, भारत में रजिस्टर्ड फैक्ट्रियों में हर साल होने वाली दुर्घटनाओं में 1,109 वर्करों की मौत हो गई और 4,000 से अधिक वर्कर घायल हुए। ये 2017 से 2020 के बीच आंकड़ों के आधार पर है।वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा है क्योंकि बड़े पैमाने पर असंगठित क्षेत्रों में होने वाले हादसों की रिपोर्ट दर्ज ही नहीं की जाती है।

निदेशालय जनरल फैक्ट्री एडवाइस सर्विस एंड लेबर इंस्टीट्यूट्स की रिपोर्ट, 2022 के अनुसार 2021 में, महाराष्ट्र में 6,492 खतरनाक फैक्ट्रियों में से केवल 1,551 का निरीक्षण किया गया, जिससे 23.89 प्रतिशत निरीक्षण दर प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त, 39,255 पंजीकृत फैक्ट्रियों में से केवल 3,158 का निरीक्षण किया गया। इससे 8.04 प्रतिशत निरीक्षण मिली। अन्य प्रमुख औद्योगिक राज्यों में भी यह प्रवृत्ति दिखाई देती है। तमिलनाडु में सामान्य निरीक्षण दर 17.0 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों की निरीक्षण दर 25.39 प्रतिशत थी। गुजरात में सामान्य निरीक्षण दर 19.33 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों की निरीक्षण दर 19.81 मिली।। 2021 के लिए अखिल भारतीय आंकड़े सामान्य निरीक्षणों के लिए 14.65 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों के लिए 26.02 प्रतिशत थे। उपर्युक्त विवरण से लिया गया है।

खराब निरीक्षण दरों का एक कारण कर्मचारियों की कमी है। महाराष्ट्र में निरीक्षकों की नियुक्ति दर केवल 39.34 प्रतिशत थी। इसमें 122 स्वीकृत अधिकारियों में से केवल 48 कार्यरत थे। गुजरात में नियुक्ति दर 50.91 प्रतिशत रही , तो तमिलनाडु में यह 53.57 प्रतिशत थी। अखिल भारतीय नियुक्ति दर 67.58 प्रतिशत थी। स्वीकृत पदों की संख्या पंजीकृत फैक्ट्रियों की संख्या के सापेक्ष वार्षिक निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए अपर्याप्त रही है। 2021 में, अखिल भारतीय स्तर पर 953 स्वीकृत निरीक्षकों में से प्रत्येक को वार्षिक रूप से 337 पंजीकृत फैक्ट्रियों का निरीक्षण करना पड़ता है।

मई 2024 में, महाराष्ट्र इंडस्ट्री डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने एक मीडिया रिपोर्ट में स्वीकार किया कि सुरक्षा निरीक्षण और प्रमाणन अक्सर ऑडिटरों और फैक्ट्री मालिकों या प्रबंधकों के बीच ₹समझ₹ के आधार पर किए जाते थे। यह संकेत देता है कि नियोक्ता भी श्रम निरीक्षकों के समान ही दोषी हैं, और भ्रष्ट प्रथाओं की "आपूर्ति पक्ष" को संबोधित करना "मांग" पक्ष के सुधार के समान ही महत्वपूर्ण है।

प्रदेश सतर पर विशिष्ट सीमा मात्रा के साथ खतरनाक रसायनों और ज्वलनशील गैसों की एक सूची स्थापित की जानी चाहिए।प्रत्येक राज्य को प्रमुख खतरे वाले कार्यस्थलों की सूची बनाए रखनी चाहिए। समें सुविधा का प्रकार, उपयोग किए गए रसायन और संग्रहीत मात्रा का विवरण हो। खतरनाक सामग्री की सूची और इन्वेंट्री को एक केंद्रीकृत डेटाबेस में संग्रहीत करें, जिस तक नियामक निकाय, आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ता, और जनता आसानी से पहुंच सकें।निरीक्षण प्रणाली को उदार बनाने के बजाय, सरकारों को आईएलओ सम्मेलन के प्रावधानों का पालन करके मजबूत श्रम बाजार शासन सुनिश्चित करना होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति और खतरनाक और रासायनिक पदार्थों के उपयोग को देखते हुए, सख्त निरीक्षणों की आवश्यकता है।

औद्योगिक आपदाओं की पुनरावृत्ति सरकार की विफलता को दशार्ती है कि उसने पिछले घटनाओं से सबक नहीं सीखा है। सुधारों और कमजोर शासन के नाम पर, राज्य अपने मूल कर्तव्य से पीछे नहीं हट सकता कि वह एक सुरक्षित कार्य और जीवन सुनिश्चित करे। एक प्रभावी और नैतिक श्रम निरीक्षण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सार्थक सुधारों की आवश्यकता है जो श्रमिकों और समुदाय की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता दें। इसके साथ ही फैक्ट्री श्रमिकों का आपदा के समय सुरक्षा के उपाए, कैसे बचाव करें आदि का बार -बार प्रशिक्षण देना होगा। सभी उद्योगों के निरीक्षण के लिए तकनीकि विशेषज्ञों की टीम बनानी होगी। उन्हें नियमित निरीक्षण के निर्देश करने होंगे। इससे किसी दुर्घटना होने पर मौत और घायलों का आंकड़ा कम किया जा सकता है। दुर्घटना होने के हालात में इन तकनीकि अधिकारियों की जिम्मेदारी भी फिक्स करनी होगी।देखने में आ रहा है कि निरीक्षण स्टाफ की फेक्ट्री स्वामियों से मिलीभगत होने के कारण उद्योग स्वामी प्रायः प्रशिक्षित स्टाफ नही रखते।

## सूडोकु नवताल- 7478

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7477 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# यूपी भाजपा में नये अध्यक्ष की देरी में आड़े आ रही है नेताओं की गुटबाजी

**संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति का मामला लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। यह देरी न केवल पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में अनिश्चितता पैदा कर रही है, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी पर भी सवाल उठा रही है। भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल जनवरी 2023 में समाप्त होने के बाद से ही नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया बार-बार अटक रही है। इसके पीछे कई कारण हैं, जिनमें आंतरिक गुटबाजी, सामाजिक समीकरणों का संतुलन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ समन्वय और राष्ट्रीय नेतृत्व की रणनीति शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश भाजपा के लिए हमेशा से एक महत्वपूर्ण राज्य रहा है। देश की सियासत में यूपी का प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। 80 लोकसभा सीटों और 403 विधानसभा सीटों वाला यह राज्य केंद्र और राज्य दोनों में सत्ता की कुंजी माना जाता है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को यूपी में अप्रत्याशित नुकसान उठाना पड़ा। समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के गठबंधन ने पार्टी को कड़ी चुनौती दी, जिसके बाद हार के कारणों की समीक्षा के लिए 15 पेज की एक विस्तृत रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी गई। इस रिपोर्ट में कार्यकताओं की उपेक्षा, संगठनात्मक कमजोरी और सामाजिक समीकरणों में चूक को प्रमुख कारण बताया गया। इस हार ने पार्टी को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है, और नया प्रदेश अध्यक्ष चुनना इस रणनीति का एक अहम हिस्सा है।

प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति में देरी का सबसे बड़ा कारण पार्टी के भीतर चल रही आंतरिक खींचतान और गुटबाजी है। यूपी भाजपा में कई प्रभावशाली नेता हैं, और प्रत्येक गुट अपने पसंदीदा उम्मीदवार को आगे बढ़ाने की कोशिश में है। कुछ नेता ओबीसी समुदाय से किसी मजबूत चेहरे को अध्यक्ष बनाना चाहते हैं, ताकि सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) मॉडल का मुकाबला किया जा सके। वहीं, कुछ नेता दलित समुदाय से किसी युवा चेहरे को मौका देने के पक्ष में हैं, क्योंकि दलित वोटरों का एक बड़ा हिस्सा 2024 में भाजपा से छिटक गया था। इसके अलावा, कुछ नेताओं का मानना है कि अगड़े समुदाय से किसी अनुभवी नेता को जिम्मेदारी दी जाए, जो संगठन को एकजुट रख सके। इस तरह सामाजिक समीकरणों का संतुलन बनाना भाजपा के लिए एक जटिल चुनौती बन गया है।

पार्टी के सामने एक और बड़ी चुनौती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ समन्वय की है। भाजपा और आरएसएस के बीच राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर अध्यक्षों के चयन को लेकर लंबे समय से विचार-विमर्श चल रहा है। कुछ सूत्रों का कहना है कि आरएसएस यूपी में किसी ऐसे चेहरे को चाहता है, जो संगठनात्मक अनुभव के साथ-साथ जमीनी स्तर पर कार्यकताओं को जोड़ने की क्षमता रखता हो। लेकिन इस पर सहमति बनाना आसान नहीं रहा। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने भी संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावित किया है, जिसके कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को टाल दिया गया। यूपी में नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के बाद ही पूरी होने की संभावना है।

2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा यूपी में अपनी रणनीति को और मजबूत करना चाहती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल के वर्षों में अपने पीडीए मॉडल के जरिए गैर-यादव ओबीसी, दलित और अल्पसंख्यक वोटरों को एकजुट करने में सफलता हासिल की है। इसका मुकाबला करने के लिए भाजपा सोशल इंजीनियरिंग पर जोर दे रही है। पार्टी ने हाल ही में 98 में से 70 जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है, जिसमें अगड़े समुदाय को प्राथमिकता दी गई। लेकिन 28 जिलों में अभी भी नियुक्तियां लटकी हुई हैं, जिसका कारण भी आंतरिक असहमति और गुटबाजी को माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में भाजपा सरकार भले ही मजबूत स्थिति में हो, लेकिन संगठन स्तर पर कई चुनौतियां हैं। कार्यकताओं में असंतोष की खबरें समय-समय पर सामने आती रही हैं। लोकसभा चुनावों में हार के बाद कई नेताओं ने संगठन की कमजोरियों को उजागर किया था। ऐसे में नया प्रदेश अध्यक्ष न केवल संगठन को एकजुट करने की जिम्मेदारी लेगा, बल्कि उसे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और मतदाताओं को फिर से पार्टी की ओर आकर्षित करने का काम भी करना होगा।

बहरहाल, भाजपा की रणनीति में यूपी का महत्व देखते हुए यह देरी कई सवाल खड़े करती है। पार्टी को न केवल संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है, बल्कि मतदाताओं के बीच अपनी विश्वसनीयता को भी फिर से स्थापित करना है। नए अध्यक्ष का चयन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा, लेकिन इसके लिए पार्टी को आंतरिक मतभेदों को दूर करना होगा। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस पेंच को कैसे सुलझाती है और यूपी में अपनी सियासी जमीन को फिर से मजबूत करने के लिए कौन सा चेहरा सामने लाती है।

## दैनिक पंचांग

**2 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.25 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | सिंह | 08.41 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.53 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.04 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.18 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.34 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.39 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.26 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.59 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.29 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | वृष | 02.09 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.07 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 183 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 11.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 11.08 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 17.47 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 11.59 बजे तदनन्तर विष्टि 01.00 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 02'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872393
**जूलियन दिन** 2460858.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 06

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### अनियंत्रित ट्रक नाली तोड़ते हुए घुसा घर में बाल बाल बचे लोग

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया थाना के समीप शिव मोहल्ला के पास एक अनियंत्रित ट्रक नाली तोड़ते हुए घर में जा घुसा। इस दौरान घर के छज्जा को नुकसान हुआ है। वहीं लोग बाल बाल बच गए। घटना रात लगभग 1:00 बजे की है। बताया जाता है कि रेलवे पटरी के नीचे लगाए जाने वाला सीमेंट की भारी-भारी सिल्लियां उक्त ट्रक में लदी हुई थी। ट्रक सरिया से बगोदर की ओर जा रहा था। रात में अनियंत्रित होकर ट्रक नाली में जाग घुसा। वही ट्रक के करवट होने के कारण घर को भी नुकसान हुआ है। उक्त मकान पंकज मंडल का बताया जाता है। घटना के बाद काफी संख्या में लोग जुट गए। समाचार लिखे जाने तक ट्रक इस तरह घटना स्थल पर पड़ी हुई थी।

# केंद्रीय मंत्री तीन को करेंगे बाइपास का उद्घाटन : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** गढ़वावासियों की चिर प्रतीक्षित मांग पूरी होने जा रही है। 15 साल से निर्माण की बांट जोह रहे जिलेवासियों को तीन जुलाई को बाइपास की सौगात मिलेगी। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीन जुलाई को गढ़वा क्षेत्र में आयोजित समारोह के दौरान नवनिर्मित गढ़वा बाइपास सड़क का शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने डालटनगंज आवास पर मंगलवार को पत्रकारों को जानकारी दी।
सांसद ने बताया कि 15 साल से गढ़वा के लोग बाइपास की मांग करते आ रहे थे। केंद्रीय मंत्री इसकी सौगात देंगे। गढ़वा बाईपास के बनने से व्यापार और आवागमन में सुगमता आएगी। छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के लोगों को भी फायदा पहुंचेगा। 49 किलोमीटर लंबे बाइपास का निर्माण किया गया है। गढ़वा बाइपास का निर्माण पूरा होने से लोगों को बहुत बड़ी जाम की समस्या से निजात मिलेगी। सांसद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपील की है।
सांसद ने कहा कि करीब 8000 करोड़ की लागत से रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे का फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। रांची-वाराणसी नेशनल हाईवे पहले नेशनल हाईवे 75 के नाम से जाना जाता था, अब इसका नाम बदलकर नेशनल हाईवे 39 हो गया है। इसका निर्माण कार्य छह अलग-अलग चरणों में किया जाना है। पहले चरण का निर्माण कार्य रांची से कुडू तक पूरा हो गया है। दूसरे चरण का निर्माण कार्य पलामू के शंखा से गढ़वा के खजूरी तक भी 1129.28 करोड़ रुपए की लागत से पूरा हो गया है। तीसरे चरण में खजूरी से यूपी के विंढमगंज तक का कार्य 15 सितंबर तक किया जाना है, जिसकी लागत 1436.49 करोड़ रुपये है। वहीं चौथे चरण में भोगु से शंखा तक का निर्माण कार्य 9 नवंबर 2025 तक किया जाना है, जिसकी लागत 1517.87 करोड़ रुपए है। पांचवें चरण का निर्माण कार्य उदयपुर से भोगु तक 9 अक्टूबर 2026 तक 1436.80 करोड़ की लागत से किया जाना है, जबकि छठे चरण का निर्माण कार्य कुरु से उदयपुरा तक 1274 करोड़ रुपए की लागत से किया जाना है, जिसका निर्माण कार्य सितंबर 2025 से शुरू किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बेटे-बहु ने बीमार मां-पिताजी को घर से निकाला



**सरिया(गिरिडीह) :** सरिया थाना क्षेत्र के मोकामो गांव में कलयुगी बेटे-बहु ने अपने बीमार मां-पिताजी को घर से निकाल दिया। जिससे बेबस व लाचारी दंपत्ति सरिया (पूर्वी) पंचायत के पैरा लीगल वालंटियर कृष्णा प्रसाद के पास पहुंचे। पीएलवी श्री प्रसाद ने इनके दुखड़े को सुना तथा उनके पुत्र इरफान अंसारी तथा पुत्रवधू को समझा बूझाकर बरसात के मौसम को देखते हुए कुछ दिनों के लिए घर में रखवाया। घटना के संबंध में पीड़ित दंपत्ति इनामुल अंसारी तथा उनकी पत्नी ने बताया कि बीते दो वर्षों से दोनों पति-पत्नी गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। दवा में काफी रूपी लग रहे हैंपरंतु उनके साथ लाचारी है। उनके छः बेटे क्रमशः नवाब अली,नसीम रजा, रिजवान अंसारी,मेराज अंसारी, इरफान अंसारी तथा तनवीर आलम हैं। सभी बाल बच्चे से युक्त हैं। परंतु एक पुत्र को छोड़कर कोई मदद नहीं करते हैं। जबकि सभी बच्चों के बीच पैतृक संपत्ति का बंटवारा कर दिया। बावजूद उनके पुत्र मां पिताजी का भरण पोषण नहीं करते हैं। 6 पुत्रों में इरफान अंसारी बीते लगभग ढाई वर्षो से इन दोनों दंपत्ति की देखरेख तथा इलाज करवा रहा है। अब इरफान अंसारी भी इन दोनों की सेवा करने में लाचार है। इसके भी परिवार बढ़ने लगे हैं। यह अभी अपने माता-पिता की सेवा करने से मुकर रहा है। इसने बीते सोमवार को अपने मां-पिताजी को घर से निकाल दिया। इसके बाद पीड़ित दंपत्ति ने पीएलबी से संपर्क किया। उन्होंने इसके पुत्र इरफान अंसारी को समझा बूझाकर फैसला होने तक पुनः घर में रखवाया। इस संबंध में उनके पुत्र रिजवान अंसारी ने बताया कि इनके पिताजी हठधर्मी हैं। इन लोगों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। इरफान अंसारी के साथ हुए रहना पसंद करते हैं। घर की अचल संपत्ति धीरे-धीरे बेच रहे हैं। इरफान द्वारा मां पिताजी को घर से निकालने की बात सोची समझी षड्यंत्र है।

### सरिया अनुमंडल कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन, 5 लोगों ने किया रक्तदान

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया अनुमंडल कार्यालय परिसर में मंगलवार को प्रशासन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमंडल कर्मी राजेश कुमार सूर्या समेत पांच लोगों ने रक्तदान किया। सरिया अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने कहा कि जिले के उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल कार्यालय परिसर सरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 5 लोगों ने रक्तदान किया। इन्होंने कहा कि रक्तदान करने से रक्तदाता को किसी प्रकार का कोई परेशानी नहीं होती है, उनके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जान जरूर बच जाता है। हालांकि अभी क्षेत्र के लोग जागरुक नहीं हैं जिसके कारण वे रक्तदान के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। रक्तदान महादान है इसलिए इस मुहिम में अधिक से अधिक लोगों को स्वेच्छा से भाग लेकर रक्तदान करना चाहिए। इस शिविर में अनुमंडल कर्मी विनय कुमार,योगेंद्र प्रसाद,गौरव बवेजा, सुरेंद्र रविदास,विकास पासवान, ब्रम्हदेव पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# टाटीसिलवे एक्यूप्रेशर परिषद कार्यालय में डॉक्टर डे धूमधाम से मनाया गया




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** एक्यूप्रेशर परिसर झारखंड शाखा कार्यालय टाटीसिलवे रांची में राष्ट्रीय डॉक्टर डे धूमधाम से मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा।, के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे थे इन्होंने कहा की एक्यूप्रेशर योग नेचुरल पाठ इन सभी को एक मंच पर आना पड़ेगा वह दिन दूर नहीं जब लोग नेचुरल पेट के ऊपर ही आश्रित होंगे एलोपैथ के दोष प्रणाम जग जाहिर है डॉक्टर पांडे ने कहा की एक्यूप्रेशर योग नेचुरल पैक ही एक विकल्प है जो मिल का पत्थर साबित होगा कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉक्टर चंद्र प्रकाश तिवारी ने किया कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र ठाकुर के द्वारा किया गया इस अवसर पर टाटी सिल्वर डॉक्टर फाउंडेशन का गठन किया गया जिसका सहमति से अध्यक्ष चंद्र प्रकाश तिवारी सचिन एवं कोषाध्यक्ष डॉ अर्जुन महतो को बनाया गया सलाहकार समिति में सुरेंद्र ठाकुर एवं अर्जुन प्रमाणिक को रखा गया एवं संरक्षक एक्यूप्रेशर परिषद के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे को बनाया गया इसके अलावा डॉक्टर नरेश महतो डॉक्टर महेश प्रजापति डॉक्टर सोनू महतो प्रोफेसर लखन मिश्रा हवलदार अनुज सिंह को मेंबर बनाया गया यह संस्था एक साल के लिए बनाई गई है प्रत्येक सदस्यों को प्रोत्साहित करना डॉक्टर का सम्मान के रक्षा करना एवं मरीज और डॉक्टर में संबंध बनाने का काम करेगा धन्यवाद ज्ञापन सोनू महतो के द्वारा किया गया इस अवसर पर सभी डॉक्टरों ने एक दूसरे को बधाई डॉक्टर डी की बधाई दी एवं मिठाइयां बांटी गई यह जानकारी प्रेस को डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने दी।

### हूल दिवस पर लाठी चार्ज के विरोध में राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया



**अनगड़ा :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ओरमांझी में मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता के नेतृत्व राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया बता दें कि हुल दिवस के अवसर पर भोगनाडीह में हूल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हेमंत सरकार के इशारे पर सिदो-कान्हू के वंशजों एवं आदिवासियों पर लाठीचार्ज किया गया था। उक्त घटना के विरोध में मंगलवार को पुतला दहन किया गयो मौके पर पूर्व विधायक राम कुमार पहान रांची जिला अध्यक्ष धीरज महतो पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू राजेन्द्र साही मानकी आरती कुजूर आदि शामिल थे।

# मुहर्रम को लेकर सरिया थाना में शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया (गिरिडीह) :** मुहर्रम त्योहार को लेकर सरिया थाना में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी तथा संचालन थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने किया । इस बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित हुए । बैठक में मोहर्रम पर्व को लेकर विधि व्यवस्था से संबंधित बातों पर चर्चा की गई। सभी अखाड़ा समिति के लोगों से त्योहार को लेकर समस्याओं से संबंधित जानकारी से संबंधित विषयों का आदान-प्रदान किया गया ।लोगों ने प्रशासन को अस्वस्त किया कि दोनों समुदाय के लोग मोहर्रम पर्व में सहयोग करेंगे। कहा गया की मुहर्रम का ताजिया घुमाते समय दूसरे समुदाय का ख्याल भी रखें। निर्धारित रुट और तय समय से ही जूलूस घुमाया जाय। भड़काऊ नारे नहीं लगाएं। मुहर्रम के दौरान डीजे और भडकाऊ व विवादित गाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि डीजे बजा और शिकायत मिली तो डीजे जब्त होगा और संचालक पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके इसके लिए प्रशासन पूरी मुस्तैद रहेगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने समितियों से अपील किया है कि वह किसी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नहीं देंगे । किसी असामाजिक तत्व द्वारा यदि अशांति या उपद्रव का माहौल पैदा करते हैं तो इसकी सूचना प्रशासन को दें कानून हाथ में नहीं लें,सोशल मीडिया पर अफवाह ना फैलाएं। बैठक में सांसद प्रतिनिधि बिनोद यादव, बबलू मंडल, मुरली मनोहर मंडल, मो.ईकबाल,लाल मोहम्मद, काजिम अंसारी, रहमत अंसारी, मोहम्मद हबीब, जाकिर अंसारी, मोहम्मद वसी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# एसबीयू में एक्सपर्ट टॉक का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में मंगलवार को ' फ्रॉम इनोवेशन तो ऑनरशिप : अंडरस्टैंडिंग इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स ' विषय पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इसमें बोलते हुए भारत सरकार के पेटेंट डिजाइन और ट्रेडमार्क के नियंत्रक जनरल के साथ पंजीकृत पेटेंट एजेंट देव प्रिया ने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के अकादमिक जगत में उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इसके प्रकार, कॉपी राइट, प्लांट वैरायटी प्रोटेक्शन, ले आउट डिजाइनिंग एवं इंटीग्रेटेड ज्योग्राफिकल इंडिकेशन के विषय में भी बताया। साथ ही पेटेंट फाइल करने के तौर तरीकों और समयावधि के बारे में उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन समेत विवि के अन्यान्य शिक्षकगण सम्मिलित हुए। सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

### गैर आदिवासी एकता मंच का किया गया गठन

**सिल्ली :** झारखंड राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में निवासरत गैर आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकार प्राप्त करने के लिए सभी गैर आदिवासी समाज के सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों एवं बुद्धिजीवियों के प्रयास एवं सामुहिक नेतृत्व में गैर आदिवासी एकता मंच३ का गठन किया गया है, जिसमें लालचन महतो, अरुण कश्यप, उपेन्द्र नारायण सिंह, दिलिप सोनी, अब्दुल खालिद, जयसिंह यादव,कैलाशयादव,सागर कुमार,राजेश गुप्ता,सन्तोष सोनी,धर्मेन्दर महतो,डाक्टर धनेश्वर महतो, मोहम्मद ओबैदुल्लाह, डाक्टर रामप्रवेश सिंह, सुरेन कालिन्द, अधिवक्ता राजकुमार साहू वड़ेया, अधिवक्ता कालिपद महतो ,महावीर महतो, महेश्वर चौधरी ,राधेश्याम साहु ,पंचानन ठाकुर रांची, राजु महतो इत्यादि साथियों को नामित किया गया।

# फादरों से लूटपाट और मारपीट करने वाले पांच अंतरराज्यीय अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** सिमडेगा के बोलबा थाना के समसेरा चर्च पल्ली में विगत दिनों धर्मगुरुओं पर जानलेवा हमला करते हुए 06 लाख रुपए की लूट करने मामले में सिमडेगा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने इस मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के 05 अपराधियों को ओडिसा से धर दबोचा। एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि विगत 09 जून को बोलबा थाना क्षेत्र के समसेरा पल्ली के धर्मगुरुओं पर कुछ अपराधियों ने जानलेवा हमला करते हुए उनसे 600000 की लूट कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने बोलवा थाना कांड सं0-09/2025 के तहत मामला दर्ज करते हुए अपनी अनुसंधान शुरू की। घटना का उद्भेदन हेतु एसपी सिमडेगा के निर्देशन में वरीय डीएसपी हेड क्वार्टर रणवीर सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। अनुसंधान के कम में तकनीकी सहायता एवं गुप्त वं गुप्त सूचना के आधार पर इस कांड में संलिप्त अन्तर्राज्यीय गिरोह के अपराधी दिलीप बरवा, विकास केरकेष्टा, अमित केरकेट्टा, सुनिल लखवा एवं दीपक सिंह की गिरफ्तारी की गयी। इसमें से पुलिस को अपराधी दिलीप बरवा के पास से 9,000 रूपया नगद, हैण्ड ग्लब्स 08 जोड़ा, हैडबैंड 08 पीस, मास्क 08 पीस, जिन्स पैन्ट, सर्ट एक जोड़ा जूता, मोजा एवं मोबाईल फोन मिले हैं। साथ हीं अभियुक्त विकास केरकेट्टा के पास से 5,000 रूपया नगद एवं एक मोबाईल फोन। अभियुक्त सुनिल लखवा के पास से 4,000/- रूपया नगद एवं एक मोबाईल फोन। अभियुक्त अमित केरकेट्टा के पास से 3,000/- रूपया नगद एवं एक मोबाईल फोन। और अभियुक्त दीपक सिंह के पास से एक मोबाईल फोन मिला है।एसपी ने बताए कि इस कांड के एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु झारखण्ड एवं उड़ीसा राज्य के विभिन्न स्थानों पर छापामारी की जा रही है। एसपी सिमडेगा ने इस घटना के उद्भेदन टीम को 20 हजार रुपए का रिवॉर्ड दिया है।

# डॉक्टर्स डे पर निफा ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**दुमका :** डॉक्टर डे पर निफा संस्था की ओर से जागरूकता सह सम्मान समारोह आयोजित हुई। सम्मान समारोह वेस्टर्न इंग्लिश स्कूल में मंगलवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जतिन कुमार ने किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि डीएसपी आकाश भारद्वाज और विशेष अतिथि जतिन कुमार स्कूल के निर्देशक अजय दुबे ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा छात्रों को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉक्टरों ने छात्रों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टरों ने छात्रों के सवालों का जबाव देते हुए उन्हें स्वास्थ्य संबंधी छोटी-छोटी सावधानियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी भारद्वाज ने बताया कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना न सिर्फ डॉक्टरों की जिम्मेदारी है, बल्कि हर व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ अभिषेक, डॉ श्वेता स्वराज, डॉ शमीम अंसारी, डॉ सरिता कुमारी, डॉ राजेश रोशन, डॉ राजेश रंजन, डॉ संगीता टप्पू समेत अन्य डॉक्टरों को पौधा एवं प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक राजेश कुमार झा, देव कुमार, विकास कुमार मंडल सहित अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।


झारखण्ड सरकार

भू-अर्जन वाद सं०-25/2024-25

## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

''बन्ता-राहे बुण्डू पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना''

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा-पुरना नगर, थाना संख्या-92, अंचल-राहे, जिला-राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ''बन्ता-राहे बुण्डू पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना'' हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुर्नव्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा-पुरना नगर, थाना संख्या-92, अंचल-राहे, जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश कुल रकबा-**4.590** एकड़ भूमि मानक माप का भू-खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

मौजा-पुरना नगर

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का वर्गीकरण | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ० | द० | पू० | प० |
| 01 | 1 | 2 | बाग आम, टाड़ दो | 0.060 | बकास्त | 20 | 19 | 6 | 20 |
| 02 | 14 | 6 | टाड़ तीन | 0.709 | कीरती साह इमाम पेशरान मागा इमाम वो कोसी हजाम पेशरान मागा इमाम जाति इमाम वगैरह | 2 | 18 | 7 | 18 |
| 03 | 14 | 7 | टाड़ तीन | 0.231 | कीरती साह इमाम पेशरान मागा इमाम वो कोसी हजाम पेशरान मागा इमाम जाति इमाम वगैरह | 18 | 644 | 9 | 17 |
| 04 | 25 | 311 | टाड़ तीन | 0.520 | दुखु बड़ाईक पेशरान चामा बड़ाईक व महकु बड़ाईक पेशरान चामा बड़ाईक वगैरह | 310 | 306 | 312 | 307 |
| 05 | 25 | 312 | टाड़ तीन | 0.011 | दुखु बड़ाईक पेशरान चामा बड़ाईक व महकु बड़ाईक पेशरान चामा बड़ाईक वगैरह | 310 | 313 | 312 | 311 |
| 06 | 33 | 313 | टाड़ दो | 0.131 | करम पातर वल्द ठाकुर पातर व टुकुन पातर वल्द तजुआ पातर | 311 | 314 | 312 | 306 |
| 07 | 50 | 22 | दोन तीन | 0.047 | चरमा महतो वल्द फागु महतो जाति' कुरमी | सिवाना | 23 | सिवाना | 21 |
| 08 | 52 | 9 | टाड़ तीन | 0.331 | अमीका महतो पेशरान अर्जुन महतो व घनश्याम महतो पेशरान नारायण महतो वगैरह | 7 | 253 | 8 | 644 |
| 09 | 52 | 23 | टाड़ तीन | 0.579 | अमीका महतो पेशरान अर्जुन महतो व घनश्याम महतो पेशरान नारायण महतो वगैरह | 22 | 20 | 20 | 24 |
| 10 | 54 | 253 | दोन एक | 0.415 | अमीका महतो पेशरान अर्जुन महतो व घनश्याम महतो पेशरान नारायण महतो वगैरह | 9 | 263 | 254 | 9 |
| 11 | 54 | 255 | दोन दो | 0.118 | अमीका महतो पेशरान अर्जुन महतो व घनश्याम महतो पेशरान नारायण महतो वगैरह | 254 | 262 | 257 | 253 |
| 12 | 73 | 314 | टाड़ दो | 0.208 | वुधु पातर वल्द करम पातर | 312 | 316 | 315 | 313 |
| 13 | 82 | 257 | दोन तीन | 0.030 | मुसमात मान कुंवर जोजे बैजनाथ देशवाली | 256 | 258 | 302 | 255 |
| 14 | 82 | 258 | टाड़ दो | 0.248 | मुसमात मान कुंवर जोजे बैजनाथ देशवाली | 257 | 260 | 302 | 261 |
| 15 | 82 | 260 | टाड़ एक | 0.021 | मुसमात मान कुंवर जोजे बैजनाथ देशवाली | 258 | 267 | 302 | 259 |
| 16 | 111 | 261 | टाड़ एक | 0.009 | सेख कवीरउद्दीन वल्द सेख नेआज अली व सेख सुभान अली वल्द कुर्वान अली | 262 | 260 | 258 | 263 |
| 17 | 111 | 262 | टाड़ एक | 0.055 | सेख कवीरउद्दीन वल्द सेख नेआज अली व सेख सुभान अली वल्द कुर्वान अली | 255 | 261 | 258 | 253 |
| 18 | 111 | 307 | टाड़ दो | 0.149 | सेख कवीरउद्दीन वल्द सेख नेआज अली व सेख सुभान अली वल्द कुर्वान अली | 308 | 306 | 311 | रोड |
| 19 | 111 | 308 | दोन तीन | 0.050 | सेख कवीरउद्दीन वल्द सेख नेआज अली व सेख सुभान अली वल्द कुर्वान अली | 309 | 307 | 310 | रोड |
| 20 | 111 | 644 | टाड़ तीन | 0.004 | सेख कवीरउद्दीन वल्द सेख नेआज अली व सेख सुभान अली वल्द कुर्वान अली | 7 | 253 | 9 | 17 |
| 21 | 113 | 315 | दोन तीन | 0.219 | सेख रेआज अली पेशरान कुर्वान अली व सेख सुभान अली पेशरान सेख कुर्वान | 312 | 316 | 315 | 314 |
| 22 | 113 | 316 | टाड़ दो | 0.122 | सेख रेआज अली पेशरान कुर्वान अली व सेख सुभान अली पेशरान सेख कुर्वान | 314 | 319 | 315 | 304 |
| 23 | 121 | 18 | परती पत्थर | 0.191 | गैरमजरूआ खास | 6 | 19 | 6 | 19 |
| 24 | 121 | 302 | नाला | 0.074 | गैरमजरूआ खास | रोड | रोड | 308 | 260 |
| 25 | 122 | 19 | चारागाह | 0.004 | गैरमजरूआ आम | 2 | 15 | 6 | 20 |
| 26 | 122 | 20 | रास्ता | 0.054 | गैरमजरूआ आम | 23 | 19 | 2 | 23 |
| | | | **कुल** | **4.590** | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,राँची।

PR 356271 Land Reforms (25-26)D

## एक नजर

### टोटो पलटी मारने से चालक बुरी तरह घायल



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत टोटो पलटी मारने से टोटो चालक बुरी तरह जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रसूलपुर दहला निवासी स्वर्ग किशन प्रसाद यादव का 26 वर्ष पुत्र राजेश कुमार यादव टोटो लेकर जिलेबिया घाटी से नीचे उतर रहा था, उतरने के दौरान जिलेबिया घाटी हनुमान मंदिर के पास टोटो अनियंत्रित होकर पलटी मार दिया, जिससे उक्त टोटो चालक का दाहिना हाथ फैक्चर और बुरी तरह जख्मी हो गया। वहीं राहगीरों की मदद से उक्त टोटो चालक को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक मुकेश कुमार ने उक्त टोटो चालक का इलाज किया।

### मंथन ने नाबालिक किशोरी की शादी रोकी

**साहिबगंज/उधवा:** बाल संरक्षण कल्याण समिति के अंतर्गत संचालित मंथन के कर्मियों ने सोमवार को राधानगर थाना क्षेत्र के बाबूटोला में एक नाबालिक किशोरी की शादी रोक दी। मिली जानकारी के अनुसार बाबूटोला में हो रहे विवाह में दूल्हा-दुल्हन दोनों नाबालिक होने की सूचना पर मंथन के सदस्यों ने राधानगर थाना पुलिस के सहयोग से शादी समारोह में पहुंचकर शादी रोक दिया। पुलिस को देखकर शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गया। इधर पुलिस ने दूल्हा-दुल्हन दोनों को लेकर थाना लाकर जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद मंथन को सौंप दिया। मंथन के सदस्यों ने मंगलवार को बाल संरक्षण कल्याण कार्यालय में दोनों को प्रस्तुत किया। मंथन के द्वारा कार्रवाई किए जाने पर कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सराहनीय कदम बताया। क्योंकि उधवा में बड़ी संख्या में लोग नाबालिक किशोर-किशोरियों की शादी करवा रहे हैं।

### जेवर व्यवसायी से डेढ़ किलो सोना और 50 हजार रुपये की लूट

**पूर्वी सिंहभूम:** पूर्वी सिंहभूम जिले के झारखंड और बंगाल सीमा से सटे चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र में सोमवार रात एक बड़ी लूट की घटना सामने आई। पुराना बाजार स्थित प्राप्ति ज्वेलर्स के मालिक अरुण नंदी से तीन हथियारबंद बदमाशों ने उनके घर के बाहर पिस्तौल और चाकू की नोंक पर डेढ़ किलो सोने के गहने और 50 हजार रुपये नगद से भरा बैग लूट लिया। यह पूरी वारदात मिस्त्री पाड़ा स्थित उनके आवासीय परिसर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं पुलिस की तत्परता से एक आरोपित बंगाल से पकड़ा गया है।

# मुहर्रम को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** आगामी मुहर्रम पर्व-2025 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने की। बैठक में एसपी अमित कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुहर्रम के अवसर पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

**डीसी ने दिए सख्त निर्देश**

बैठक को संबोधित करते हुए डीसी हेमंत सती ने कहा कि मुहर्रम के दौरान जुलूस, ताजिया यात्रा और अन्य धार्मिक गतिविधियों के समय विधि-व्यवस्था संधारण सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी समुदायों की धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करता है, लेकिन कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी और फ्लैग मार्च जैसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती से नजर रखने और आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

**एसपी ने दी स्पष्ट चेतावनी**

एसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि जिले में शांति भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठकें करें और लोगों को सतर्क करें। एसपी ने यह भी कहा कि ड्रोन कैमरों के माध्यम से जुलूस की निगरानी की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन के साथ सहयोग करें। बैठक में प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया, जिनमें उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, सदर डीएसपी विजय कुशवाहा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे।

**सामुदायिक भागीदारी पर विशेष जोर**

बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन के साथ-साथ आमजन एवं समुदाय के प्रबुद्ध जनों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक स्थानीय शांति समितियों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने सुझाव दिया कि मुहर्रम जुलूस के मार्ग का भौतिक सत्यापन किया जाए और किसी भी प्रकार की बाधा को पहले ही दूर किया जाए।

## तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने महिला को मारा टक्कर, मौके पर हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पंजरी वेदो निवासी गंगू पहाड़िया का 35 वर्षीया पत्नी चांदी पहाड़िन बीते सोमवार की दोपहर 1:30 बजे के लगभग बोरियो हरिचरण मोड़ के आगे बागान के पास उक्त महिला अपने पति के साथ जा रही थी, उसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल में सवार तीन युवक ने चांदी पहाड़िन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे उक्त महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक मौके से टक्कर मार कर फरार हो गया। जहां राहगीरों के द्वारा घटना की सूचना बोरियो थाना पुलिस को दी गई। बोरियो थाना पुलिस मौके पर पहुंच छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। जहां उक्त महिला का पोस्टमार्टम डॉक्टर केशव कृष्णा ने किया। पोस्टमार्टम होने के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में विवाहित महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहित महिला ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी साहिबगंज निवासी लालू पंडित की 21 वर्षीया पत्नी रिंकू कुमारी घर में आपसी विवाद में कहा सुनी होते-होते गुस्से में आकर मंगलवार के दोपहर 12:30 बजे के लगभग गले में दुपट्टा लगाकर पंखे में फांसी से लटक कर आत्महत्या कर ली। जहां उक्त विवाहित महिला को फांसी के फंदे से लटकते हुए परिजनों ने देखा तो हल्ला करने के उपरांत फांसी के फंदे से उतार कर उक्त विवाहित महिला को परिजनों ने इलाज के लिए आनन फानन में सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर कुलदीप कुमार गुप्ता व डॉक्टर ऋतुराज ने जांच करने के उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना जिरवाबाड़ी थाना को मिलते ही अस्पताल पहुंचकर छानबीन में जुट गई। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर अस्पताल में गठित टीम के द्वारा शव का पोस्टमार्टम डॉ. केशव कृष्णा, डॉ. स्नेहा यादव डॉ. कुलदीप कुमार ने किया। पोस्टमार्टम होने के उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** मंगलवार को तिरुलडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुकड़ू प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला ने की, जबकि संचालन तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार द्वारा किया गया। बैठक में कुकड़ू अंचल पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मुहर्रम पर्व को लेकर ताजिया जुलूस के रूट चार्ट, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, तथा कानून-व्यवस्था संधारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों ने शांति समिति के सदस्यगण, मुहर्रम अखाड़ा कमिटी के पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। बैठक में यह भी बताया गया कि तिरुलडीह थाना क्षेत्र के चौड़ा में मुहर्रम अखाड़ा का ताजिया जुलूस 06 जुलाई 2025 (रविवार) को निकाला जाएगा। इस जुलूस में चौड़ा ऊपर टोला, चौड़ा मांझी टोला और पश्चिम बंगाल के हुड़मदा, सिरकाडीह तथा पाटाहासल का ताजिया चौड़ा मिल मैदान में शामिल होगा। इसको लेकर सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण करने तथा आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने आश्वस्त किया कि मुहर्रम का पर्व पूर्व वर्षों की भांति सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। प्रशासन की ओर से भी सभी से सजगता एवं सहयोग की अपेक्षा जताई गई।

## विद्यालय से अज्ञात चोरों ने सोलर प्लेट की चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/राजमहल :** थाना क्षेत्र के सरकंडा गांव अंतर्गत प्राथमिक योगीचक जयरामपुर उच्च विद्यालय सरकंडा परिसर में लगी जल मीनार से सोलर प्लेट चोरी हो गई। जिसकी कीमत लगभग 25000 हजार बताई जा रही है विद्यालय के प्रधानाध्यापक रूपेश कुमार चौरसिया ने राजमहल थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि 29 और 30 जून को विद्यालय छुट्टी था, लेकिन जब 1 जुलाई को विद्यालय आया तो देखा कि सोलर पैनल की प्लेट में नहीं लगा है। तब इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीण एवं स्थानीय पुलिस को दूरभाष के माध्यम से सूचना दिया गया। आप को बता दें कि 30 जून की रात को चोर विद्यालय परिसर में लगी सोलर पैनल की प्लेट चोरी कर ले गए है। सोलर प्लेट चोरी होने से स्कूल में विद्यार्थियों को पानी पीने की किल्लत हो गई है जिनको लेकर परेशानी झेलनी पड़ रही है। विद्यालय में 300 विद्यार्थी हैं और नवमी कक्षा में एडमिशन जारी है। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष सचिव एवं स्थानीय ग्रामीणों ने इस घटना में नाराजगी जताते हुए बताया कि इस तरह का घटना विद्यालय परिसर में होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन जल्द से जल्द कार्रवाई कर चोरों को गिरफ्तार करें ताकि और भविष्य में इस तरह का घटना ना हो।

## संक्षिप्त खबरें

### मेकअप आर्टिस्ट कोर्स कर रहे पाकुड़ के युवक का शव पंखे से लटका मिला



**पाकुड़ :** जिले के नगर थाना क्षेत्र के छोटी अलीगंज में युवक (22 वर्ष) का शव पंखे से गमछे के सहारे लटका मिला। युवक की पहचान शुभम सिंह के रूप में हुई है। वह कोलकाता में मेकअप आर्टिस्ट का कोर्स कर रहा था। शुभम अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी तीन बड़ी बहनें हैं। शुभम के पिता सिंगारसी में कार्यरत हैं। घटना से एक दिन पूर्व अपने पिता से मिलने सिंगारसी गया था। लौटने के बाद वह सामान्य था, लेकिन करियर को लेकर चिंतित रहता था। परिवार वालों ने बताया कि घर का मेन गेट बंद था, बाकी घर के सारे दरवाजे खुले थे लाइट ऑफ थी। शाम को जब चाय के लिए दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा नहीं खुला, उसके बाद मोबाइल पर भी रिंग किया गया पर जब फोन नहीं उठाया तो उन्हें आशंका हुई। खिड़की के सहारे देखने पर शुभम को फंदे से लटका हुआ पाया। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और घर में मातम पसरा हुआ है। वहीं पुलिस मामले की जाँच कर रही है और हर पहलू पर ध्यान दे रही है। मामले की पूर्ण जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आयेगी।

### उत्पाद दुकान का स्टॉक सत्यापन और सामग्रियों के हैंडओवर व टेकओवर के कार्यों का उपायुक्त ने लिया जायजा



**पाकुड़ :** ज़िले में संचालित कुल 36 खुदरा उत्पाद दुकान (देशी/विदेशी/कम्पोजिट शराब दुकान) का स्टॉक सत्यापन और सामग्रियों के हैंडओवर व टेकओवर का कार्य आज मंगलवार से शुरू कर दिया गया है। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया एवं अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन एवं उत्पाद अधीक्षक आशुतोष कुमार ने विभिन्न खुदरा उत्पाद दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी दुकानों का स्टॉक व विभिन्न सामग्रियों का सत्यापन किया। उपायुक्त ने उपस्थित दंडाधिकारियों को खुदरा उत्पाद दुकानों के स्टॉक सत्यापन और सामग्रियों के हैंडओवर व टेकओवर का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### एसबीआई बैंक ने मनाया 70वां स्थापना दिवस



**साहिबगंज:** शहर के चौक बाजार स्थित एसबीआई मुख्य शाखा में मंगलवार को अपना 70वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर उप शाखा प्रबंधक त्रिवेणी चंद्र राय के द्वारा ग्राहकों को मुंह मीठा कराया गया। साथ ही बैंक कर्मियों ने निष्ठा पूर्व अपने कर्तव्य का निर्वाह करने को लेकर शपथ लिए गए और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। मुख्य शाखा प्रबंधक संजय चौधरी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक का 70वां साल बेमिसाल रहा। ग्राहकों का प्यार व बैंक कर्मियों का मेहनत ने इस मुकाम पर पहुंचा है। आगे भी ग्राहकों की सेवा में बैंक तात्पर्य रहेगी। वहीं इस उपलक्ष पर उप शाखा प्रबंधक त्रिवेणी चंद्र राय सहित बैंक कर्मियों के द्वारा मुक बधिर विद्यालय में बच्चों के बीच मध्यान भोजन का पैकेट वितरण किया गया, और जैप -9 में दो पंखा कुलर वितरण किया गया। इस मौके पर उप शाखा प्रबंधक त्रिवेणी चंद्र राय, उप प्रबंधक गणेश मुर्मु, कुमार अनिवन, सहित बैंक कर्मी मौजूद थे।

### एक व्यक्ति ने खुद का धारदार छुरी से गला काटकर मूर्छित हो गया



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति ने अपने से गला काट कर मूर्छित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार छोटा मदनशाही निवासी स्वर्ग जमालुद्दीन अंसारी का 55 वर्ष पुत्र फैजल अंसारी ने बीते रात्रि को दिमागी हालत सही नहीं होने के कारण अपने से धारदार छुरी से गला काट लिया और मूर्छित होकर जमीन पर गिर गया। वहीं बड़ा बेटा मुस्तकीम अंसारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरे पिता का बहुत दिनों से दिमागी हालत सही नहीं रहने के कारण इस घटना को अपने से अंजाम दिया है। दिमागी हालत ठीक नहीं होने के कारण मेरे पिता का इलाज बाहर से चल रहा है। जहां परिजनों ने आनन-फानन में उठा कर उक्त व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। वहीं ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक मुकेश कुमार ने उक्त व्यक्ति का इलाज किया। वहीं उक्त व्यक्ति का चिकित्सक के देखरेख में इलाज चल रहा है।

### मॉडल कॉलेज में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई यूजी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा



**साहिबगंज/राजमहल:** मॉडल कॉलेज राजमहल, साहिबगंज में सिदो कान्हु मुर्मु विश्वविद्यालय दुमका के अंतर्गत यूजी प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2024-28) की परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। जहां 01 जुलाई 2025 को आयोजित प्रथम पाली में एमडीसी ग्रुप-ए विषय की परीक्षा में मॉडल कॉलेज राजमहल और बीएनएल बेहरा कॉलेज के कुल 301 परीक्षार्थी नामांकित थे, जिनमें से 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र की व्यवस्था और संचालन पूरी तरह कदाचारमुक्त और अनुशासित रही। इस अवसर पर परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में अनुशासन बनाए रखने के लिए सराहा। परीक्षा के सफल संचालन में परीक्षा नियंत्रक डॉ विवेक महतो, सहायक प्राध्यापक डॉ रमजान अली, डॉ अमित कुमार, तथा कर्मचारीगण मोहन सिंह,श्याम और करमु महतो की सक्रिय भूमिका रही, जिनके प्रति डॉ सिंह ने विशेष आभार प्रकट किया।

## पेट्रोलिंग दस्ता का हुआ शुभारंभ, डीसी व एसपी ने फ्लैग मार्च निकाल कर किया प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला प्रशासन साहेबगंज द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण एवं रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक विशेष बाइक दस्ता का गठन किया गया है। इसी क्रम में आज डीसी हेमंत सती एवं एसपी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें नवप्राप्त सोलह अपाची, चार रॉयल एनफील्ड बाइक गश्ती बाइकों के माध्यम से शहर में शक्ति प्रदर्शन किया गया। दो पहिया पेट्रोलिंग वाहन को आज समाहरणालय परिसर, साहिबगंज में डीसी हेमंत सती एवं एसपी अमित कुमार सिंह द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। फ्लैग मार्च समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर अंजुमन नगर मार्ग, रसूलपुर मार्ग, एलसी रोड, कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक, सुभाष चौक मार्ग होते हुए पुनः समाहरणालय परिसर में सम्पन्न हुआ। इस मार्च के माध्यम से आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया गया एवं यह सुनिश्चित किया गया कि प्रशासन पूर्णतः सतर्क एवं सजग है। फ्लैग मार्च में डीसी एवं एसपी के साथ उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, पुलिस उपाधीक्षक और विभिन्न थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों ने भी बाइक पर सवार होकर हिस्सा लिया। मोबाइल टाइगर दस्ते के जवानों की भागीदारी से यह मार्च अत्यंत अनुशासित एवं प्रभावशाली रहा। इस अवसर पर डीसी हेमंत सती ने कहा कि जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु यह विशेष बाइक क्रय किया गया जिससे खासकर भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील इलाकों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

# सीएसआईआर संस्थान लखनऊ ने किसानों को 2.5 लाख लेमनग्रास दिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/तालझारी :** सीएसआईआर - केंद्रीय औषधीय एवं संगंध पौधा संस्थान लखनऊ द्वारा प्रायोजित एरोमा मिशन के तहत 2.5 लाख लेमन ग्रास (निम्बु घास) की कृष्णा वैरायटी के पौधे एभेन गांवता किसान क्लब तालझारी को प्रदान किया गया, जिसे पंतनगर स्थित सीएसआईआर केंद्र द्वारा तालझारी भेजा गया। इस अवसर पर एभेन गांवता किसान क्लब तालझारी के अध्यक्ष प्रीतम जॉन मरांडी ने सर्व प्रथम सीमैप लखनऊ के डॉ राम सुरेश शर्मा को धन्यवाद दिया जिनके माध्यम से इस प्रयोजना से जुड़ने का मौका मिला, इस दौरान उन्होंने ने बताया की गत वर्ष भी लेमन ग्रास की खेती का प्रयास किया गया, जिसके माध्यम से चार बीघा खेत की रोपाई पूर्व में ही कराई जा चुकी है प्राप्त पौध सामग्री से इसे और भी विस्तार किया जायेगा।तालझारी ग्राम वर्षा आधारित खेती पर निर्भर है और वर्तमान में असंतुलित वर्षा से खेती काफी प्रभावित हो रही है। लेमन ग्रास के खेती के माध्यम से किसानो को अपनी आय बढ़ने के अलावा संतुलित खेती का भी फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया की इस वर्ष इसे आम के बागान के साथ भी मिश्रित खेती हेतु बढ़ावा दिया जायेगा। इस अवसर पर किसान क्लब की 15 महिलाये एवं किसान मौजूद थे। लेमनग्रास (नींबू घास) की खेती किसानो के लिए एक लाभदायक विकल्प है। क्योंकि इसे कम लागत और कम रखरखाव की आवश्यकता होती है, लेमनग्रास की खेती तालझारी के पर्यावरण के अनुकूल होती है, क्योंकि इसे कम पानी और कीटनाशकों की आवश्यकता होती है एवं इसे बंजर या कम उपजाऊ भूमि में भी उगाया जा सकता है। रोपाई के 70-80 दिनों के बाद लेमनग्रास की कटाई की जा सकती है, कटाई के उपरांत पत्तियों से वाष्प आसवन के द्वारा तेल प्राप्त होता है। जिसका उपयोग कॉस्मेटिक्स, सौंदर्य प्रसाधन, साबुन, कीटनाशक एवं दवाओं में होता है। इस तेल का मुख्य घटक सिट्राल (80-60) प्रतिशत होता है।

# जिंदल फाउंडेशन ने पतरातू में 'हॉस्पिटल ऑन व्हील्स' का किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को बेहतर बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम उठाते हुए, जिंदल फाउंडेशन ने पतरातू में अपनी प्रमुख पहल हॉस्पिटल ऑन व्हील्स का मंगलवार को शुभारंभ किया। यह मोबाइल चिकित्सा इकाई विशेष रूप से दूरदराज और कम सेवायुक्त क्षेत्रों की सेवा के लिए बनाई गई है, जिसमें मुख्य रूप से स्त्री रोग, मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया है। साथ ही इस वाहन में सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। इस पहल का उद्घाटन जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामगढ़ डीडीसी आशीष अग्रवाल, सिविल सर्जन




डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, प्रशांत होता (मुख्य सीएसआर, जेएसपीएल) व ग्रामीण उपस्थित थें। बताया गया कि यह अत्याधुनिक मोबाइल अस्पताल परामर्श कक्ष, मूलभूत जांच उपकरण और त्वरित पैथोलॉजी जांच सुविधाओं से सुसज्जित है, जिससे उचित उपचार संभव हो सकेगा। इसमें गर्भावस्था पूर्व और बाद की देखभाल, टीकाकरण, सामान्य चिकित्सक की परामर्श सेवाएं, सामान्य बीमारियों का उपचार, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर और बहुत कुछ शामिल हैं। स्त्री रोग, स्तन और सर्वाइकल कैंसर की जांच भी करेगा। हालाँकि इस पहल में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी गई है, लेकिन यह मोबाइल अस्पताल गैर-संक्रामक रोगों, त्वचा संक्रमण, सांस संबंधी रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य समस्याओं का भी समाधान करेगा। त्वरित पैथोलॉजिकल जांच की सुविधा से ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर निदान और उपचार को काफी बढ़ावा मिलेगा, जहां आमतौर पर लैब जाँच की सुविधा उपलब्ध नहीं होती। शालू जिंदल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हमारा हॉस्पिटल ऑन व्हील्स केवल एक चिकित्सा वाहन नहीं, बल्कि उन परिवारों के लिए जीवनरेखा है, जिन्हें सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में कठिनाई होती है। प्राथमिक जांच सुविधाएं और समर्पित चिकित्सकीय दल के साथ, हम स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण और महिलाओं व बच्चों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिंदल फाउंडेशन इस हॉस्पिटल ऑन व्हील्स को पतरातू क्षेत्र के गांवों में नियमित रूप से संचालित करने की योजना बना रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य शिक्षा अभियान, सामुदायिक सहभागिता सत्र और फॉलो-अप सेवाएं भी चलाई जाएंगी, जिससे दीर्घकालिक लाभ और सतत स्वास्थ्य व्यवहार सुनिश्चित हो सकें। यह पहल ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य असमानता को दूर करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के फाउंडेशन के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। रामगढ़ डीडीसी आशीष अग्रवाल ने स्थानीय प्रभाव पर बल देते हुए कहा कि यह पहल पतरातू में समयानुकूल और अत्यंत आवश्यक है। यह लोगों को उनके दरवाजे पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है, जिससे दूर दराज के स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्भरता कम होती है और स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ती है। मैं इस प्रभावशाली प्रयास के लिए जिंदल फाउंडेशन को बधाई देता हूं।

## बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल को गोद लेंगे सेवानिवृत्त आईजी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** बिहार के सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक और भागलपुर में संग्रहालय का संचालन करने वाले प्रांतोष कुमार दास तोरपा प्रखंड मुख्यालय में संचालित बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल को गोद लेंगे। साथ ही विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग देंगे। यह घोषणा उन्होंने मंगलवार को स्कूल प्रांगण में की। रिटायर्ड आईजी ने सोमवार को विद्यालय पहुंचकर वहां के विद्याार्थियों और शिक्षकों से बातचीत की। इसके पूर्व विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के संस्थापक और प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत बड़ाईक ने अंगवस्त्र देकर उनका अभिवादन किया, जबकि छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया। पीकेदास ने विद्यालय परिवार को भागलपुर स्थित संग्रहालय आने लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर सौरभ बनर्जी, सत्येंद्र गोप, प्रभंजन नाग, सावित्री कुमारी, रिंकी कुमारी, रेशमा कोनगाड़ी, दीपमाला कुमारी, ज्योति कुमारी, रजनी तोपनो, कोमल शर्मा सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया मांडू प्रखंड का दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय मांडू का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय अंतर्गत विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों एवं कर्मियों को दिए। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के उपरांत उपायुक्त ने बारुघुटु उत्तरी पंचायत में बारुघुटु पूर्वी एवं बारुघुटु मध्य पंचायत के लिए निमार्णाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू श्री



रितिक कुमार के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

इस दौरान उपायुक्त ने निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने सहित अन्य निर्देश दिए। मांडू प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त के द्वारा वेस्ट बोकारो क्षेत्र में टाटा द्वारा निर्मित नक्षत्र पार्क का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर उपायुक्त ने टाटा स्टील के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उपायुक्त ने मांडूडीह पंचायत में जोड़ा तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों से जोड़ा तालाब को स्वच्छ रखने की अपील की वहीं उन्होंने तालाब के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए।

## दो महिलाओं ने की खुदकुशी चिता से पुलिस ने शवों को उठाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले में मंगलवार को दो महिलाओं ने फंद से झूलकर खुदकुशी कर ली। दोनों महिलाओं के परिजनों ने शवों का बगैर पोस्टमार्टम किए दाह-संस्कार कर रहे थे, लेकिन मौके पर पुलिस ने दोनों शवों को चिता से उठाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पहली घटना जिले के पांडू और दूसरी सतबरवा थाना क्षेत्र में हुई। पांडू थाना क्षेत्र के महुगावा में सोनी कुमारी पति एकवन सोनी (27) ने अपने ही दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।



घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी विगेश कुमार राय दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया और घटना की पूरी जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। अग्रिम कारवाई की जा रही है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं सतबरवा थाना क्षेत्र के सलैया गांव में एक महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में फंदे से झुलता हुआ पाया गया। परिजन और ग्रामीण महिला का दाह संस्कार करने के लिए औरंगा नदी के तट पर ले जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिलने पर दाह संस्कार करने से रोक दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरएमसीएच मेदिनीनगर से कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। सतबरवा थाना के सअनि अमित उपाध्याय ने बताया कि सलैया गांव की तीन बच्चों की मां शीलवंती देवी (30) पति आनंद भुइयां का शव उसके घर में फांसी के फंदें पर झूलता हुआ पाया गया। परिजनों पुलिस को सूचना दिए बिना जल्दीबाजी में शव का दाह संस्कार कराना चाह रहे थे। घटना किस कारण से हुई इसकी छानबीन करने में पुलिस जुटी हुई है। मृतका का पति ट्रैक्टर चला कर परिवार का भरण पोषण करता है।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू :** कोयलांचल कुजू क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मुहर्रम मनाने को लेकर मंगलवार को ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने की। बैठक में ओपी क्षेत्र के सभी पंचायत के मुखिया, गणमान्य लोग एवं विभिन्न समुदायों से आए प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक के दौरान ओपी प्रभारी ने क्षेत्र में आपसी भाईचारे एवं सौभाग्यपूर्ण वातावरण में मुहर्रम त्यौहार मनाने की बात कही साथ ही प्रशासन के तरफ से हर संभव मदद का भरोसा जताया। उन्होंने क्षेत्र से आए विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधियों से निर्धारित मार्ग से जुलूस निकालने एवं जुलूस के दौरान किसी तरह का भड़काऊ गतिविधियों से दूर रहने की अपील की। वही बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं गण्यमान्य लोगों ने मुहर्रम त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने पर सहमति जताई। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमर सिंह, प्रेम प्रसाद, रतन साहू, शिव कुमार प्रसाद, कयूम खान, प्रदीप गुप्ता, सहीम जाफरी शमीम अंसारी सहित सभी पंचायत से आए मुखिया मौजूद थे।

## लायंस क्लब ने डॉक्टर डे पर लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** डॉक्टर दिवस के शुभ अवसर पर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने मंगलवार को सयाल शिवाजी रोड स्थित सहयोग क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इसका उद्घाटन रांची के सुप्रसिद्ध छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश जैन एवं सयाल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.के. मंजुल ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. जैन के साथ रांची की डेंटल सर्जन डॉ. रुचि सिंह तथा सयाल के डॉ. एम.के. मंजुल 50 से 55 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया और उन्हें आवश्यक दवाएं भी मुफ्त में उपलब्ध कराई। शिविर में अस्थमा, डायबिटीज और दंत रोगों से संबंधित मरीजों की जांच और परामर्श दिया गया।




वहीं डॉक्टर डे के अवसर पर क्लब की ओर से चार विशिष्ट चिकित्सकों को प्रशस्ति-पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। सम्मान पाने वाले डॉक्टरों में डॉ. योगेश जैन (जैन चेस्ट केयर, रांची), डॉ. राजेश कुमार (सीसीएल हॉस्पिटल, भुरकुंडा), डॉ. सौरभ प्रियदर्शी तिवारी (डेंटल सर्जन), डॉ. रुचि सिंह (डेंटल सर्जन, व्यास ओरल केयर, रांची) शामिल हैं। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा ने कहा कि ह्यडॉक्टर इस धरती पर भगवान का रूप होते हैं। एक भगवान ऊपर हैं, और दूसरे डॉक्टर के रूप में हमारे बीच रहते हैं। डॉ. योगेश जैन ने कहा कि मरीजों की सेवा डॉक्टरों का धर्म है, और इलाज के समय पैसे की नहीं, जान बचाने की प्राथमिकता होनी चाहिए। लायन विजयंत कुमार ने कोलफील्ड क्षेत्र में बढ़ते अस्थमा मरीजों की चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे शिविर बेहद उपयोगी हैं। डॉ. एम. के. मंजुल ने डायबिटीज और अस्थमा से ग्रसित मरीजों को संतुलित खान-पान और परहेज की सलाह दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव अखिलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष निर्मल अग्रवाल, रेखा वर्णवाल, माला शर्मा, विजयंत कुमार, डॉ. राजेंद्र महतो, अंजू देवी, शिवा प्रसाद, रेखा मंजुल, सोनाराम मांझी, दीनबंधु सिंह, प्रमोद शर्मा, रमेश अग्रवाल, विजय वर्णवाल, मो. मुमताज, विमल यादव, भूपेंद्र सिंह सैनी (जिबू), रेनू जायसवाल, एमजेएफ संजय जायसवाल, सूबेदार एचएन यादव, राजेश अग्रवाल सहित डॉ. शुभम, डॉ. निशा, दीपक, राहुल, अभिषेक मंजुल, खजांची राम, शंकर प्रसाद आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### रजरप्पा भैरवी नदी में डूबे युवक का शव तेनुघाट में मिला

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका दरबार में पूजा करने आया युवक भैरवी नदी में डूब गया था। तीन दिन पहले हुए इस हादसे के बाद पुलिस उसकी लाश की तलाश नदियों में कर रही थी। 72 घंटे के बाद उसकी लाश तेनुघाट डैम के पास मिली है। रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार खुद अपनी टीम के साथ गए थे और नदी से उसे युवक की लाश निकाली। उन्होंने बताया कि पटना से दर्शन करने आए परिवार का एक युवक नहाने के दौरान भैरवी नदी में डूब गया था। नदी का बहाव तेज होने के कारण शशि कुमार नामक युवक देखते ही देखते नदी में समा गया था। तेनुघाट डैम में एक पेड़ पर उसकी लाश फंस गई थी। शशि कुमार अपने परिवार के संग बिहार की राजधानी पटना के अतवारपुर से रजरप्पा स्थित मां छिन्नमास्तिका मंदिर पूजा अर्चना के लिये पहुंचा था। मंगलवार को शशि कुमार का पोस्टमार्टम किया गया और उसके बाद परिजनों को शव सौंपा गया।

### हाईवा और कार में टक्कर, बुजुर्ग महिला की मौत

**रामगढ़ :** रामगढ़ बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर कोठार ओवर ब्रिज के पास हाईवा और कार में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार पर सवार 60 वर्षीया महिला शालू देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार पर सवार अनुज करमाली और रामदेव लोहरा को भी गंभीर चोटे आई हैं। कार पर सवार सभी लोग रामगढ़ थाना क्षेत्र के कैथा गांव के ही रहने वाले थे। व अपने घर से निकलकर रजरप्पा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा जेएच 02 एडब्ल्यू 2789 ने उनकी अल्टो कार जेएच 24 जे 7024 को जोरदार टक्कर मार दी। इस मामले में हाईवे के चालक के खिलाफ मंगलवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### विस्थापन के खिलाफ आदिवासियों ने किया हथियारबंद जनप्रदर्शन

**पूर्वी सिंहभूम :** दलमा क्षेत्र से आदिवासियों और परंपरागत वननिवासियों को उजाड़ने के विरोध में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष दलमा क्षेत्र ग्राम सभा सुरक्षा मंच (कोल्हान) के नेतृत्व में हथियारबंद विशाल जनप्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी पारंपरिक तीर-धनुष, लाठी, भाला लेकर पहुंचे। यह विरोध दलमा को इको-सेंसिटिव जोन घोषित कर हजारों परिवारों के पुश्तैनी घरों को ध्वस्त करने की सरकारी योजना के खिलाफ था। पटमदा, चांडिल, बोड़ाम, डिमना, पारडीह, गालूडीह, घाटशिला और मुसाबनी समेत कोल्हान के सुदूर क्षेत्रों से हजारों ग्रामीण अंबागान मैदान में जुटे। वहाँ से नारे लगाते हुए रैली के रूप में उपायुक्त कार्यालय पहुँचे। रैली में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। उनके हाथों में बैनर थे। हम उजाड़े नहीं जाएंगे झ्र जंगल हमारा है। सभा को झारखंड ग्राम सभा सुरक्षा मंच के संजय नाग, आदिवासी सम्प्रभुता समिति चांडिल की सुशीला सोरेन, बिरसा सेना के रामचंद्र पूर्ति, आदिवासी जन मंच के पतरस टुडू और स्वराज सोशियो इकनॉमिक एंड रिसर्च सेंटर की रजनी बेसरा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि हमारे पुरखे इसी जंगल में रहे। आज हमें ही कागज मांगकर बेदखल किया जा रहा है। यह सवाल सिर्फ जमीन का नहीं, बल्कि हमारी पहचान का है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बिना ग्रामसभा की सहमति कोई फैसला न लिया जाए और विस्थापन की जगह स्थायी परंपरागत अधिकारों की गारंटी हो।

## संक्षिप्त खबरें

### शिबू सोरेन के स्वस्थ लाभ के लिए छिन्नमस्तिका मंदिर में की गई पूजा अर्चना



**रामगढ़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री व राज्य सभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वस्थ हेतु रामगढ़ जिला संयोजक विनोद किस्कू द्वारा सिद्धपीठ छिन्नमस्तिका रजरप्पा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर हवन किया गया। ताकि अस्वस्थ चल रहेदिशोम गुरु शिबू सोरेन को जल स्वस्थ लाभ प्राप्त हो। ज्ञात हो कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। जिसका उपचार नई दिल्ली में हो रही है। मौके पर जिला संयोजक सदस्य श्री बिनोद कुमार महतो जी, श्री कमलेश पांडेय जी, श्री सतीश मुर्मू जी,श्री अरुण बनर्जी जी, श्री सकलदेव करमाली जी, श्री शिवलाल हांसदा जी, श्री कृष्णा करमाली जी, श्री तपेश सिंह जी, श्री सुभम कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सौंदा डी दुर्गा मंडप में मां बिपत्तारिणी की हुई पूजा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**भुरकुंडा :** सौंदा डी दुर्गा मंडप एक बार फिर भक्तिभाव और धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया। जब बंगाली समाज के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को मां बिपत्तारिणी पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। परंपरा के अनुसार, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पंडित दिलीप चटर्जी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिपूर्वक मां की आराधना की। पूजन में श्रद्धालुओं ने मां को 13 प्रकार के फल, फूल और मिठाइयाँ अर्पित कर परिवार और समाज की हरियाली, सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूजा स्थल सहित आसपास का पूरा क्षेत्र श्जय मां बिपत्तारिणीश के जयघोष से गूंजता रहा। पंडित दिलीप चटर्जी ने बताया कि यह पूजा विशेष रूप से मां दुर्गा के बिपत्तारिणी स्वरूप को समर्पित होती है, जो अपने भक्तों को विपदाओं से मुक्ति प्रदान करती हैं। अनानास का इसमें विशेष महत्व होता है, जिसे श्रद्धापूर्वक चढ़ाया जाता है। पूजन उपरांत महिलाओं ने अपने परिवार के पुरुष सदस्यों को दूर्वा से बने रक्षा सूत्र बांधकर उनकी कुशलता की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में दीपक सिंह, जोयदेव गुप्ता, सुरेश खरवार, संजय यादव, अंशु जायसवाल, रिशु, अजीत झा सहित दर्जनों महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### लड़की को छेड़ना मनचले को पड़ गया भारी, पहुंचा थाने

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के नईसराय में एक मनचले को नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी करना भारी पड़ गया। उसकी इन हरकतों से न सिर्फ स्थानीय लोगों ने उसकी पिटाई की बल्कि वह हवालात की हवा भी खाने खाने पहुंच गया। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि नईसराय में एक स्कूल की छात्रा के साथ उसके पड़ोस का ही युवक पियूष छेड़खानी करता था। स्कूल से आते-जाते वक्त अक्सर वह उसपर टिप्पणी करता था और छेड़छाड़ करता था। इस हरकत से परेशान होकर वह लड़की अपने घर में दुबक चुकी थी। पीयूष ने अपनी हरकतों को यहीं तक सीमित नहीं रखा। उसने किसी तरीके से लड़की के घर का नंबर जुगाड़ किया और उसे पर लगातार फोन करने लगा। लड़की और उसके परिजनों ने पीयूष को कई बार मना किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। सोमवार की रात पीयूष उस लड़की के घर के बाहर पहुंचा और उसे लगातार फोन करने लगा। स्थानीय लोगों ने उसकी इस हरकत को देखा तो आक्रोशित हो गए। लोगों ने उसे पकड़ा और इसकी खबर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उस युवक को हिरासत में लिया और थाने ले आई। पीड़िता के परिजनों ने इस मामले में थाने में आवेदन दिया है, पुलिस उस आधार पर कार्रवाई कर रही है।

### बारिश से जन जीवन प्रभावित, कृषि पर प्रतिकूल असर



**खूंटी :** खूंटी सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों मॉनसून पूरे शवाब पर है। वैसे भी आर्द्रा नक्षत्र को सबसे अधिक बारिश का माना जाता है। पिछले 15-20 दिनों से लगातार हो रही बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारी बारिश के कारण खूंटी जिले के कई पुल-पुलिया और डायवर्सन टूट चुके हैं। इसके कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। खेतों में पानी भर जाने से सब्जियों के साथ ही खरीफ की फसल भी बुरी तरही प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के किसान कहते हैं कि मानसून की पहली बारिश जहां किसानों के लिए खुशियां लेकर आई थी, वहीं अब लगातार हो रही अतिवृष्टि ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में पानी भरने और फसलों के सड़ने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। कर्रा प्रखंड के प्रगतिशील किसान दिलीप शर्मा कहते हैं कि बारिश अब परेशानी का कारण बन गई है। उन्होंने कहा कि चाहे ऊपर का टांड खेत हो या निचला दोन, सभी जगह सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। धान की बिचड़ा डालने के लिए जो बीज खेतों में डाले जा रहे हैं, वह भी पानी में बह जा रहे हैं। तोरपा के सिान पंचम साहू और राजू साहू बहते हैं कि खेतों में सब्जियां सड़ रही हैं। बारिश थमने का नाम ही नहीं ले रही, खेतों में अब काम करना भी मुश्किल हो गया है। इस समस्या को लेकर उन्होंने चिंता जताई। ग्रामीणों ने भी कहा कि अतिवृष्टि के कारण धान की बुआई तक नहीं हो पा रही है। खेतों में लगातार पानी भरे रहने से बीज डालना या जुताई करना असंभव हो गया है। केवल खेती ही नहीं, मवेशी भी इस मौसम की मार से अछूते नहीं हैं। ग्रामीणों ने कहा कि लगातार गीले वातावरण और कीचड़ के कारण मवेशियों में बीमारी फैल रही है, जिससे पशुपालकों की चिंता भी बढ़ गई है। लगातार और जोरदार बारिश के कारण अधिकांश सड़कों पर कीचड़ और गंदगी की वजह से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल गया है। नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगी है और घरों में भी गंदा पानी घुसने लगा है। खूंटी जिले में करीब छह से अधिक पुल-पुलिया और डायवसन बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं। इसके कारण वाहनों के आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। खूंटी-सिमडेगा रोड पर बाबा आम्रेश्वरधाम के पहले बनई नदी पुल, डोड़मा सिसई-डोडमा रोड पर छाता नदीं पर बना डायवर्सन, लोधमा के पास कुलहुटू पुल और मुरहू रोड पर भी कई पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई हैं।





**2 से 3 मिनट के बाद मछली के बच्चों को तालाब में डाल देना चाहिए। ध्यान रखने वाली बात यह है कि मछलियों की मात्रा तालाब में ना तो बहुत ज्यादा होना चाहिए और बहुत कम भी नहीं होनी चाहिए। आप तालाब में सही अनुपात में मछलियों का बीज डालें।**

# आसान और लाभकारी बिजनेस है मत्स्य पालन कॅरियर के हैं भरपूर अवसर

भारत भर में मत्स्य पालन एक जाना पहचाना व्यवसाय रहा है। कृषि से इसको जोड़कर जरूर देखा जाता रहा है, किंतु हकीकत में यह काफी उन्नत और लाभकारी व्यवसाय है। वर्तमान में कोरोनावायरस के कारण बड़ी संख्या में गांवों की ओर लोगों का पलायन हुआ है। कई लोगों को रोजगार की समस्या भी उत्पन्न हुई है, क्योंकि जमे जमाए व्यवसाय या फिर शहर में करने वाली नौकरी छूटने के बाद लोग गांव की ओर लौटे हैं। गांव में चूँकि अधिकतर लोगों के पास कम-अधिक जमीन होती ही है और ऐसी स्थिति में मत्स्य पालन उन सबके लिए एक लाभकारी व्यवसाय हो सकता है।

## तालाब को ठीक से करें तैयार

अक्सर लोग किसी तालाब की खुदाई के बाद तुरंत ही मछली के बीज डाल देते हैं, लेकिन यह ठीक मेथड नहीं है। सबसे पहले तालाब की सफाई करने के बाद उसमें 200 किलो प्रति हेक्टेयर के हिसाब से चूने का छिड़काव जरूरी है। इसके अलावा महुए की खली और ब्लीचिंग पाउडर डालने से भी मछली पालन के लिए तालाब बेहतर कंडीशन में तैयार हो जाता है। यह सारा कार्य आप ठंड के मौसम में ही कर लें, ताकि ठंड का मौसम बीतते-बीतते मछली का बच्चा डालने योग्य आप का तालाब तैयार हो जाए। साथ ही तालाब में ढैंचा नामक घास भी बोया जाता है, ताकि बाद में वह खाद बन जाए और मछली पालन के लिए उपयुक्त रहे। यह तकरीबन 40 किलो प्रति हेक्टेयर के हिसाब से तालाब में बोया जाता है। साथ ही गोबर की खाद डालने से भी वनस्पति जल्दी उग जाती है। अगर समय पर तालाब में अच्छी घास नहीं होती है तो गोबर के साथ सुपर फास्फेट और यूरिया का घोल तालाब में डालना लाभकारी हो सकता है। हालांकि मछली का बीज डालने से काफी पहले ही यह कार्य करना चाहिए। मछली का बीज डालने के बाद खाद डालना खतरनाक हो सकता है। उपरोक्त कार्य करने के कम से कम 1 महीने बाद ही तालाब में पानी भरकर, ठंड का मौसम बीतने के बाद मछली का बीज डालें। साथ ही तालाब के पानी की गुणवत्ता और उस में ऑक्सीजन की ठीक मात्रा हो, इसके प्रति अतिरिक्त सजगता आवश्यक है।

## मछलियों की ब्रीड पर खास ध्यान दें

अगर आपका तालाब ठीक ढंग से तैयार हो गया है, किंतु मछलियों के बीज आप सही ढंग से नहीं डालते हैं, तो आपके लिए यह लाभकारी नहीं रहेगा। मुख्य रूप से देशी और विदेशी ब्रीड की मछलियां लोग डालते हैं। इसमें देसी में रोहू, कतला, मृगल इत्यादि प्रचलित प्रजातियां हैं, तो विदेशियों में सिल्वर कॉर्प, ग्रास कार्प इत्यादि प्रमुख हैं। कई लोग जब बाहर से मछली लेकर आते हैं तो उसे एक दो परसेंट नमक के घोल में कुछ देरी के लिए रखते हैं, ताकि अगर मछली के बीज में कोई बीमारी है तो उसका असर कम हो जाए। हालांकि यह बहुत देर तक नहीं होना चाहिए और 2 से 3 मिनट के बाद मछली के बच्चों को तालाब में डाल देना चाहिए। ध्यान रखने वाली बात यह है कि मछलियों की मात्रा तालाब में ना तो बहुत ज्यादा होना चाहिए और बहुत कम भी नहीं होनी चाहिए। आप तालाब में सही अनुपात में मछलियों का बीज डालें। अगर एक या दो मछली आपके तालाब में मर जाती हैं, तो उसे तत्काल निकाल कर बाहर करें समय-समय पर बीज की वृद्धि और उसकी जांच करना आपको नुकसान से बचा सकता है। मछलियों के लिए यूं तो किसी विशिष्ट चारे की जरूरत नहीं होती है, खासकर तब जब आप का तालाब पुराना हो गया हो, किंतु चावल का आटा और मूंगफली की खली इत्यादि मछलियों को तेजी से बढ़ाती हैं। इसके अलावा प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा युक्त चारे की मात्रा मछलियों के लिए पर्याप्त रूप से उपलब्ध हो, इसके प्रति भी सजग रहें। ध्यान दें मछली का बीज सही क्वालिटी का हो, तो सही मात्रा में भी अवश्य हो, अन्यथा बाद में मछलियां ठीक ढंग से बढ़ेंगी नहीं।

## मार्केट को समझना जरूरी है

अब जब आपके पास मछली के बीज तैयार हो जाते हैं तो आसपास की मार्केट का एक अध्ययन जरूर करें और देखें कि आपके आसपास किस तरह की मछलियों की खपत ज्यादा होती है। लोग आखिर क्या खरीदते हैं?

ऐसे में जब आप मछली मार्केट जाएंगे, तो एक ग्राहक बनकर मछलियों की ब्रीड से लेकर उसकी कीमत तक का पता कर सकते हैं। उसी अनुरूप आप अपनी बिजनेस स्ट्रेटेजी बनाएं। अगर बड़ी मछलियों की खपत अधिक है, तब आपके तलाब में कम मछलियों का बीज रहना चाहिए, जबकि अगर छोटी मछलियों की खपत है तो तालाब में बीज अगर अधिक भी डालेंगे तो आपको फायदा ही होगा। कुल मिलाकर सही टाइम पर मछलियों को बेचना और सही व्यापारियों से संपर्क में रहना आपको लाभ दिला सकता है। कई बार मछली के व्यापारी आपके तालाब पर आकर खुद ही सारी मछलियां ले जाते हैं। हालांकि रेट में अगर ज्यादा डिफरेंस है तो आप मछलियों को खुद भी मार्केट तक पहुंचा सकते हैं।

इसके अलावा कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जैसे मछलियों की ग्रेडिंग करना आवश्यक है। मतलब अगर आपके तालाब में कुछ मछलियां बड़ी हो गई हैं और कुछ मछलियां छोटी हैं, तो बड़ी मछलियों को या तो निकाल कर दूसरे तालाब में डालें या उन्हें मार्केट में भेज दें, क्योंकि बड़ी मछलियों का आहार अधिक होगा और वह छोटी मछलियों का चारा भी खा जाएंगी। इसलिए मछलियों की ग्रेडिंग करना आवश्यक है ताकि मछलियों की ग्रोथ में एक निरंतरता रहे। साथ ही मछलियों में इंटरनल और एक्सटर्नल बीमारी के प्रति सजग रहें, अन्यथा आपको पता भी नहीं चलेगा कि कब आपकी पूँजी भारी नुक्सान में बदल गयी। इसके अलावा नई नई जानकारियां आप भिन्न माध्यमों से लेते रहें और अलग-अलग मछली पालकों के संपर्क में रहें। ऐसे में नई चीजें आपको पता चलेंगी।





# बहुत क्रिएटिव कॅरियर है कार एसेसरीज डिजाइनिंग

**एक कार एसेसरीज डिजाइनर बनने के लिए डिजाइन के प्रासंगिक विशेषज्ञता में कम से कम स्नातक की डिग्री होना अनिवार्य है। आप बैचलर ऑफ डिजाइन, बीएससी इन डिजाइन, बैचलर ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, बी डीएस इन ऑटोमोटिव डिजाइन करके इस क्षेत्र में कदम रख सकते हैं।**

कार एसेसरीज डिजाइनिंग एक ऐसा कॅरियर क्षेत्र है, जिसके बारे में बेहद कम लोगों को ही जानकारी होती है। लेकिन यह एक ऐसा क्रिएटिव कॅरियर क्षेत्र है, जिसमें ग्रोथ की संभावना बहुत अधिक है। यह एक ऑटोमोबाइल डिजाइनर के काम का एक हिस्सा है, लेकिन यह केवल कारों और इसके सामान के लिए पूरा करता है। कार एक्सेसरी डिजाइनर ऐसे व्यक्ति हैं जो कार एक्सेसरीज और पाट्र्स के लिए नए डिजाइन बनाते हैं। वे न केवल देखभाल की संरचना में सुधार करते हैं, बल्कि इसकी कार्यक्षमता भी बढ़ाते हैं। ऐसा करते समय, एक कार एक्सेसरी डिजाइनर को वाहन की सुरक्षा को ध्यान में रखना चाहिए और दिए गए मापदंडों के तहत काम करना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको इस कॅरियर क्षेत्र के बारे में विस्तारपूर्वक बता रहे हैं-

## क्या होता है काम

एक कार एसेसरीज डिजाइनर तीन क्षेत्रों में से एक में काम करते हैं- इंटीरियर डिजाइनिंग, एक्सटीरियर डिजाइनिंग या कलर और ट्रिम डिजाइन। वे ड्राइंग, मॉडल और प्रोटोटाइप का उपयोग करके कार एक्सेसरी पाट्र्स, असेंबली और सिस्टम के ड्राफ्टिंग डिजाइन बनाते हैं। उनका मुख्य काम होता है कि वे कार को विजुअली अधिक अपीलींग बनाएं।

**स्किल्स** - कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि एक कार एसेसरीज डिजाइनर को हाइड्रोलिक, इलेक्ट्रिक और मैकेनिकल सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी होनी चाहिए जो वाहन में उपयोग होने जा रहे हैं। इसके अलावा उन्हें ग्राहक की पूरी आवश्यकता को समझना चाहिए और डिजाइन और इसके उत्पादन के उपयोग के बारे में बड़े पैमाने पर शोध करना चाहिए। उनके भीतर कुछ अलग व हटकर सोचने की क्षमता होनी चाहिए। साथ ही कंप्यूटर व कार का तकनीकी ज्ञान उनके काम को अधिक आसान बनाता है।

**योग्यता** - एक कार एसेसरीज डिजाइनर बनने के लिए डिजाइन के प्रासंगिक विशेषज्ञता में कम से कम स्नातक की डिग्री होना अनिवार्य है। आप बैचलर ऑफ डिजाइन, बीएससी इन डिजाइन, बैचलर ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, बी डीएस इन ऑटोमोटिव डिजाइन करके इस क्षेत्र में कदम रख सकते हैं। जिस विश्वविद्यालय या कॉलेज से उम्मीदवार अपनी डिग्री हासिल करता है, उसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त होना चाहिए।

**आमदनी** - कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि इस क्षेत्र में आमदनी आपके अनुभव व क्रिएटिविटी के आधार पर बढ़ती जाती है। हालांकि एक कार एसेसरीज डिजाइनर की एवरेज सालाना सैलरी सात से आठ लाख के बीच होती है।

## प्रमुख संस्थान

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नवी मुंबई
नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
एरिना एनिमेशन, बैंगलोर
नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, बैंगलोर
फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, नोएडा
नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, चेन्नई
वीआईडीएम इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड मैनेजमेंट, नई दिल्ली
वाईएमसीए इंस्टीट्यूट फॉर ऑफिस मैनेजमेंट, नई दिल्ली






# ऑपरेशन्स मैनेजमेंट में कॅरियर बनाने के लिए क्या करें?

कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्थापित करने के साथ शुरू होती है। यह कार्य थोड़ा कठिन हो सकता है, जब व्यक्ति के पास कॅरियर के अवसरों और उनकी प्रतिभा और क्षमताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं होती है।

ऑपरेशन्स मैनेजमेंट आपके भविष्य के कॅरियर के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संसाधनों के निवेश की एक लंबी प्रक्रिया है। कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया विभिन्न अवधारणाओं को अपनाती है, जैसे- आत्म-जागरूकता, कॅरियर विकास योजना और करियर अन्वेषण, जीवन भर सीखने की क्षमता और नेटवर्किंग। कॅरियर में अर्ध-कुशल से लेकर कुशल और अर्ध पेशेवर से पेशेवर तक के सभी प्रकार के रोजगार शामिल हैं। कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्थापित करने के साथ शुरू होती है। यह कार्य थोड़ा कठिन हो सकता है, जब व्यक्ति के पास कॅरियर के अवसरों और उनकी प्रतिभा और क्षमताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं होती है। हालांकि, पूरी करियर प्रबंधन प्रक्रिया परिभाषित लक्ष्यों और उद्देश्यों की स्थापना पर ही आधारित होती है।

## ऑपरेशन्स मैनेजमेंट का मुख्य उद्देश्य

सामान्य शब्दों में परिचालन प्रबंधन किसी संगठन के लाभ को अधिकतम करने के उद्देश्य से एक कुशल तरीके से सामग्रियों और श्रम को वांछित वस्तुओं और सेवाओं में परिवर्तित करने से संबंधित है। यह उपलब्ध संसाधनों की खरीद और उपयोग करके उत्पादन को अधिकतम करता है, जिसमें कच्चे माल, उपकरण, प्रौद्योगिकी, सूचना और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। उत्पादन की प्रक्रिया की योजना, डिजाइनिंग, आयोजन, नियंत्रण और अनुकूलन के साथ इसका अधिक सम्बन्ध होता है। संचालन प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि एक इकाई कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक इनपुट को आउटपुट में कैसे बदल देती है। यह स्पष्ट है कि संचालन प्रबंधन डिलीवरी ओरिएंटेड होता है। हालांकि, संचालन प्रबंधन को लॉजिस्टिक्स प्रबंधन के समान नहीं माना जाना चाहिए। संचालन प्रबंधन व्यापक है और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन इसका एक हिस्सा है। लॉजिस्टिक्स प्रबंधन किसी अभियान, योजना, परियोजना या रणनीति के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए श्रमिकों, सामग्री और अन्य संसाधनों की खरीद, निष्पादन और नियंत्रण की योजना बनाता है। विनिर्माण और सेवा संगठनों दोनों को ही संचालन प्रबंधन के कार्य की आवश्यकता होती है, जो एक प्रक्रिया को शुरू से लेकर अंत तक कवर करता है। सदियों से विनिर्माण उद्योग फल-फूल रहे हैं। अब सेवा क्षेत्र में तेजी के साथ परिचालन प्रबंधकों के लिए अवसर कई गुना बढ़ गए हैं।

## ऑपरेशन्स मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए क्या करें?

अन्य विषयों की तरह प्रबंधन शिक्षा में भी कई विषय होते हैं। प्रबंधन के छात्रों को प्रबंधन के सभी प्रमुख विषयों के अवलोकन के साथ संयुक्त रूप से सामान्य प्रबंधन के तहत विषयों और सिद्धांतों से गुजरना पड़ता है। हालांकि, दो साल की स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा में प्रबंधन की एक विशेष शाखा में विशेषज्ञता का प्रावधान है। प्रबंधन की प्रसिद्ध शाखाओं में विपणन, वित्त, मानव संसाधन आदि शामिल हैं। संचालन प्रबंधन के लिए आपको निम्नलिखित कौशल की आवश्यकता होती है:

- नेतृत्व
- नीति, योजना और रणनीति की समझ
- नीतियों और प्रक्रियाओं को विकसित करने, लागू करने और समीक्षा करने की क्षमता
- बजट, रिपोर्टिंग, योजना और लेखा परीक्षा की देखरेख करने की क्षमता
- आवश्यक कानूनी और नियामक दस्तावेजों की समझ

इसके साथ-साथ आपको इन बातों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता होती है:

- सुनिश्चित करें कि आप सही मेट्रिक्स पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं
- मुख्य समस्याओं को पहचानने के लिए हमेशा डेटा का उपयोग करें
- नवीनतम प्रौद्योगिकी के साथ अप-टू-डेट रहने में विश्वास करें
- स्वचालन से पहले प्रक्रियाओं पर ध्यान दें
- ध्यान से लोगों के साथ कम्यूनिकेट करें

## ऑपरेशन्स मैनेजर बनने के लिए आवश्यकता योग्यता

संचालन प्रबंधक के संबंधित क्षेत्र में कम से कम स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। व्यवसाय प्रशासन में स्नातक की डिग्री के साथ, छात्रों को ज्ञान और विपणन योग्य कौशल विकसित करना होता है, जिसे वे अपने कॅरियर के दौरान बना सकते हैं। इसके अलावा, एक संचालन प्रबंधक होने के लिए, किसी के पास मजबूत नेतृत्व और पारस्परिक कौशल, शानदार संचार और ग्राहक की आवश्यकताओं की समझ होनी चाहिए। संचालन प्रबंधक बनने के लिए शैक्षणिक योग्यता निम्नलिखित है:

- विषय संयोजन- किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं कक्षा में कोई भी स्ट्रीम
- उम्मीदवारों के पास 10 + 2 + 3 प्रणाली के माध्यम से योग्यता और किसी भी विषय में न्यूनतम 50% अंकों से उत्तीर्ण के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए
- उम्मीदवारों के पास ऑपरेशंस मैनेजमेंट में एमबीए (ऑपरेशंस) या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ऑपरेशनल मैनेजमेंट में मास्टर्स डिग्री का भी बहुत महत्त्व होता है



## ऑपरेशन्स मैनेजर के जॉब रोल्स

सप्लाई चेन मैनेजर
एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस मैनेजर
प्लांट मैनेजर    ह्यूमन रिसोर्सेज मैनेजर
परचेस मैनेजर    फैसिलिटी मैनेजर
इन्वेंटरी कण्ट्रोल मैनेजर

## रोजगार के अवसर

एक ऑपरेशन मैनेजर के रूप में इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वालों के लिए रोजगार के ढेरों अवसर होते हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में संचालन प्रबंधकों के लिए बहुत स्कोप है। कुछ शीर्ष क्षेत्र इस प्रकार हैं:

स्वास्थ्य    कॉर्पोरेट व्यवसाय
बहुराष्ट्रीय कंपनियां    हॉस्पिटैलिटी
विनिर्माण और खुदरा    वित्तीय संस्थाए
बीमा क्षेत्र    सूचना प्रौद्योगिकी
ई-कॉमर्स    वेयरहाउसिंग
निर्माण    सलाहकारी फर्में

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बराबरी के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बर्मिंघम (ईएमएस)। भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम यहां बुधवार से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बाद भी खराब फील्डिंग के कारण हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में अपनी कमजोरियों को दूर करना रहेगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ही सफल रहे थे। वहीं अन्य गेंदबाज विफल रहे थे जिसका भी नुकसान उसे उठाना पड़ा था। पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद भारतीय टीम 1-0 से पीछे हैं। ऐसे में उसके लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। उसे सीरीज में बराबरी के लिए इसे जीतना ही होगा। इस मैच के लिए मेजबान टीम ने कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं भारतीय टीम बदलावों के साथ उतरेगी पर क्या बदलाव होंगे ये मैच से पहले ही पता चलेगा क्योंकि भारतीय टीम ने अभी तक अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों की घोषणा नहीं की है। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह को इस मैच में आराम दिया जाना है। ऐसे में उनकी जगह पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह या आकाशदीप सिंह को शामिल किया जा सकता है। वहीं ऑलराउंडर स्थान कुलदीप यादव को अवसर मिलने की संभावना नहीं है। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर पहले टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनकी जगह युवा नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में शामिल किय जा सकता है।

बर्मिंघम में गर्म मौसम और सूखी पिच को देखते हुए इसमें स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम दो स्पिनरों को अंतिम ग्यारह में जगह दे सकती है। ऐसे में अनुभवी रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर में से दो को टीम में जगह मिल सकती है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसर टीम प्रबंधन कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर को शामिल कर सकता है।

एजबेस्टन क्रिकेट मैदान की बात करें, तो मैच की शुरुआत में पिच से गति और उछाल हासिल हो सकता है। ऐसे में सलामी बल्लेबाजों के लिए तेज गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। शुरुआत के दो दिन भले ही ड्यूक गेंद से तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, लेकिन तीसरे और चौथे दिन पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो सकती है। अगर बादल छाए रहे, तो तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। यहां मुकाबले के दूसरे और तीसरे दिन पिच नरम हो जाती है, जबकि चौथे और पांचवें दिन पिच पर दरारें और खुरदरे पैच नजर आने लगते हैं, जिससे स्पिनरों को सहायता मिलती है। मौसम विभाग के अनुसार मैच के पहले दिन बारिश की आशंका है। यहां खेल शुरू होने से पहले मौसम खराब हो सकता है। वहीं दूसरे दिन बीच-बीच में बादल आने की आशंका है। मुकाबले के तीसरे दिन बादल छाए रह सकते हैं। चौथे-पांचवें दिन बारिश के कारण खेल में आ सकती है बाधा आ सकती है।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारतीय टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), साईं सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, ऋषभ पंत, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अभिमन्यु ईश्वरन, ।

**इंग्लैंड अंतिम ग्यारह**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैच में इंग्लैंड का पलड़ा भारी है। इसका कारण है कि एजबेस्टन के इस मैदान पर भारतीय टीम आज तक नहीं जीती है। इस मैदान पर दोनो टीमों के बीच आठ मैच खेले हैं। जिसमें सात मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है।

# 11 लोगों की मौत का मामला : भगदड़ के लिए आरसीबी जिम्मेदार, कैट ने कहा- पुलिस के पास जादुई शक्तियां नहीं हैं



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए मंगलवार को प्रथम दृष्टया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार पाया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद टीम द्वारा विधान सौधा से विजय परेड और स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ जश्न के कार्यक्रम की घोषणा के बाद स्टेडियम के पास एमजी रोड और कुब्बोन रोड इलाकों में लगभग ढाई लाख प्रशंसक उमड़ पड़े थे।

कैट ने कहा, 'इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए RCB जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली।' कैट ने अपने अवलोकन में कहा, 'अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जिसके परिणामस्वरूप लोग एकत्र हो गए।' आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था और न्यायाधिकरण ने पाया कि पुलिस विभाग के पास इतने कम समय में इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।

कैट ने कहा, '04.06.2026 को समय की कमी के कारण, पुलिस उचित व्यवस्था करने में असमर्थ थी। पुलिस को पर्याप्त समय नहीं दिया गया। अचानक RCB ने बिना किसी पूर्व अनुमति के उपरोक्त प्रकार का बखेड़ा किया। पुलिस कर्मी भी इंसान हैं। वे न तो भगवान हैं और न ही जादूगर और न ही उनके पास 'अलाद्दीन का चिराग' जैसी जादुई शक्तियां हैं जो केवल उंगली रगड़ने से किसी भी इच्छा को पूरा कर सकती हैं।'

RCB प्रबंधन इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं था। इससे पहले इस घटना के संबंध में RCB और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ आरोप लगाए गए थे जिसके कारण KSCS सचिव ए. शंकर और कोषाध्यक्ष जयराम ने इस्तीफा दे दिया था।

# मंधाना आईसीसी रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंची




**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की रैंकिग में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के लाभ के साथ ही तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मंधाना को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 की सीरीज के पहले मैच में शतक का लाभ मिला है। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी करते हुए टीम को जीत दिलायी थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाए थे, जिसकी मदद से भारतीय टीम ने 97 रन से जीत हासिल की थी।

मंधाना के अब सबसे अधिक 771 रेटिंग अंक हो गये है। ये उनके करियर की सबसे बेतर रैंकिंग है। वहीं वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे जबकि ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं भारत की ही शेफाली वर्मा एक स्थान के लाभ के साथ ही 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान जबकि पाकिस्तान की स्पिनर सादियो इकबाल नंबर एक पर है।

# दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई टीमें जुड़ी, ऋषभ पंत सहित 10 से अधिक आईपीएल खिलाड़ी नीलामी में



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (DDCA) ने मंगलवार को दूसरे सीजन से पहले दिल्ली प्रीमियर लीग (DPL) में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने की घोषणा की। आउटर दिल्ली फ्रेंचाइजी को सबसे अधिक बोली लगाने वाले सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपए में हासिल किया। नई दिल्ली फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के कंसोर्टियम ने 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा।

इससे लीग में पुरुष टीमों की संख्या 6 से बढ़कर आठ हो गई है। दो नई टीमें टूर्नामेंट के 2025 संस्करण के लिए छह मौजूदा फ्रेंचाइजी जिसमें सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली 6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस शामिल हैं, हिस्सा लेंगी। सीजन 2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 और 7 जुलाई को राजधानी में होगी। पुरुषों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, उसके बाद महिलाओं की नीलामी 7 जुलाई को होगी।

दिलचस्प बात यह है कि पुरुषों की नीलामी में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे जिनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे शामिल हैं। DPL की वापसी पर बोलते हुए DDCA के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट संस्कृति का जश्न है। सीजन 1 में हमने जिस तरह की प्रतिभा देखी, वह वाकई आशाजनक थी और इस विस्तार के साथ हम और भी ज़्यादा खिलाड़ियों को चमकने का मंच दे रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य प्रतिभाएं DPL के जरिए उभरीं और IPL 2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिससे भविष्य के सितारों के लिए लीग के महत्व को साबित किया जा सका। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी और हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि यह अनुभव फ्रैंचाइजी, खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो। हम सीजन 2 को लीग की यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

गौरतलब है कि डीपीएल का सीजन 2 एक बार फिर नई दिल्ली के प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। DDCA ने कहा कि खिलाड़ियों की नीलामी पूरी होने के बाद मैच की तारीखों और कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

# स्मिथ को दूसरे टेस्ट के लिए वापसी की उम्मीद

ब्रिजटाउन ।ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट तक फिट हो जाएंगे। स्मिथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट के बाद से ही खेल से दूर हैं। इसी कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट भी नहीं खेल पाये हैं। स्मिथ अब अपनी चोट से उबर गये हैं और नंबर 4 पर खेलने की तैयारी में लगे हैं। वह अपनी टीम के साथ भी जुड़ गये हैं। उनके अब अभ्यास सत्र में भी शामिल होने की संभावना है। जिससे वह अपनी लय हासिल कर सकें। स्मिथ को उनकी चोटिल उंगली के लिए एक पतली पट्टी लगाई जाएगी जिससे वह स्लिप में फील्डिंग नहीं कर पाएंगे पर बल्लेबाजी करते समय उन्हें शायद ही कोई परेशानी हो। स्मिथ ने कहा, मेरे लिए, यह सामान्य प्रशिक्षण की तरह ही महसूस होगा। मुझे वास्तव में कोई दर्द या कुछ भी महसूस नहीं होता है और पट्टी से भी अधिक परेशानी नहीं हो रही है हालांकि स्लिप की जगह पर अन्य जग हों पर फील्डिंग करना उनके लिए अजीब होगा। स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी का मतलब है कि रिजर्व बल्लेबाज जोश इंगलिस को बाहर बैठना होना पड़ेगा। जोस पहले टेस्ट में केवल 5 और 12 रन ही बना पाये थे। ऐसे में उनका बाहर होना तय है। उनके अलावा सैम कोंस्टास और नंबर 3 कैमरून ग्रीन भी असफल रहे थे। स्मिथ को उम्मीद है कि वह शीर्ष क्रम में फिर वापसी कर सकेंगे। वहीं उनका मानना ??है कि कोंस्टास और ग्रीन आगे इस सीरीज में अच्छा स्कोर करेंगे। स्मिथ ने कहा, ये लोग अच्छे खिलाड़ी हैं, हमें बस उन्हें एक मौका देने की जरूरत है।

# संन्यास से पहले ये बड़ा काम करना चाहते हैं नाथन लियोन, भविष्य को लेकर बताया प्लान

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)। ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं। 37 वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। ऑस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, 'मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं।'



उन्होंने कहा, 'हमारे पास यह मौका होगा लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी। हमें पहले यहां वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना है। इसके बाद एशेज खेलनी है। मेरी नजरें एक और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल पर भी है।' लियोन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में 'सांग मास्टर' का अपना काम विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को सौंप दिया है जिन्होंने वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट में 159 रन से जीत के बाद यह जिम्मेदारी निभाई। ऑस्ट्रेलिया की हर जीत के बाद यह गीत 'अंडरनीथ द सदर्न क्रॉस' गाया जाता है जो सांग मास्टर शुरू करता है। रॉड मार्श ने यह परंपरा शुरू की और पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने लियोन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। लियोन ने कहा, 'मैने 12 साल तक यह जिम्मेदारी निभाई। यह मेरे करियर की बड़ी उपलब्धि रही लेकिन इसे छोड़ने का मतलब यह कतई नहीं है कि मैं संन्यास ले रहा हूं।'

# अर्शदीप सिंह नहीं, इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह की जगह ले सकता है ये गेंदबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लीड्स में करारी हार के बाद इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शुभमन गिल की प्लेइंग इलेवन में फेरबदल होने की संभावना है। चौथी पारी में लंच के बाद प्रसिद्ध कृष्णा को छोड़ दें तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण एक बार फिर वन-मैन आर्मी रहा। भारत को पहले मैच में दबदबा बनाए रखने के बावजूद 5 विकेट से हार का सामना पड़ा था।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तरह जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को प्रासंगिक बनाने के लिए संघर्ष किया। हालांकि उनके कार्यभार की समस्याओं को देखते हुए भारत उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए आराम दे सकता है। लेकिन उनकी जगह कौन लेगा? ऐसा लगता है कि आकाश दीप सबसे आगे हैं।



हर्षित राणा को टीम से जाने देने के बाद भारत के पास बेंच पर बहुत अधिक तेज गेंदबाजी विकल्प उपलब्ध नहीं हैं। आकाश दीप और अर्शदीप सिंह दो अच्छे विकल्प बने हुए हैं। चोट से उबरने के बावजूद आकाश दीप एक और हिट-द-डेक विकल्प प्रदान करता है और प्रसिध जैसे किसी खिलाड़ी के साथ साझेदारी में काम कर सकता है। इस बीच अर्शदीप के पास काउंटी क्रिकेट का अनुभव है और वह सीम और स्विंग निकालने में माहिर है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, दाएं हाथ के आकाश दीप के बुमराह की जगह लेने की संभावना सबसे अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'आकाशदीप को बुमराह की जगह लेने की संभावना है, न कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की।'

वहीं इंग्लैंड ने सोमवार को दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। जोफ्रा आर्चर जिसका टीम में शामिल होता लगभग तय था, वह परिवार में इमरजेंसी के कारण प्लेइंग 11 में जगह नहीं बना पाए।



# दूसरे टेस्ट में सुदर्शन को शायद ही अवसर मिले, करुण बल्लेबाजी में तीसरे नंबर पर उतरेंगे !

बर्मिंघम ।यहां बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के बदलावों के साथ उतरने की संभावना है।इसमें पहले टेस्ट में विफल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन को दूसरे टेस्ट में शायद ही जगह मिले। वहीं बल्लेबाज करुण नायर को नंबर 3 पर भेजा जा सकता है। वहीं ऑलराउंडर शार्दुल की जगह नीतीश रेड्डी का खेलना तय है। शार्दुल पहले मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही विफल रहे थे, नीतीश गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी करते हैं। वहीं स्पिन ऑलराउंर के तौर पर रविन्द्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर को अवसर मिल सकता है।स्पिनर कुलदीप यादव को अवसर मिलने की संभावना बेहद कम है क्योंकि सुंदर स्पिनर के साथ ही एक अच्छे बल्लेबाज भी हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाएगा।उनकी जगह पर आकाशदीप सिंह को अवसर मिल सकता है।

# श्रेयस घर की गैलरी में मां के साथ क्रिकेट खेलते दिखे



मुम्बई ।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने वाले बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का घर की गैलरी में मां के साथ क्रिकेट खेलने का एक प्यारा वीडियो आया है, इसमें श्रेयस मां की गेंदबाजी पर बोल्ड होते दिख रहे हैं। ये वीडियो पंजाब किंग्स ने साझा किया है।इससें लिखा है, केवल प्रकार से बोल्ड होने पर श्रेयस को बुरा नहीं लग रहा होगा।इस वीडियो पर प्रशंसकों ने भी कई मजेदार कॉमेंट्स किए हैं।एक ने लिखा है, गेंद हो या चप्पल, मां का निशाना कभी गलत नहीं होता। सोशल मीडिया में साझा किए गए इस वीडियो में दिख रहा है कि श्रेयर घर की गैलरी में बल्लेबाजी कर रहे हैं और गेंदबाजी उनकी मां के हाथों में है।पहली गेंद फुल टॉस और अय्यर उसे खेलने में सफल होते हैं पर दूसरी गेंद पर वह विफल हो जाते हैं। गेंद उनके बल्ले के पास से निकलकर स्टंप से टकरा जाती है।उसके बाद उनकी मां खुशी से दोनों हाथ हवा में उठाकर नाचने लगती हैं।बोलती हैं आउट।यह वीडियो जितना प्यारा है, उस पर प्रशंसकों ने भी उतना ही प्यार लुटाया है।इसके कॉमेंट भी काफी प्यारे और मजेदार हैं।एक प्रशंसक ने दिल के इमोजी के साथ लिखा, मां के जश्न को तो देखिए।एक अन्य ने लिखा, मां को कम मत समझिये वह हमेशा ही एक संपूर्ण गेंदबाज हैं।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव एमपीओए के मुख्य संरक्षक बने

## -मेंदोला फिर बने एमपीओए के अध्यक्ष

भोपाल । मुख्यमंत्री मोहन यादव मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ (एमपीओए) के मुख्य संरक्षक होंगे जबकि केबिनेट मंत्री कैलास विजयवर्गीय संरक्षक होंगे। वहीं रमेश मेंदोला एक बार फिर एमपीओए के अध्यक्ष बने हैं जबकि प्रशांत सिंह और विष्ण दत्त शुर्मा उपाध्यक्ष बने हैं। दिग्विजय सिंह को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेंदोला और दिग्विजय अगले चार साल तक अपने-अपने पदों पर बने रहेंगे।वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में पदाधिकारियों के नामों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के नामों पर सहमति बनी जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में जीतू जिराती का नाम तय हुआ है। एमपीओए की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में 29 पदाधिकारियों के नाम घोषित किये गये ।इस बैठक में सबसे पहले पिछले एजेंडे पर चर्चा-विमर्श किया गया और इसके बाद सदन की राय के बाद और नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए पदाधिकारियों के नामों की घोष्णा की गयी। इसमें वर्तमान अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह सहित 29 सदस्यीय शीर्ष पदाधिकारियों के नामों पर एक आम राय बनी।वही नई कार्यकारिणी में कोई अन्य बदलाव नहीं हुआ है। एमपीओए की इसव बैठक में एजीएम में अगले चार साल के लिए शीर्ष पदों के लिए निर्विरोध रूप से पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लगी है।इसमें करीब 33 मध्य प्रदेश राज्य खेल संघों और 14 जिला ओलंपिक संघ के 80 से अधिक पदाधिकारी उपस्थित हुए। अब अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत 29 पदाधिकारी एमपीओए का कामकाज संभालेंगे।

# भारत को सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा: रवि शास्त्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे महत्वपूर्ण टेस्ट से पहले टीम इंडिया के लिए संदेश साझा करते हुए कहा कि शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को पांच मैचों की सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा। भारत को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि उसने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा था और अब एजबेस्टन में होने वाले मैच से पहले उसे जल्दी से जल्दी एकजुट होने की जरूरत है, क्योंकि इस मैच में जीत से यह तय हो सकता है कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कौन जीतेगा।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू से कहा, 'भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह तुरंत जवाबी हमला करे। जब आप इस तरह का टेस्ट मैच हारते हैं, जिसमें आप ज्यादातर समय हावी रहते हैं और फिर आखिरी दिन बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हार जाते हैं और इंग्लैंड को अपना संयम बनाए रखने के लिए पूरे अंक मिलते हैं, तो सीरीज में वापसी करने के लिए आपको काफी जज्बे की जरूरत होती है।' अभी भी सवाल बना हुआ है कि क्या तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत दूसरे टेस्ट के लिए मौका देगा, क्योंकि उनके कार्यभार को मैनेज किया जा रहा है। शास्त्री ने कहा, 'अब, बुमराह खेलेंगे या नहीं, यह तो कोई नहीं जानता। लेकिन उम्मीद करते हैं कि वह खेलेंगे, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है और सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। बस आपको एक बार में एक मैच पर ध्यान देना है। यह पांच मैचों की सीरीज है और भारत वापसी की उम्मीद कर रहा होगा।'

शास्त्री का मानना है कि नवनियुक्त कप्तान गिल ने सीरीज के पहले मैच में भारत की हार से बहुत कुछ सीखा होगा और उम्मीद है कि युवा कप्तान सीरीज के बाकी मैचों में अधिक सक्रिय रहेंगे। शास्त्री ने कहा, 'लोग कहते हैं कि वह थोड़ा प्रतिक्रियाशील था और ऐसा तब हो सकता है जब आप अपना पहला टेस्ट मैच (कप्तान के तौर पर) खेल रहे हों और खास तौर पर जब बल्लेबाजी के लिए अच्छी परिस्थितियां हों और आउटफील्ड तेज हो तो चीजें इस तरह से हो सकती हैं। लेकिन उसने इससे बहुत कुछ सीखा होगा और अब जब मौका आएगा तो वह थोड़ा और सक्रिय होना चाहेगा, जिसका मतलब है कि गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों को उसे वह समर्थन देना होगा। उन्हें पता होना चाहिए कि उनकी भूमिका क्या है और उन्हें मैदान पर उतरकर उसे अंजाम देना चाहिए।'



## अरे बाप से सिर्फ 6 समोसो के लिए यूपी में बिक गया पुलिसवाला

एटा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक 14 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले की जांच में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। विशेष पॉक्सो कोर्ट के जज नरेंद्र पाल राणा ने पुलिस की अंतिम रिपोर्ट को खारिज कर जांच अधिकारी को कड़ी फटकार लगा दी है। आरोप है कि जांच अधिकारी ने केवल 6 समोसे रिश्वत के रूप में लेकर मामले की सही जांच नहीं की और गलत रिपोर्ट अदालत में दी। यह घटना 1 अप्रैल 2019 की है, जब एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकतें हुईं। पीड़िता के पिता का आरोप है कि पुलिस ने शुरू से ही मामले को दबाने की कोशिश में लगी हुई और कोर्ट के आदेश के बाद ही एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने 30 दिसंबर 2024 को सबूतों के अभाव में अंतिम रिपोर्ट पेश कर दी। पीड़िता के पिता ने विरोध याचिका दाखिल कर बताया कि जांच अधिकारी ने मुख्य गवाहों के बयान नहीं लिए और पीड़िता के बयान को भी नजरअंदाज किया। पुलिस की रिपोर्ट में लिखा गया कि लड़की ने केवल उधार के लिए समोसे मांगे थे और जब नहीं मिले, तब झूठा मामला दर्ज कराया। कोर्ट ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर मामले को परिवाद के रूप में चलाने का आदेश दिया है।

## एआईयूडीएफ विधायक का दावा, असम में एक भी मुसलमान विदेशी नहीं

गुवाहाटी (एजेंसी)। एआईयूडीएफ विधायक रफीकुल इस्लाम ने असम सरकार के जिला आयुक्त कार्यालय से ही आधार कार्ड जारी करने के फैसले पर हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने बांग्लादेशी हिंदुओं को असम में रहने दिया है। इस्लाम ने कहा कि असम में एक भी मुसलमान विदेशी नहीं है, क्योंकि उनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे मतदाता सूची, भूमि रिकॉर्ड और एनआरसी के पिता-दादा के कागजात मौजूद हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला कर कहा कि जिनके लिए भाजपा ने लाल कालीन बिछाया है, वे बांग्लादेश से आ रहे बंगाली हिंदू हैं, जो अभी भी आ रहे हैं, और 1971 के बाद वे लाखों की संख्या में आए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को भाजपा निशाना बनाती है और डीसी कार्यालय ले जाना चाहती है, उनके पास कागजात और असली रिकॉर्ड हैं। इस्लाम ने मांग की कि डीसी कार्यालय में ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे लोगों को लंबी कतारों में न लगना पड़े। असम सरकार के बेदखली अभियान पर उन्होंने कहा कि सरकार संदिग्ध लोगों को नहीं, बल्कि भूमिहीन लोगों को बेदखल कर रही है, जिनके पास 200 और 400 साल पुराने रिकॉर्ड भी हैं।

## चंद्रशेखर आजाद की चेतावनी, कार्यकर्ताओं के साथ गलत हुआ, तब आंदोलन लखनऊ में

लखनऊ (एजेंसी)। प्रयागराज में हिंसक बवाल को लेकर नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनके कार्यकर्ताओं के साथ गलत हुआ तब आंदोलन राजधानी लखनऊ में होगा और मुख्यमंत्री आवास तथा विधानसभा का घेराव किया जाएगा। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अनुयायी कभी हिंसा नहीं करते और कमजोर वर्ग के लोगों पर हिंसा का आरोप लगाना काफी आसान होता है। उन्होंने प्रयागराज हिंसा की सीबीआई जांच की सख्त मांग कर कहा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे कोई भी हों। उन्होंने वायरल हो रहे वीडियो का जिक्र किया, जिसमें पुलिस के साथ मिलकर कुछ स्थानीय लोग पथराव कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रयागराज के करछना इलाके में चंद्रशेखर आजाद का दौरा पुलिस ने सुरक्षा कारणों से रोक दिया था, जिसके बाद भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया, पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया और कई वाहन आग के हवाले कर दिए। इस घटना के बाद 50 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है।

## प्रियांक खडगे बोले-संघ धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के खिलाफ

### -केंद्र में आए तो आरएसएस को बैन करेंगे

बेंगलुरु (एजेंसी)। कांग्रेस नेता प्रियांक खडगे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो आरएसएस पर बैन लगाया जाएगा। प्रियांक ने आरएसएस पर धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के खिलाफ काम करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी दो बार आरएसएस पर बैन लगाया था और अब उन्हें उसे हटाने का अफसोस है। उनके मुताबिक, संघ हमेशा समानता और आर्थिक न्याय के विरोध में रहा है। प्रियांक खडगे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के बेटे हैं और अभी कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं। पहले भी आरएसएस को बैन करने की बात कर चुके हैं। 2 साल उन्होंने कर्नाटक में आरएसएस को बैन करने की बात कही थी। प्रियांक खडगे ने आरएसएस-भाजपा से देश को लेकर कोई सवाल नहीं पूछती। प्रियांक ने कहा कि आरएसएस अपनी राजनीतिक पार्टी भाजपा से ये सवाल क्यों नहीं पूछती कि देश में बेरोजगारी क्यों बढ़ रही है और पहलगाम में आतंकी हमला कैसे हुआ, ये किसकी चूक थी। यह प्रश्न न पूछकर संघ के लोग समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

## 'एक पेड़ मां के नाम' से राष्ट्रपति मुर्मू ने किया वन महोत्सव का शुभारंभ, रोपा रुद्राक्ष का पौधा

गोरखपुर (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 'वन महोत्सव-2025' की शुरुआत करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाया। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा रोपा। राष्ट्रपति ने पौधों के संरक्षण पर भी जोर दिया। 'वन महोत्सव-2025' एक से सात जुलाई तक चलेगा। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार राष्ट्रपति ने वहां आयुष विश्वविद्यालय में जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करने के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# देश समस्याओं में 56 इंच बताने वाले विदेश यात्रा पर निकले... कांग्रेस का पीएम मोदी की यात्रा पर तंज

### -कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी से पूछे सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 से 9 जुलाई तक पांच देशों घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर जा रहे है। जिसका समापन 6 और 7 जुलाई को रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में होगा। यह बीते दस वर्षों में पीएम मोदी की सबसे लंबी कूटनीतिक यात्रा होगी। वहीं कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्रा पर निशाना साधकर आरोप लगाया है कि वे देश को आंदोलित करने वाले प्रमुख मुद्दों से भाग रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सांसद राहुल गांधी ने पोस्ट कर और बयानों के माध्यम से पीएम मोदी पर कटाक्ष किया। कांग्रेस सांसद रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी की पांच देशों की यात्रा से पहले मंगलवार को उन पर कटाक्ष किया। कांग्रेस नेता रमेश ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी राष्ट्रीय मुद्दों से भाग रहे हैं। कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट शेयर कर लिखा कि जैसे ही हालात मुश्किल हुए, तब खुद को 56 इंच बताने वाले निकल लिए। सुपर प्रीमियम फ्रीक्वेंट फ्लायर पीएम 5 देशों के 8 दिन के दौरे पर रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे कम से कम 4 इसतरह के मुद्दों से भाग रहे हैं जो इस समय देश को झकझोर रहे हैं। इन मुददों पर पीएम मोदी ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है।

मणिपुर हिंसा- कांग्रेस नेता रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर का दौरा नहीं किया, जहाँ डबल इंजन सरकार के पटरी से उतरने के बाद सामान्य जीवन पूरी तरह से तबाह हो चुका है। लेकिन देश और दुनिया भर में यात्रा कर रहे पीएम मोदी को मणिपुर जाने का समय नहीं है।

ऑपरेशन सिंदूर- रक्षा अधिकारियों के खुलासे का हवाला देकर कांग्रेस नेता रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के फैसलों के कारण ऑपरेशन सिंदूर के पहले दो दिनों में भारत को नुकसान झेलना पड़ा। लेकिन इस गंभीर मामले पर भी पीएम मोदी ने अभी तक विपक्ष की मांग स्वीकार नहीं की हैं, और ना ही इस विषय पर कोई बयान दिया है। अमेरिका-पाक युद्धविराम का दावा- कांग्रेस नेता रमेश द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा बार-बार किए गए उन दावों पर भी सवाल उठाया गया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराया और इसके लिए व्यापार समझौते का इस्तेमाल किया। इसके पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के अपने आरोपों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला किया, उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी नेता के आह्वान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रम्प का अनुसरण किया। भोपाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर राहुल गांधी ने भाजपा-आरएसएस पर हमला कर आरोप लगाया कि अगर उन पर थोड़ा सा भी दबाव डाला जाता है, तब वे डर के मारे भाग जाते हैं।

## आसाराम बापू को राजस्थान हाईकोर्ट से फिर मिली अंतरिम राहत

**जयपुर।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम बापू को राजस्थान हाई कोर्ट से फिर अंतरिम राहत मिली है। जस्टिस दिनेश मेहता और विनीत माथुर की खंडपीठ ने उनकी अंतरिम जमानत की अवधि 9 जुलाई तक बढ़ाई है। उन्हें मंगलवार शाम जेल में पेश होना था, लेकिन उनके वकील द्वारा पेश की गई अर्जी पर कोर्ट ने उन्हें ये राहत दी। इस फैसले से आसाराम को कुछ और दिनों की मोहलत मिल गई है, लेकिन यह मामला अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। आसाराम को 25 अप्रैल 2018 को दोषी ठहराया गया था और उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। यह मामला अगस्त 2013 का है, जब एक नाबालिग लड़की ने उन पर जोधपुर के पास मनाई आश्रम में दुष्कर्म का आरोप लगाया था। आसाराम कई बार स्वास्थ्य कारणों से जमानत की अर्जी लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें या तो खारिज किया गया है या सीमित समय के लिए अंतरिम राहत दी गई है।



आसाराम और उनके बेटे नारायण साईं के खिलाफ गुजरात में भी दो बहनों ने अलग-अलग बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। गुजरात मामलों की सुनवाई अभी चल रही है। आसाराम जोधपुर की केंद्रीय जेल में सजा काट रहे हैं। उन्होंने कई बार स्वास्थ्य कारणों से जमानत की अर्जी लगाई है, जिसे कोर्ट ने खारिज किया है या सीमित समय के लिए अंतरिम राहत दी है।

## 'सिगाची इंडस्ट्रीज' में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या 34 हुई



### -31 शवों को मलबे से निकाला, सीएम करेंगे घटनास्थल का दौरा

**संगारेड्डी (एजेंसी)।** तेलंगाना में संगारेड्डी जिले में पशम्यलारम में 'सिगाची इंडस्ट्रीज' के दवा संयंत्र में सोमवार को हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि मलबे को हटाते समय उसके नीचे कई शव मिले हैं। मलबे से 31 शवों को निकाला गया है, जबकि तीन लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बचाव अभियान अब भी जारी है।

तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने बताया कि सीएम ए रेवंत रेड्डी मंगलवार को दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे. इससे पहले एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीएम ने घटना पर दुख जताया और मलबे में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाने और उन्हें आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य के मंत्री नरसिम्हा ने बताया कि जब विस्फोट हुआ तब संयंत्र में करीब 90 लोग काम कर रहे थे।

बता दें पीएम नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपए और घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। वहीं कंपनी ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना की है। कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि इकाई का बीमा था। कंपनी ने प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया है।

तेलंगाना राज्य आपदा मोचन और अग्निशमन सेवा के महानिदेशक ने कहा कि संदेह है कि विस्फोट संयंत्र की सुखाने वाली इकाई में हुआ। हालांकि, पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि यह रिएक्टर विस्फोट का मामला था।

# सामूहिक दुष्कर्म मामला: मनोजीत छात्रों को फ्लैट पर चलने का देता था ऑफर

### -पीड़ित छात्रा पर थी कई दिनों से नजर, पिकनिक पर छात्रा से की थी छेड़छाड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता,(ईएमएस)। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म की जांच चल रही है। इसी बीच मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा को लेकर नए खुलासे हुए हैं। कुछ छात्राओं का कहना है कि मनोजीत लड़कियों को फ्लैट पर ले जाने का ऑफर देता था। वहीं, कई मौकों पर उसने छात्राओं के साथ अश्लील व्यवहार भी किया है। वहीं बताया जा रहा है कि पीड़ित छात्रा लंबे समय से मनोजीत के निशाने पर थी। घटना की जांच कर रहे जांच दल के अधिकारियों ने पाया कि तीन आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद का कॉलेज की छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है।

मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि तीनों इस तरह की घटनाओं को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड करते थे और बाद में फुटेज का इस्तेमाल पीड़ितों को 'ब्लैकमेल' करने के लिए करते थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक कॉलेज में पढ़ने वाली सेकंड ईयर की एक छात्रा ने पिकनिक के दौरान हुई एक के बारे में बताया। उसने बताया कि मनोजीत ने उन्हें भी निशाना बनाया था। छात्रा ने कहा कि पिकनिक के दौरान मनोजीत चाहता था कि मैं और मेरी दोस्त एक कमरे में आएं और पार्टी करें। मुझे मेरे सीनियर्स ने पहले ही अलर्ट कर दिया था, तो मैं नहीं गई। छात्रा ने कहा लेकिन मेरी दोस्त उसके साथ चली गई। उसने बाद में मुझे बताया कि मनोजीत ने उसे आपत्तिजनक तरीके से छुआ था। वह बहुत ही असहज महसूस कर रही थी, लेकिन उसने उसके खिलाफ कोई शिकायत नहीं की। छात्रा ने आरोप लगाए कि मनोजीत ने उससे कहा था कि अगर वह शिकायत करती है, तो उसके लिए गवाह जुटाना मुश्किल हो जाएगा। छात्रा ने कहा कि पिकनिक खत्म होने के बाद ऑटो से लौटते समेत मनोजीत एक सीनियर छात्रा की गोद में बैठ गया था। रिपोर्ट के मुताबिक एक छात्र ने कहा कि मनोजीत ने अगस्त 2023 में उसे ऐसे लोगों को खोजने के लिए कहा था, जो कॉलेज में सीट खरीदना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया है कि पूरे मामले की पहले से ही साजिश रची गई थी। तीनों की कई दिनों से पीड़िता पर नजर थी। हमें पता चला है कि कॉलेज में दाखिले के पहले दिन से मुख्य आरोपी पीड़िता पर नजर रख रहा था। अधिकारी ने कहा कि रविवार को आरोपी मुखर्जी और जैद के घरों की तलाशी ली गई। हम इससे और संभवतः अन्य मामलों से संबंधित फुटेज की तलाश कर रहे हैं।

अधिकारी ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या उन वीडियो क्लिप को आगे फॉरवर्ड किया गया या किसी अन्य समूह के साथ साझा किया गया। इस मामले में हमें उन लोगों से भी संपर्क करना होगा जिन्हें ये वीडियो क्लिप मिले हैं। एक जांच अधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज से छात्रा की सामूहिक दुष्कर्म के आरोपों की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि सात घंटे से अधिक समय की फुटेज में महाविद्यालय परिसर के आसपास की गतिविधियां दर्ज हुई हैं, जिसमें पीड़िता को गार्ड के कमरे में जबरदस्ती ले जाने की घटना भी शामिल है।

## अमरनाथ यात्रा 2025 की तैयारियां : उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की समीक्षा

जम्मू। श्रीनगर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 2025 की अमरनाथ यात्रा की अंतिम तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य प्रशासन, पुलिस और अमरनाथ श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में उपराज्यपाल सिन्हा ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि यातायात एडवाइजरी का व्यापक प्रचार करे, ताकि स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इतना ही नहीं उनके द्वारा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि सभी तीर्थयात्रियों की आवाजाही निर्धारित काफिलों के अनुसार हो और यातायात योजना का सख्ती से पालन किया जाए। इसके लिए जिला प्रशासन, एसएसपी, यातायात पुलिस और अन्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लॉजमेंट सेंटर और स्वच्छता इकाइयों की स्थिति अच्छी रखी जाए। अधिकारियों से यह भी कहा गया कि हर स्तर पर तैयारियां दुरुस्त होनी चाहिए ताकि यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में मुख्य सचिव अतुल डुल्लू, जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शलीन काबरा, पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, एसएसपी, ट्रैफिक अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# अब किसान तय कर रहे हैं दाम और दिशा : बिहार में कृषि का नया चेहरा

**पटना (एजेंसी)।** एक धूल भरे गोदाम के किनारे, मक्के की बोरियों से घिरे रामचंद्र सिंह अब जल्दबाजी में नहीं हैं। पहले, वह कटाई के तुरंत बाद बाजार भागते थे। अब वे मोबाइल ऐप पर दाम देखते हैं, रुझान समझते हैं और सही समय का इंतजार करते हैं। वे कहते हैं, पहले हम घबराकर बेचते थे, अब हम योजना बनाकर बेचते हैं। बिहार भर में यह सोच मजबूती पकड़ रही है। किसान अब तकनीक को व्यावहारिक फायदे के लिए अपना रहे हैं। वे खुद तय कर रहे हैं कि कब बेचें, कहाँ रखें, कैसे पूँजी जुटाएँ और बाजार से क्या उम्मीद करें। इस बदलाव के पीछे है भारत का सबसे बड़ा अनाज वाणिज्य मंच आर्या.एजी , जिसने 2013 में पूर्णिया के पाँच गोदामों से बिहार में अपनी यात्रा शुरू की थी। आज कंपनी राज्य में 79 स्थानों पर 379 गोदामों का संचालन करती है, और हर साल 18 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा कृषि उत्पादों को संभालती है। 2024-25 सीजन में, आर्या.एजी ने बिहार में 9.42 लाख मीट्रिक टन मक्का संभाला, राज्य में संग्रहीत कुल मक्का का लगभग आधा। बिहार अब आर्या.एजी के लिए एक रणनीतिक बाजार है, जो उसकी कुल वेयरहाउसिंग आर्या.एजी का 30% और राष्ट्रीय परिसंपत्ति आधार का 12% देता है। यह सिर्फ पैमाना नहीं, बल्कि सोच में बदलाव है, किसान अब भंडारण कर रहे हैं, विश्लेषण कर रहे हैं और सौदे कर रहे हैं। मक्का इस बदलाव के केंद्र में है। बिहार भारत का दूसरा सबसे बड़ा मक्का उत्पादक है और रबी सीजन में अग्रणी है। पहले, इस अनाज का बड़ा हिस्सा असंगठित तरीके से बेचा जाता था, कीमतों की पारदर्शिता नहीं थी और नुकसान होता था। आर्या.एजी का मॉडल इन कमियों को दूर करता है, किसानों, एफपीओ, व्यापारियों और ऋणदाताओं को एक वैज्ञानिक और पारदर्शी भंडारण प्रणाली से जोड़ता है। समस्तीपुर की 'एग्रो समस्तीपुर प्रोड्यूसर कंपनी' ऐसा ही एक उदाहरण है, जो हजार से अधिक छोटे किसानों के साथ काम कर रही है। आर्या.एजी से यह एफपीओ सुरक्षित भंडारण करता है और बिना देरी के वित्तीय सहायता पाता है। रामचंद्र जो इस एफपीओ के अध्यक्ष भी हैं, बताते हैं, गोदाम हमारे लिए बैंक जैसा है। हम अनाज को गिरवी रखकर कर्ज.लेते हैं और बिक्री के बाद चुकाते हैं। यह हमें राहत देता है। बदलाव केवल आर्थिक नहीं है, सामाजिक भी है। अब महिलाएँ भी एफपीओ से जुड़ रही हैं, दाम तय करने की प्रक्रिया में भाग ले रही हैं और गोदाम प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। गया में, मीना देवी अपने एफपीओ के वेयरहाउस का प्रबंधन करती हैं। वे कहती हैं, यह काम हमें पहचान और नियंत्रण देता है। पहले हम सिर्फ खेत में काम करते थे।

## डीके के अरमानों पर फिरा पानी, सुरजेवाला बोले-सीएम सिद्धारमैया की जगह कोई नहीं लेगा

### -कर्नाटक में नहीं होगा नेतृत्व परिवर्तन



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में बीते कई दिनों से उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक मांग कर रहे थे कि अब राज्य नेतृत्व परिवर्तन हो जाना चाहिए। सीएम सिद्धारमैया की जगह पर उन्हें मुख्यमंत्री बनने की मांग थी, लेकिन मंगलवार को जो कुछ हुआ उससे डीके और उनके समर्थक विधायकों के अरमानों पर पानी फिर गया। दरअसल कांग्रेस हाईकमान की ओर से भेजे गए कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने डीके को अपनी बगल में बिठाकर दावा खारिज कर दिया है। उन्होंने प्रेस से चर्चा के दौरान कहा कि यदि आपका सवाल है कि क्या कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन होने वाला है, तब मेरा सीधा जवाब ना में है। प्रभारी सुरजेवाला ने कहा, आप मुझसे पूछ रहे हैं कि क्या कर्नाटक में नेतृत्व बदल रहा है। इस पर मेरा एक ही जवाब है कि नहीं कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है। आने वाले पांच सालों तक सिद्धारमैया ही मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहने वाले है।

सुरजेवाला ने कहा, कई विधायकों की ओर से लीडरशिप चेंज की मांग उठी है। इस पर सुरजेवाला ने कहा कि मैं अपने विधायकों को सलाह देता हूं कि यदि उन्हें कोई परेशानी है, तब फिर मसले को मीडिया में उठाने की बजाय पार्टी फोरम पर बात करें। यदि राज्य के संगठन में कोई दिक्कत है, तब फिर प्रदेश अध्यक्ष से बात कर सकते हैं। सरकार में कोई समस्या हो, फिर मुख्यमंत्री से बात करनी चाहिए। इस दौरान डीके उनके बगल में एकदम शांत बैठे दिखे। उनके चेहरे पर उदासी का भाव दिख रहा था, जिसे वे संभालने की कोशिश कर रहे थे।

सुरजेवाला ने कर्नाटक में चल रहे सियासी नाटक पर विराम लगाने की कोशिश की है। लेकिन अब देखना यह हैं कि प्रेसवार्ता में शांत दिख रहे डीके या फिर उनके समर्थक विधायक आने वाले दिनों में किसी तरह से इस फैसले को लेते है।

# 52 उपग्रहों के प्रक्षेपण की प्रक्रिया को तेज़ करेगा भारत, सशस्त्र बलों के लिए जरुरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के इलाके की 'गहरी' और 'लगातार' निगरानी के कारण भारत का ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा था। इस सैन्य टकराव के दौरान देश को बहुत कुछ सीखने को भी मिला। इसी सीख को ध्यान में रखकर दुश्मन के इलाके की सतत निगरानी की आवश्यकता को देखकर मोदी सरकार ने अपने सशस्त्र बलों के लिए 52 उपग्रहों के प्रक्षेपण की प्रक्रिया को तेज़ किया है।

बता दें कि भारत सरकार सशस्त्र बलों के लिए 52 समर्पित उपग्रहों की लांच प्रक्रिया को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। इस मिशन को रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी (डीएसए) के नेतृत्व में क्रियान्वित किया जा रहा है और यह रक्षा मंत्रालय की इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) के तहत संचालित हो रहा है। बात दें कि स्पेस-बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) कार्यक्रम के तीसरे चरण को बीते वर्ष अक्टूबर में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने मंजूरी दी थी। इसकी लागत 26,968 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के तहत इसरो द्वारा 21 और तीन निजी कंपनियों द्वारा 31 उपग्रहों का निर्माण और प्रक्षेपण किया जाना है।

उल्लेखनीय हैं कि इन उपग्रहों में से पहला उपग्रह अगले वर्ष अप्रैल तक प्रक्षेपित किया जाना है और सभी 52 उपग्रहों को 2029 के अंत तक अंतरिक्ष में तैनात किया जाएगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (लीओ) और जियोस्टेशनरी ऑर्बिट में जल्दी से जल्दी भेजने के लिए समयसीमा को कम किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिन तीन निजी कंपनियों को अनुबंध दिए गए हैं, उन्हें उपग्रह निर्माण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि स्पेस-बेस्ड सर्विलांस के तीसरे चरण का उद्देश्य चीन और पाकिस्तान के बड़े हिस्सों के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र को भी कवर करना है, जिससे कम समय में निगरानी संभव हो सके और चित्रों की गुणवत्ता भी बेहतर हो।

इसके साथ ही, भारत सरकार अपने उपग्रहों की सुरक्षा ढाल भी तैयार कर रही है, क्योंकि चीन डायरेक्ट एसेन्ट एंटी-सैटेलाइट मिसाइलों, को-ऑर्बिटल सैटेलाइटों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण, और हाई-पावर्ड लेज़र जैसे डाइरेक्टेड एनर्जी वेपन्स को विकसित कर रहा है, जिससे वह अन्य देशों को अंतरिक्ष में प्रवेश करने से रोक सके। बता दें कि चीन का सैन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम 2010 में केवल 36 उपग्रहों से शुरू होकर 2024 तक 1,000 से अधिक उपग्रहों तक पहुँच चुका है, जिसमें से 360 उपग्रह आईएसआर मिशनों के लिए समर्पित हैं।

इस महीने की शुरुआत में एक कार्यक्रम में आईडीएस प्रमुख एयर मार्शल अशुतोष दीक्षित ने भारत की निगरानी क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देकर कहा था कि 'वास्तविक समय की स्थिति की जानकारी' संघर्षों में निर्णायक



भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा था, 'हमें संभावित खतरों का पता तब नहीं लगाना चाहिए जब वे हमारी सीमाओं पर पहुँचें, बल्कि जब वे दुश्मन के क्षेत्र में स्थित अपने स्टेजिंग क्षेत्रों, हवाई अड्डों पर हों, तभी से ट्रैकिंग शुरू हो जानी चाहिए।


नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातु, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी**, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**